आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 29 जून 2024
वर्ष 5, अंक 95, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में 15
कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़ 16

## अयोध्या में रामपथ के घटिया निर्माण पर तीन अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने अयोध्या में रामपथ के घटिया निर्माण के लिए शुक्रवार को अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-3 ध्रुव अग्रवाल, एई अनुज देशवाल और जेई प्रभात पांडेय को निलंबित कर दिया है। प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान ने बताया कि मुख्य अभियंता मध्य क्षेत्र को जांच दी गई है। 22 जून से 25 जून तक अयोध्या में तेज बारिश के कारण इस मार्ग की सतह उखड़ गई थी। हाल में ही बने मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से सरकार की किरकिरी हुई थी। अधिशासी अभियंता को निलंबन अवधि में मुख्य अभियंता अयोध्या क्षेत्र से संबद्ध किया गया है।

# नीट मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही स्थगित



नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई थी।

दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एसके नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि नीट पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री किरण रीजीजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सदस्यों को अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। सरकार हर बात का जवाब देगी। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे तो बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी।

### संसद में नीट पर हो व्यापक चर्चा प्रधानमंत्री भी लें भाग : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में नीट पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। राहुल ने सदन की कार्यवाही से पूर्व यहां संसद भवन परिसर में कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पड़ताल की जानी चाहिए, प्रधानमंत्री भी इस चर्चा में भाग लें।

### सरकार चर्चा को तैयार, किंतु मर्यादा में रहते हुए हो : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए। हंगामे के कारण सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद प्रधान ने अपील की कि छात्रों को भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

### नेहरू जवाहरात के लाल थे और मोदी गुदड़ी के लाल हैं : त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नेहरू की तुलना में मोदी अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं। त्रिवेदी ने यह बात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू जवाहरात के लाल थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं।

### कांग्रेस ने फिर लगाया आरोप सदन में बंद किए गए माइक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर 'माइक ऑफ' कर आवाज दबाने के आरोप लगाए हैं। लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नीट पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों सदनों की वीडियो क्लिप भी पोस्ट की है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला से सदन में नीट पर चर्चा करवाने की मांग की थी।

### कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम बेहोश हुईं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं। उन्हें पास ही स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के कई सांसदों ने अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद के मूर्छित होकर गिरने के बाद भी सदन की कार्यवाही जारी रखी गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट, यूजीसी-नेट और अन्य पेपर लीक घोटालों पर तत्काल चर्चा से सरकार के इनकार के कारण आज राज्यसभा में हुए शोर शराबे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं।

## एक नजर

### यौन शोषण मामले में येदियुरप्पा पर चार्जशीट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने 17 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल किया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दो फरवरी को नाबालिग से छेड़छाड़ की शिकायत की जांच सीआईडी ने की थी।

### विस्तारा के विमान में बम रखे होने की धमकी मिली

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम रखे होने की धमकी मिली, जिसके बाद विमान की तलाशी ली गई। सहार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को एक पर्ची मिली थी, जिसमें लिखा था विमान में बम है। विमान के अपराह्न करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे पर उतरते ही यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई किंतु कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

### विक्रम मिसरी होंगे भारत के अगले विदेश सचिव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपसुरक्षा सलाहकार और विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी विदेश मंत्रालय के अगले सचिव होंगे। वह निवर्तमान विदेश सचिव विनय क्वात्रा का स्थान लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के अनुसार नियुक्ति 15 जुलाई से प्रभावी होगी।

# भारी बारिश से दिल्ली पानी-पानी

## दिल्ली में 88 साल बाद जून में 228 मिमी बारिश, सड़कों पर बाढ़, कारें डूबीं

नई दिल्ली, एजेंसी

आईटीओ पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन



दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटे में हुई बारिश ने 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1936 के बाद पहली बार राजधानी में इतनी बारिश दर्ज की गई। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए, लोगों को पूरे दिन जाम से जूझना पड़ा। कई इलाकों में चार से पांच फीट पानी भरने से कारें डूब गईं। सड़कों पर नाव चलीं और ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

कई सांसदों के आवास में भी पानी भर गया। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक, 24 घंटे में 228 मिमी बारिश हुई। यहां 88 साल बाद जून महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इससे पहले जून 1936 में 24 घंटे में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

दिल्ली यातायात पुलिस ने प्रभावित मार्गों के संबंध में परामर्श जारी कर यात्रियों को इसके अनुसार ही यात्रा योजना बनाने की सलाह दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटनों पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली में जलभराव की स्थिति के लिए नालों में जमा प्लास्टिक कचरे को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने के लिए कहा, अगले दो महीने तक के लिए छुट्टियां रद करने की सिफारिश की।

हवाईअड्डे की गिरी छत



रोहिणी में धंसी सड़क



सराय काले खां में डूबी कार



### हवाई अड्डे की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने अधिकारियों से बात की और कहा कि व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मृतक के परिवार को 20 लाख और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### सरकार ने विधवा पुत्रवधु को हक देने का लिया निर्णय

# बेटा-बेटी की तरह बहू को भी मिलेगा अधिकार

- प्रमुख सचिव नगर विकास ने जारी किए शासनादेश, निकायों को भेज दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर विकास विभाग ने निकायों में विधवा पुत्र वधु को भी मृतक आश्रित मानने का आदेश जारी किया है। ऐसे में राज्य सरकार ने बेटे-बेटी की तरह अब बहू को भी समान हक दिलाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसी के तहत अब नगर विकास विभाग ने निकायों में कार्यरत अकेंद्रीयत सेवा के कार्मियों की विधवा पुत्रवधु को राज्य कर्मियों के समान आश्रितों के बराबर हक देने का निर्णय लिया।

सरकार के इस निर्णय से हजारों लोगों को लाभ पहुंचना संभव है। कई परिवार ऐसे हैं जहां कमाने वाले की मृत्यु के बाद उसके बेटे की भी दुर्घटना अथवा अन्य कारण से आकस्मिक मौत होने पर मुश्किलें बढ़ जाती हैं। ऐसे ही पीड़ित परिवारों की बहू को नौकरी दिलाने के लिए सरकार के पास काफी सिफारिशे आती रहती थीं। ऐसे में सरकार ने यह फैसला किया है।

इसके संबंध में नगर विकास विभाग ने उप्र सेवाकाल में पालिका (अकेंद्रीयत) सेवानिवृत्त लाभ नियमावली-1984 में कुटुंब की परिभाषा में बदलाव करते हुए मृतक कर्मी की आश्रित पुत्रवधू को भी शामिल कर दिया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए निकायों को निर्देश भेज दिया है। राज्य सरकार ने सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (12वां संशोधन) नियमावली-2021 जारी किया है। इसमें पुत्र व पुत्रियों की तरह विधवा पुत्रवधू को समान हक देने की बात है। निकाय स्वायत्तशासी संस्था की श्रेणी में आते हैं। इसलिए सरकार द्वारा जारी नीतियों का लाभ निकायों को तब तक नहीं मिल पाता है, जब तक इसे स्वीकार न किया जाए। शासनादेश में कहा गया है कि कार्मिक विभाग की इस नियमावली के आधार पर निकायों में लाभ देने के लिए स्वीकार कर लिया गया है।

# 4,603 यात्रियों का पहला जत्था घाटी पहुंचा

जम्मू, ,एजेंसी

अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी पहुंचा। श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग पर 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया।

शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी।

बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए।

## अमरनाथ यात्रा : उपराज्यपाल ने की मंगल कामना

### आधार शिविर से आज से शुरू होगी कठिन यात्रा

कुलगाम के उपायुक्त अतहर आमिर खान ने बताया कि बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों का उनके आगमन पर प्रशासन, नागरिक समाज के सदस्यों, व्यापार जगत, फल उत्पादकों और बाजार संघों द्वारा स्वागत किया गया। खान ने कहा सभी के लिए उचित व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों का काफिला बालटाल और पहलगाम स्थित आधार शिविरों के लिए अलग-अलग रवाना हुआ, जहां से वे शनिवार सुबह दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर तक की कठिन यात्रा करेंगे।

### 19 अगस्त तक मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक प्रतिबंध

अधिकारी ने कहा कि 28 जून से 19 अगस्त तक विभिन्न मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे तथा लोगों की असुविधा को कम करने के लिए नियमित परामर्श जारी किया जाएगा। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए तीन लाख पचास हजार से ज्यादा ने पंजीकरण कराया है।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से रिहा



- 31 जनवरी को किए गए थे गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी जिसके बाद सोरेन को जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने 50,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन (48) बिरसा मुंडा जेल में कैद थे। सोरेन के वकील अरुणाभ चौधरी के अनुसार अदालत ने कहा है कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और रिहाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है।

# आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

गोलीबारी कांड



गोलीकांड के आरोपियों के घर ध्वस्त करता बुलडोजर।

- लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी समेत तीन निलंबित
- एसएसपी ने आरोपियों पर घोषित किया 25 हजार का इनाम

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बुधवार की आधी रात घर में घुसकर महिला का अपहरण करने गए आरोपियों के घर शुक्रवार को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिए गए। एसएसपी ने आरोपियों पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है। डीआईजी के आदेश पर लापरवाही बरतने में एक थाना प्रभारी व एक चौकी इंचार्ज और बहजोई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जांच एजेंसियों के साथ पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

बुधवार आधी रात को छह युवकों ने थाना क्षेत्र के गांव शमदी शिवपुरी में एक व्यक्ति के घर में घुसकर उनकी बेटी का अपहरण करने की कोशिश की थी। परिवार के विरोध करने पर सभी आरोपियों ने फायरिंग की थी, जिसमें मां-बाप और बेटा घायल हो गए थे। घटना में शामिल छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शुक्रवार को एसएसपी सतपाल अंतिल ने लापरवाही बरतने पर मूंढापांडे के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पूर्व में घटना से जुड़े मामले में संभल जिले के बहजोई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र पंवार व पंवासा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार को भी निलंबित किया गया है।

# एयरटेल ने मोबाइल सेवा दरों में की 10-21% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी तीन जुलाई से लागू करेगी दरों में वृद्धि का फैसला

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को मोबाइल सेवाओं की दरों में 10-21 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। इससे एक दिन पहले उसकी प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो ने दरों में वृद्धि की घोषणा की थी। यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि ढाई साल में दूरसंचार उद्योग ने पहली बार दरों में बड़ी वृद्धि की है।

एयरटेल ने एक बयान में कहा कि विभिन्न योजनाओं की दरों में बढ़ोतरी 10-21 प्रतिशत के बीच है। मोबाइल सेवाओं की दरों में संशोधन तीन जुलाई से प्रभावी होगा। दैनिक डेटा ऐड-ऑन (एक जीबी) की दर में तीन रुपये की वृद्धि होगी और यह 19 रुपये से बढ़कर 22 रुपये हो जाएगा। वहीं 365 दिन की वैधता वाले प्लान में दो जीबी प्रतिदिन की पेशकश वाले प्लान में 600 रुपये तक की वृद्धि होगी और नई दरें 2,999 रुपये से बढ़कर 3,599 रुपये हो जाएंगी। असीमित 'वॉयस प्लान' श्रेणी में दर को 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये कर दिया गया है। कुल 28 दिन की वैधता वाले इस प्लान में 20 रुपये की वृद्धि की गई है। इस प्लान में दो जीबी का डेटा दिया जाता है।

## मोबाइल नंबर पोर्ट के लिए अब 7 दिन करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 'सिम स्वैप' यानी मोबाइल नंबर बदलने के बाद 'पोर्टिंग' के लिए पात्र होने में सात दिन की प्रतीक्षा अवधि होगी। यह कदम मोबाइल फोन नंबर के जरिए की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए उठाया गया है। ट्राई ने कहा कि नियामक की तरफ से 14 मार्च 2024 को जारी दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम एक जुलाई 2024 से लागू हो जाएगा। इससे पहले 'सिम स्वैप' करने पर 10 दिनों तक इंतजार करना होता था। लेकिन नियामक ने नवीनतम संशोधन में इस अवधि को घटाकर सात दिन कर दिया है।

# दो हजार करोड़ से प्रदेश में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



## मुख्यमंत्री योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

- पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में मददगार होगा बायो प्लास्टिक पार्क
- लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज
- बलरामपुर चीनी मिल फर्म कुंभी गांव में बनाएगा बायो प्लास्टिक पार्क

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। इसका उद्देश्य बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना है। इस क्रम में लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुंभी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। इसके लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है।

पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उप्र. एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं।

पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और रि-साइकिल के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीक पर अध्ययन किया जाएगा।

### क्या है बायो प्लास्टिक

बायो प्लास्टिक प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## शहर में आज



- कांठ रोड स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला सुबह 10 :30 बजे।
- सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा श्री विहारों का मन्दिर कंजरी सराय में शाम 4 :00 बजे।
- राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक माता अन्नपूर्णा मंदिर साहू मंडी चौक में दोपहर 3 .00 बजे।
- हाईस्कूल व इंटर के उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान विकास भवन सभागार में दोपहर 12 :00 बजे।



कांठ रोड पर गड्ढे में फंसी रोडवेज बस। ● अमृत विचार



दीनदयाल नगर में धंसी सड़क दिखाते अधिवक्ता प्रदीप कुमार सक्सेना।



कंपनी बाग में जल भराव के बीच गुजरते लोग। ● अमृत विचार

# दीनदयाल नगर साईं मंदिर रोड समेत कई जगहों पर बारिश से धंसीं सड़कें

## महानगर की सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की खुली पोल, आशियाना फेज एक में जल निगम द्वारा बनाई गई सड़क एक महीने में ही धंसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर की पॉश कॉलोनियों में पहली बारिश में सड़क धंसने से उनके निर्माण में गुणवत्ता की पोल खुल गई है। किसी सड़क का निर्माण जलनिगम, नगर निगम ने कराया है तो किसी को अन्य कार्यदायी संस्थाओं ने बनवाया है। आशियाना फेज एक में एक ब्यूटी पार्लर के पास वाली धंसी सड़क के निर्माण को एक महीने भी नहीं बीता कि बारिश ने उसकी सूरत बिगाड़ दी। शुक्रवार को बारिश में दीनदयाल नगर के साईं मंदिर रोड की सड़क धंस गई। तो कांठ रोड पर भी सड़क धंसने से वाहनों के गिरने का खतरा बना है।

गुरुवार व शुक्रवार को हुई बारिश में गोपाल चाट वाले के पीछे साईं मंदिर रोड दीनदयाल नगर में जहां तहां सड़कें टूट कर धंस गई हैं। सड़क टूट गई हैं बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। साईं मंदिर के सामने नई बनी सड़क बैठ गई है। जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति के नामित सदस्य व कॉलोनी निवासी अधिवक्ता प्रदीप सक्सेना का कहना है कि खराब गुणवत्ता के चलते सड़कें दो दिन की बारिश भी नहीं झेल पाईं। दीनदयाल नगर में कई जगह सड़क धंसने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अपने किसी अधिकारी-कर्मचारी को भेजकर इसका निरीक्षण कर सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।



दीनदयाल नगर में साईं मंदिर रोड पर धंसी सड़क। ● अमृत विचार



कांठ रोड पर धंसी सड़क के पास सुरक्षा के मद्देनजर लगाया गया बैरिकेड।



मंडी समिति की सड़क पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### कांठ रोड पर कई जगह धंसी सड़कें

महानगर के मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार रोड पर जगह-जगह सड़क धंस गई है। कांठ पर किले के पास और विद्यानगर कॉलोनी के थोड़ा आगे सड़क का एक हिस्सा धंसने से हादसे की आशंका बन गई है। इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने वहां बैरिकेड लगा दिया है। सीवरेज पाइप लाइन और बिजली के तारों के भूमिगतीकरण के चलते यहां खोदी गई सड़क पर पहले मिट्टी के ढेर थे। अब बारिश में जहां तहां सड़क धंस गई है।

### सीवर पाइप लाइन को खोदे गए गड्ढे में फंसी बस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ रोड पर सीवर पाइप लाइन डालने के कार्य के चलते छोड़े गए गड्ढे में शुक्रवार को पीतलनगरी डिपो की बस फंस गई। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। बाद में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह बस को गड्ढे से निकलवा कर यातायात सामान्य कराया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां सड़क में गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार समस्या के प्रति लापरवाह हैं। वहीं झांझनपुर निवासी सोनू ने बताया कि वह भी सुबह गड्ढे में पानी भरा होने के कारण दुर्घटना का शिकार हो चुका है।

### मंडी समिति परिसर में भरा बारिश का पानी, लाखों का व्यापार प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाइन पार स्थित 44 साल पुरानी नवीन फल सब्जी मंडी आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। गुरुवार की रात को हुई बारिश ने मंडी की सड़कों को तालाब बना दिया। सड़कों और दुकानों में पानी भरे होने से मंडी में होने वाला 50 लाख से अधिक का कारोबार चौपट रहा। शुक्रवार की सुबह मंडी आढ़ती, व्यापारी और किसान कारोबार के सिलसिले में मंडी समिति पहुंचे। जहां मंडी की सड़कें तालाब में तब्दील थीं। बाहर से आए कुछ किसान और व्यापारी अपने माल के साथ वापस लौट गए। जिससे मंडी आढ़तियों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। साथ ही मंडी को हजारों रुपयों के टैक्स की क्षति पहुंची। बाद में आढ़ती एकत्र होकर मंडी सचिव ज्योति सिंह के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी समस्या बताई। समाधान नहीं होने पर मामला डिप्टी डायरेक्टर निर्माण महेंद्र सिंह तक पहुचा। जिसके बाद मंडी सचिव ने पंपिंग सेट लगवाकर सड़कों और खाली जगह पर भरा पानी निकलवाया। वहीं इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर निर्माण मंडी समिति ने बताया कि पंपिंग सेट से बारिश से भरा पानी मंडी से निकलवा दिया गया है। जल्द ही पानी निकासी के लिए नालों व तालाबों का निर्माण कराया जाएगा।

## एक नजर



हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता में 9 कर्मियों ने किया प्रतिभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राजभाषा अधिकारी अंजू सिंह की देखरेख में हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रेलवे कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को भारतीय रेल-भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा और एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर निबंध लिखने को दिया गया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में रेल मंडल के नौ कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

### सीनियर डीओएम ने किया लॉबी का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को मुरादाबाद रेल मंडल की सीनियर डीओएम अंजू सिंह ने एमबी लॉबी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएलआई, क्रू, टीएम काउंसलर और टीएम के साथ बातचीत की। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों को स्वचालित सिग्नलिंग, एसपीएडी, शंटिंग के दौरान सावधानियां, लोड स्थिरीकरण उपायों के लिए परामर्श दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में हुई दुर्घटनाओं पर चर्चा की। शंटिंग के दौरान और नॉन सिग्नल/खराब सिग्नल मूवमेंट के दौरान सावधानियों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर 50 से अधिक क्रू और टीएम को परामर्श दिया गया।

# बारिश में खुली जलनिकासी व्यवस्था की पोल, कई कॉलोनियां हुईं जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सड़कों के तालाब बनने से लोगों को आई 2010 की बाढ़ की याद जब कॉलोनी में चली थी नाव
- नालियों की सफाई में कमी से बढ़ी लोगों की मुसीबत, भारी बारिश से हो सकती है दिक्कत

**अमृत विचार:** गुरुवार की देर रात और शुक्रवार की सुबह हुई बारिश में स्मार्ट सिटी की पॉश कॉलोनियां जलमग्न हो गई। इससे जहां नगर निगम की नाला सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। वहीं लोगों को 2010 में हुई बारिश और बाढ़ की याद आ गई, जब आशियाना कॉलोनी में नाव चली थी।

दो घंटे की बारिश में महानगर की पॉश कॉलोनी रामगंगा विहार, आशियाना फेज दो व एक जलमग्न हो गई। कॉलोनी में सड़कों पर पानी भरने से लोगों को उसके बीच से गुजरना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों को इससे अधिक दिक्कत झेलनी पड़ी। सुबह काफी देर तक जलनिकासी न हो पाने से लोगों ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था को कोसना शुरू कर दिया। कहा कि अभी तो बारिश का पहला दूसरा दिन है यह हाल है तो भारी बारिश में क्या स्थिति होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि 2010 में आशियाना कॉलोनी में नाव चली थी। इस बार भी यदि भारी बारिश कई दिन तक हो जाए तो नाव में बैठने की नौबत आ सकती है। मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि मुरादाबाद में 10-12 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# आज मध्यम से भारी बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में मानसून पहुंच गया है। शनिवार-रविवार को मध्यम से भारी वर्षा होने का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका जताई जा रही है।

गुरुवार की रात व शुक्रवार सुबह हुई बारिश से तापमान में कमी आई। बारिश के चलते सड़कें जलमग्न हो गईं। लोगों को जून में प्रचंड गर्मी से राहत मिली। बारिश में भीगकर बहुत से लोगों ने आनंद लिया। तो कई रेनकोट पहनकर व छाता लगाकर इससे बचने की जतन करते रहे। बारिश के चलते घरों की दीवारों में सीलन भी बढ़ गई। 10-12 मिलीमीटर बारिश हुई।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान लुढ़कने से लोगों ने काफी राहत ली। बारिश के चलते महानगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति भी आ गई है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से गंदगी से संक्रामक बीमारियों की आशंका भी बढ़ गई है। कई सड़कों पर नाले का कीचड़ पसर गया है।

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि मुरादाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में मानसून पहुंच गया है। दो दिन शनिवार व रविवार को मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं गरज तड़क के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है।



कांठ रोड पर बारिश में गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### करूला नाले का शीघ्र निर्माण पूरा कराएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शुक्रवार को हुई बारिश में जगह-जगह जलभराव व गंदगी की जानकारी मिलने पर महानगर के पीलीकोठी से स्टेशन रोड होते हुए हनुमान मूर्ति, पंडित नगला बाईपास, आरटीओ आफिस, गोशाला रोड, ढक्का की पुलिया, विकास नगर, लाइनपार, सूर्यनगर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निचले क्षेत्रों में जलभराव की समस्या पर जलनिकासी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही करूला नाला का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के प्रतिनिधियों को जल्द कार्य पूरा कराने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सुनील कुमार दोहरे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# एलटी लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार सुबह से हुई बिजली कटौती से महानगरवासियों को शाम तक राहत नहीं मिली। लाजपत नगर असालतपुरा, गुरहट्टी, गंज बाजार, नीम की प्याऊ, लाल मस्जिद मोहल्ले में कहीं रात को तो कहीं सुबह से ही फाल्ट होने शुरू हो गए। जिससे बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान रहे।

शुक्रवार को सुबह छह बजे हल्की बूंदाबांदी में लाजपत नगर और असालतपुरा मोहल्ले के ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ फाल्ट हो गया। जिससे वहां रहने वाले एक हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आठ बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारु न होने पर स्थानीय लोग गलशहीद विद्युत केंद्र पहुंचे और बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी दी। वहीं लंगड़े की पुलिया विद्युत केंद्र से जुड़े मोहल्ला सीधी सराय में खातून वाली मस्जिद के पास कब्रिस्तान में खड़ा 50 वर्ष पुराना पेड़ एलटी लाइन के तारों पर गिर गया। जिससे मोहल्ले के तीन विद्युत पोल भी गिर गए। तीनों पोल मकानों पर जा टिके। तेज धमाके के साथ पेड़ और पोल के गिरने से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासी सब्जी विक्रेता हनीफ ने विद्युत केंद्र पर तैनात लाइनमैन ओम सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी। इस दौरान 150 उपभोक्ताओं की रात आठ बजे तक लगातार 12 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। साथ ही बिजली ट्रिपिंग से हरथला, आशियाना, राम गंगा विहार, महिला थाना रोड, पीली कोठी, मोहल्ला खालसा के रहने वाले हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं अचानक गुरहट्टी विद्युत केंद्र के चार ट्रांसफार्मर में रात 12 बजे बारिश से फाल्ट हो गया। जिसके बाद मोहल्ला गंज, नीम की प्याऊ, लाल मस्जिद में विद्युत उपकरणों ने काम करना बंद कर दिया। सुबह 9 बजे तक ढाई हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से जूझना पड़ा।

अधिशासी अभियंता वितरण खंड तृतीय प्रेम प्रकाश सिंह ने बताया कि पेड़ गिरने से सीधी सराय मोहल्ले में तीन पोल गिरे हैं जिससे उन पोलो से जुड़े 150 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति 12 घंटे बाधित रही है। लाजपत नगर और असालतपुरा में बारिश से ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने से सुबह तक आपूर्ति बाधित रही।



मोहल्ला सीधी सराय में बारिश से गिरे बिजली के खंभे। ● अमृत विचार

**खुल गए स्कूल** — प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में एक जुलाई से चलेंगी विधिवत कक्षाएं

# विद्यालय पहुंचे बच्चों का टीका लगाकर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पहुंचने पर बच्चों का शिक्षिकों ने टीका लगाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई स्कूलों को सजाकर पहले दिन आने पर बच्चों का अभिनंदन किया गया। पहले दिन अपने सहपाठियों से बच्चे खुश हुए। वहीं शिक्षकों ने भी उनके साथ समय बिताकर अच्छा महसूस किया।

शुक्रवार को ग्रीष्मावकाश के बाद छात्र-छात्राएं स्कूल में पहुंचे। नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी बच्चों का स्वागत टीका लगाकर व पुष्पवर्षा कर किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रधानाध्यापकों ने बच्चों को टीका लगाकर व पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया। पहले दिन बच्चों के लिए समर कैंप में रोचक गतिविधियां कराई गईं। नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय कटार शहीद में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के निर्देशन में प्रधानाध्यापक राकेश कौशिक, कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम नगर में प्रधानाध्यापक रत्नेश बाला, प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर में मनीला शर्मा, कम्पोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क में प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा ने, कम्पोजिट विद्यालय मझोला में अलका सिक्का, जूनियर हाईस्कूल मऊ में प्रतिमा कुमारी और प्राथमिक विद्यालय मऊ में प्रधानाध्यापक उषा कुमारी ने बच्चों को टीका लगाकर उनका स्वागत स्कूल आने पर किया। खंड शिक्षाधिकारी नगर मनोज कुमार बोस ने बताया कि बेसिक शिक्षा के अधिकारियों के आदेश के क्रम में पहले दिन बच्चों का स्वागत अभिनंदन किया गया। 28- 29 जून को बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित कराना था। जिसके क्रम में शुक्रवार को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के साथ शिक्षकों ने की। बताया कि 1 जुलाई से तय समय के अनुसार कक्षाएं विधिवत रूप से संचालित की जाएंगी।



ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल आने पर बच्चों का तिलक करतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

# शिक्षक बीईओ को प्रतिदिन भेजेंगे प्रार्थना स्थल की फोटो

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृच विचार:** परिषदीय विद्यालयों में एक जुलाई से दोबारा पठन-पाठन शुरू होगा। इसे लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि प्रार्थना के समय प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक उपस्थित होंगे। प्रार्थना स्थल की एक-दो फोटो प्रतिदिन लेकर बीईओ को भेजेंगे।

यह भी कहा गया है शिक्षक स्कूल शुरू होने से 15 मिनट पहले पहुंचेंगे। वह मंडलीय, जिला रैली, कार्यक्रम आदि के कारण विद्यालय के समय में बदलाव या बंद नहीं करेंगे। शिक्षक विद्यालय अवधि में किसी अन्य गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। शैक्षिक पंचांग का शत- प्रतिशत अनुपालन होगा। अगर उसका पालन नहीं होता है तो अतिरिक्त क्लास से कोर्स पूरा किया जाए। पाठ्यक्रम का माहवार निर्धारण किया गया है। उसका अनुपालन किया जाए। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि देर से स्कूल आने वाले शिक्षक, बिना सूचना गायब रहने वाले शिक्षक, अटेंडेंस लगाकर गायब हो जाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय अवधि में किसी भी विभाग से संबंधित हाउस होल्ड सर्वे नहीं कराया जाएगा। विद्यालय के शिक्षकों का विवरण नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा। हर दिन कक्षा व विषयवार प्रोजेक्ट-होम वर्क दिया जाएगा। बच्चों को समाचार पत्र व पत्रिकाएं पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### टैक्स बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित मिड टाउन क्लब में शनिवार को वर्ष 2024-25 के जोनल टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव होना है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, दो जूनियर उपाध्यक्ष, दो कनिष्क, एक सचिव, एक महासचिव, दो उप सचिव, छह जूनियर कार्यकारिणी सदस्य व छह सीनियर कार्यकारिणी सदस्य के लिए शाम 7 बजे से वोटिंग होगी।



Resonance® Educating for better tomorrow

KOTA'S RESONANCE STUDY CENTER MORADABAD

Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE

JEE (Advanced) Top Rankers

NEET (UG) Top Rankers



KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022 | BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023 | DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022 | VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022 | RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022 | RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023

upto 100% Scholarship

Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111


### आज का मौसम

मध्यम बारिश व कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 :19 | सूर्यास्त 07 :17

### एक नजर

### डीजल गबन मामले की जांच करेगी छह सदस्यीय टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद रोडवेज डिपो की 46 बीएस 6 बसों से 20 लाख की कीमत का 21 हजार लीटर डीजल गबन के मामले की जांच की जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यों की टीम का गठन किया है। मामले में विभाग के अधिकारी सेवा प्रबंध के अलावा एकाउंटेंट व डीजल इंचार्ज भी जांच के घेरे में है। आरएम ममता सिंह ने जांच के लिए तीन जिलों के छह अधिकारियों की टीम गठित की है। टीम में मुरादाबाद के एआरएम फाइनेंस बसंत लाल मिश्रा, एआरएम बिजनौर दीपचंद, एकाउंटेंट अमरोहा डिपो नवीन गुप्ता, मुरादाबाद डिपो से एकाउंटेंट राजीव और गिरीश कुमार के अलावा बिजनौर डिपो से सीनियर फोरमैन रामप्यारे को जांच कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

# नई सड़कों के निर्माण में अमरोहा व सम्भल की स्थिति खराब

## मंडलायुक्त बोले- विलेज मानीटर रजिस्टर व संपत्ति रजिस्टर बनवाना सुनिश्चित करें मुख्य विकास अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों व विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को अपने कार्यालय सभागार में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने की। उन्होंने नई सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण में अमरोहा व सम्भल की स्थिति खराब होने पर सुधार के निर्देश दिए। साथ ही मंडल के सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों से कहा कि हर ग्राम पंचायत में संपत्ति रजिस्टर बनाया जाना सुनिश्चित कराएं। जिसमें ग्राम सभा की भूमि व सार्वजनिक उपयोग की भूमि का विवरण रखा जाए।

मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत सम्भल व मुरादाबाद को जल्द से जल्द लंबित मामलों को खत्म करने का निर्देश दिया। पशुओं के टीकाकरण में सम्भल, रामपुर व मुरादाबाद की स्थिति खराब मिलने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय के निर्माण में रामपुर एवं सम्भल के अधिकारियों को स्थिति में सुधार लाने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया।

ग्राम पंचायत में पंचायत मॉनिटरिंग रजिस्टर बनाने जिसमें पंचायत में बने प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के खुलने व बंद होने, सरकारी अधिकारियों की निरीक्षण टिप्पणी आदि की सूचना दर्ज करने के लिए कहा। नदियों या अन्य जलतंत्रों के किनारे मियावाकी पद्धति से सघन पौधरोपण कराने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। आईसीडीएस के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण में अमरोहा और सम्भल की स्थिति खराब मिलने पर सुधार करने के लिए कहा। कौशल विकास मिशन योजना, विद्यालयों का निरीक्षण, सुगम्य लाइब्रेरी, सामाजिक वनीकरण, कन्या सुमंगला योजना, हर घर जल योजना आदि की समीक्षा मंडलायुक्त ने की। अधिकारियों को जल्द से जल्द बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा राजेश कुमार त्यागी, जिलाधिकारी बिजनौर अंकित कुमार अग्रवाल, जिलाधिकारी सम्भल राजेन्द्र पेन्सिया, जिलाधिकारी रामपुर जोगिन्दर सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन बृजेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ मुरादाबाद सुमित यादव, सभी जिलों के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एडी हेल्थ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, संयुक्त निदेशक कृषि समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**हर दिन कूड़ा उठान सुनिश्चित हो :** मंडलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों व जिला पंचायत राज अधिकारियों को आरआरसी सेन्टरों को क्रियाशील कराने और प्रतिदिन डोर टू डोर कूड़ा का उठान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कहा कि यूजर चार्ज की व्यवस्था बनाई जाए। जिससे कूड़ा कलक्शन में सुधार हो सके।


अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह । • अमृत विचार

- **मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक**

### नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए करें कार्य

मंडलायुक्त ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत स्थिति खराब होने पर नाराजगी जताई। सभी जिलाधिकारियों से कहा कि नदियों के पुनर्जीवन के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। नदियों के बहाव की स्थिति और उनके स्रोत को देखें। नदियों के किनारे हुए कब्जा हटवाएं। नदियों के किनारे सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर पौधे लगवाए जाएं। पेड़ों के अवैध कटान को रोकने का निर्देश जिलाधिकारियों को दिया।

### कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर करें सख्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में कानून एवं विधि व्यवस्था, अपराध स्थिति तथा निरोधात्मक कार्यवाही, अभियोजन कार्यों की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती करें। बैठक में डीआईजी मुनिराज जी, मंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी, अपर आयुक्त प्रशासन बृजेश कुमार, एसएसपी मुरादाबाद सतपाल अंतिल, एसपी बिजनौर नीरज कुमार जादौन, एसपी रामपुर विद्या सागर मिश्रा, एसपी अमरोहा अनुपम सिंह, एसपी सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत उपस्थित रहे।

### बिना गाटा संख्या भूमि का न हो बैनामा

बैठक में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की चर्चा हुई। परिवहन विभाग की वाहन कर, माल तथा यात्रीकर में मुरादाबाद तथा अमरोहा की स्थिति खराब होने पर सुधार लाने के निर्देश दिए। अनाधिकृत संचालित वाहनों एवं ओवरलोड माल वाहनों, स्कूली वाहनों के विरुद्ध की गयी प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण भी दिया गया। मण्डलायुक्त ने पुराने वादों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने के लिए कहा।

## सीएमई में चिकित्सकों को दी कैंसर के इलाज की नवीन जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शुक्रवार को कांठ रोड स्थित एक होटल में चिकित्सकों की सीएमई आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि साइबर नाइफ एस-7 तकनीक से शरीर के किसी भी हिस्से में मौजूद कैंसर की कोशिकाओं को जड़ से नष्ट किया जा सकेगा।

मेरठ स्थित वैलेंटिस कैंसर हॉस्पिटल एवं साइबर नाइफ सेंटर द्वारा आयोजित हुई सीएमई में विशेषज्ञों ने देश में पहली बार साइबर नाइफ एस-7 लांच करने का दावा किया। साइबर नाइफ के विशेषज्ञ डॉ. दिनेश सिंह, रेडिएशन विभाग के डायरेक्टर एवं आंकोलॉजिस्ट डॉ. अमित जैन, डॉ. मीनू गुप्ता ने तकनीक से कैंसर के सफल इलाज की बारीकियां बताईं। विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर की छोटी गांठों को रोबोटिक रेडियो सर्जरी करके पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। कैंसर के इलाज की नवीन तकनीक से रोगियों को तेजी से फायदा होगा। सीएमई में डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. तरुण अग्रवाल, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. दिशांतर गोयल, डॉ. अमोल चंद्र, डॉ. गिरधर गोपाल गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थ मल्होत्रा, डॉ. अजय जैन समेत महानगर के अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

# पुलिस का खुफिया तंत्र फेल, दो दिन बाद भी आरोपियों का सुराग नहीं

### गोलीबारी कांड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में परिवार पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाले आरोपियों की तलाश में जांच एजेंसियों के साथ पुलिस की पांच टीमें जुटी हैं। घटना के दो दिन बाद भी पुलिस आरोपियों का कोई सुराग तक नहीं लगा सकी।

थाना क्षेत्र के शमदी शिवपुरी में बुधवार को हुई फायरिंग की घटना से शहर की कानून व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब सवाल उठ रहे हैं कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी पुलिसकर्मी कहां थे? खुफिया तंत्र को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? एक फोन कॉल पर चंद मिनटों में पहुंचने का दावा करने वाले पुलिस की क्विक रिस्पांस टीमें कहां थी? ताज्जुब तो ये है कि बेखौफ आरोपी 15 मिनट तक परिवार पर गोलियां बरसाते रहे और पुलिसकर्मी सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे। घटना में बाकी तंत्र कैसे बेखबर रहा? ऐसे में शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। शुक्रवार को चार्ज संभालते ही एसएसपी सतपाल अंतिल ने आरोपियों पर 25 हजार का इनाम घोषित करने के साथ पांच टीमें गठित की हैं।


पुलिस लाइन में पत्रकारों से वार्ता करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

### पुलिस ने पीड़ित का दर्द सुना होता तो नहीं होती घटना

गोलीबारी की घटना पुलिस की लापरवाही का नतीजा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी और उसके परिवार के लोग लगातार उन्हें धमकियां दे रहे थे। कई बार शिकायतों के बाद भी पुलिस ने कभी इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। महिला के पिता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन, न तो बहजोई थाने की पुलिस ने सुनी और न ही मूंढापांडे थाने की पुलिस ने गंभीरता दिखाई।

## कोतवाल व चौकी इंचार्ज पर गिरी गाज

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार:** महिला के अपहरण के मामले की जांच व कार्रवाई में लापरवाही पर पुलिस अधीक्षक ने बहजोई कोतवाल सतेंद्र पंवार व चौकी प्रभारी पंवासा दिनेश कुमार को निलंबित कर दिया है।

मूंढापांडे में मायके में रह रही एक महिला के अपहरण के प्रयास में नकाबपोश चार लोगों ने महिला, उसके माता-पिता व भाई को गोली मार दी थी। इस महिला का 7 मार्च को बहजोई कोतवाली के एक गांव से अपहरण किया गया था। तीन दिन बाद पति ने बहजोई कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि पुलिस ने महिला की बरामदगी को लेकर देरी की। महिला बरामद हुई तो आरोपी ने उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत ले ली थी। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जांच करने वाले पंवासा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार ने किसी भी कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ाया, न ही अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। बहजोई कोतवाल सतेंद्र पंवार ने भी जांच की निगरानी नहीं की। अब पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने दोनों को निलंबित कर दिया है।

> बहजोई कोतवाली के एक गांव से एक महिला को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में पंवासा चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार जांच कर रहे थे। उनकी लापरवाही सामने आई। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं बहजोई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक द्वारा जांच की निगरानी सही से न किए जाने पर उन्हें भी निलंबित किया गया है।
>
> **– अनुकृति शर्मा,** एएसपी, दक्षिणी

## मंडी इंस्पेक्टर पर लगाया टैक्स चोरी करने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** फल सब्जी मंडी समिति में तैनात फल इंस्पेक्टर पर सब्जी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पैसे लेकर अवैध तरीके से मंडी परिसर में कब्जा करने व मंडी शुल्क में चोरी करने के आरोप लगाएं हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से की है।

मंडी समिति के फल इंस्पेक्टर मुकेश पाल के विरोध में मंडी के आढ़ती लामबंद हो गए हैं। सब्जी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव हरिओम गुप्ता ने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में फल मंडी इंस्पेक्टर पर मंडी परिसर में पैसे लेकर अवैध तरीके से कब्जा कराने का आरोप लगाया है। वहीं मंडी इंस्पेक्टर मुकेश पाल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सुबह मंडी में पानी निकासी को लेकर कुछ आढ़तियों से कहासुनी हो गई थी।

## बच्चे की हत्या मामले में स्वीमिंग पूल मालिक को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को स्वीमिंग पूल के मालिक को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने गुरुवार को दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

थाना क्षेत्र के अक्का पांडे निवासी संजीत का बेटा आयुष (11) गांव के पास बने स्विमिंग पूल में नहाने के लिए बुधवार को करीब तीन बजे घर से निकला था। परिजनों का आरोप है कि नहाने के दौरान पैसों को लेकर स्विमिंग पूल मालिक वीरपाल पुत्र राजकुमार ने आयुष की हत्या करके गन्ने के खेत में शव फेंक दिया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस शुक्रवार को बेटे वीरपाल को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। वहीं पिता राजकुमार फरार है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को स्विमिंग पूल के पास से आयुष का शव गन्ने के खेत से बरामद किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### स्वीमिंग पूल मालिक ने पैसों को लेकर की बच्चे की हत्या

अक्का पांडे गांव के पास ही एक स्वीमिंग पूल बना है। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार को बच्चों के साथ आयुष भी चला गया। नहाने के बाद स्वीमिंग पूल मालिक ने आयुष से पैसे मांगे तो उसने पैसे न होने की बात कही। इस बात से नाराज स्वीमिंग पूल मालिक ने मारपीट की और उसका गला दबा दिया।

### सख्ती

एक व्यक्ति के नाम होगा केवल एक ई-रिक्शा का लाइसेंस, महानगर में रुकेगा अवैध संचालन

# बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाने वालों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल ने अपने कार्यालय में महानगर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, ई-रिक्शा के मनमाने संचालन को रोक लगाने को लेकर बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाने वालों पर कार्रवाई करें। रूट चार्ट का पालन जरूरी है।

नगर आयुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बुध बाजार में अतिक्रमण व अवैध निर्माण ध्वस्त कराकर स्मार्ट रोड बनाया गया है। लेकिन, कुछ लोग बुध बाजार की सड़क पर वाहन खड़े कर अतिक्रमण कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार से कहा कि ऐसे वाहनों का चालान, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई कराएं। कांठ रोड पर ठेला, रेहड़ी व पटरी वालों को मुख्य सड़क से हटाकर कॉलोनियों में अन्य स्थानों पर लगाने के लिए रंग विभाजन कर ठेलों का सौंदर्यीकरण कराने के लिए योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि एक व्यक्ति के नाम पर एक ही ई रिक्शा का पंजीकरण हो, जिससे अनधिकृत ई रिक्शा का संचालन रोकने में आसानी हो। एसपी यातायात व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि पंजीकृत वाणिज्यिक व्हीकल संचालकों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। यातायात निरीक्षकों की कार्यशाला आयोजित कर यातायात से संबंधित सभी नियमों को बताएं, उल्लंघन करने वालों को दंडित करने के लिए कहें।


महानगर में यातायात समस्या के समाधान के लिए बैठक करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, साथ में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, एसपी यातायात व अन्य

### अतिक्रमण ध्वस्त किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह की निगरानी में दोपहर में नगर निगम की टीम ने भूड़े के चौराहे से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। जेसीबी से अवैध निर्माण व अतिक्रमण ध्वस्त कराया गया। जल निकासी में अवरोध बने 50 मीटर तक नाले पर किए अतिक्रमण को भी ध्वस्त कराया गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त के अलावा सहायक अभियंता विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

- **अब अलग-अलग रंग में होंगे ठेला और रेहड़ी- पटरी की दुकानें**
- **नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों एसपी यातायात के साथ बैठक की**

# राजस्व व बाढ़ खंड की टीमों ने की जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण को हटाए जाने के आदेश के बाद उसके चिह्नांकन का काम तेज हो गया है। शुक्रवार को राजस्व और बाढ़ खंड की टीम ने मुकर्रबपुर से जिगर कॉलोनी तक रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण को चिह्नित किया।

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान रामगंगा नदी किनारे हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए मंडलायुक्त ने भी अधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को राजस्व विभाग व बाढ़ खंड की संयुक्त टीम ने चक्कर की मिलक मुकर्रबपुर से जिगर कॉलोनी तक डेढ़ किलोमीटर के दायरे में गाटा संख्या चिह्नित कर आगे की कार्ययोजना बनाई है। राजस्व व बाढ़ खंड की टीम ने मुकर्रबपुर व जिगर कॉलोनी में मौके का जायजा लिया, वहां की स्थिति को समझा।

निरीक्षण के दौरान मुकर्रबपुर व जिगर कालोनी के नट बाबा मंदिर के आसपास स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। निरीक्षण करने पहुंची टीम को देख स्थानीय लोगों के चेहरे पर खौफ दिखाई दिया। निरीक्षण के दौरान टीम सदस्य के रूप में सहायक अभियंता बाढ़ खंड नवीन कुमार सिंह, जूनियर इंजीनियर अरविंद कुमार, दिनेश कुमार आदि शामिल रहे।


जिगर कॉलोनी में नट बाबा मंदिर के पास जांच करतीं बाढ़ व राजस्व विभाग की टीमें।

- **मंडलायुक्त के निर्देश पर रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण किया जा रहा चिह्नित**

## एक नजर

### लड़कियों से मारपीट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के डींगरपुर में रंजिशन रास्ते से गुजर रही लड़कियों के साथ मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डींगरपुर निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि 26 जून को उसकी बेटी और भांजी बाजार से लौट रही थी। जैसे ही दोनों हिलाल व बिलाल पुत्र इबले के घर सामने पहुंची तभी बिलाल व हिलाल ने लड़कियों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी। लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों बिलाल, हिलाल, मारूफ, अल्तमश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली आपूर्ति बाधित

**मैनाठेर, अमृत विचार :** गुरुवार की सुबह आंधी के साथ हुई बारिश ने बिजली व्यवस्था ध्वस्त कर दी। जिससे कई जगह तार टूट गए व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं असदपुर गांव में ट्रांसफार्मर पोल का जोड़ा टूटकर गिर जाने से आपूर्ति पिछले



आशियाना कॉलोनी फेज एक स्थित पार्क में पौधरोपण करतीं पूर्व पार्षद पुष्पा चौहान व अन्य।

## पार्क में पूर्व पार्षद ने पौधरोपण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** वार्ड नंबर 18 की पूर्व पार्षद पुष्पा सिंह चौहान ने कॉलोनी के नागरिकों के साथ आशियाना कॉलोनी फेज एक के शिवशक्ति मंदिर वाले पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पौधे आक्सीजन उत्सर्जित कर हमें प्राण वायु देते हैं। पौधे लगाकर हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। इससे वायु प्रदूषण भी कम होगा और हम सुरक्षित भी रहेंगे। पार्क में 11 पौधे लगाए गए। जिसमें कुछ औषधीय पौधे भी शामिल हैं। पूर्व पार्षद ने बताया कि 1 जून से अब तक पार्क में 76 पौधे लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी किया जा रहा है। कॉलोनी स्थित पार्क को हरा भरा रखने में सभी का सहयोग चाहिए। पौधरोपण करने में भाजपा नेता भूदेव सिंह चौहान, गोकुल दास टाइल्स वालों ने सहयोग किया। मंदिर के पुजारी ने इसके लिए सभी का आभार जताया। बताया कि पूर्व पार्षद सहित अन्य लोगों के सहयोग से मंदिर की बेहतर देखभाल व पार्क का भी संरक्षण हो रहा है।

### जिला कृषि विकास, औद्योगिक व सांस्कृतिक प्रदर्शनी में रीता भटनागर के पंजाबी नृत्य ने प्रभावित किया

# जिगर मंच पर बच्चों ने गीत और नृत्य से मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में शुक्रवार को कलख कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने गीत व समूह नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अपर जिला जज किरण बाला ने दीप प्रज्जवलित कर की। इसके बाद प्रताप सिंह गर्ल्स कालेज की 11 छात्राओं व शिक्षिका प्रतिमा शर्मा ने राम स्तुति की। स्वागत गीत दो बच्चों व शिक्षिका रीता भटनागर ने पेश किया। शिक्षक नवीन ने तेरे नाम गीत सुनाया। माही नागपाल व शिक्षक नवीन ने छिल गए नैना गीत सुनाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद नवीन, मानवी व आरोही राणा ने देशभक्ति गीत पर समा बांध दिया। कशिश चौहान ने महाराणा प्रताप की वीरता पर कविता सुनाई। बच्चों ने कथक ग्रुप डांस व क्लासिकल डांस से धमाल मचाया। पंजाबी डांस रीता भटनागर ने प्रस्तुत किया। रॉकी बैंड ने ग्रुप गीत सुनाया। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका पूजा राणा ने प्यार की वह गली गीत सुनाकर सभी की सराहना की पाई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला कारागार के अधीक्षक पीपी सिंह, जेलर मृत्युंजय कुमार पांडे, सम्प्रेषण गृह के अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी व डिप्टी जेलर सर्वेश कुमारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।




जिगर मंच पर कथक नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### देख खंजर कहा कि मारा मुझे, कितना दुश्मन पर...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को जिला कृषि, विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में पंचायत भवन में मंडलीय मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के सभी जनपदों से आए शायरों ने अपने कलाम पेश किए। मंडलीय मुशायरे की शुरूआत प्रशासनिक अधिकारी गोपी कृष्ण द्वारा की गई। जिसके बाद शायर अनवर कैफी ने पढ़ा-तस्खीर ए कायनात को निकले थे घर से हम। निखत अमरोही ने पढ़ा-मुझे जो लिखना था वह दिल पे लिख लिया मैंने, कलम किताब स्याही दावत ले जाओ। शहजाद गुलरेज रामपुरी ने सुनाया- ऐसे भी शुक्र अदा करते हैं अल्लाह का हम, जब खुशी हद से ज्यादा हो तो रो देते हैं। नईन नजमी ने पढ़ा- सभी कुछ तो इसी कुरान में रखा हुआ है, बंद करके जिसे जुज़दान में रखा हुआ है। राज शादानी ने कलाम पढ़ा, तुम अपनी जुल्फें परेशान सवारिएं, हमने निजामी गर्दिश दौरा संभाल रखा है। रोशन निजामी ने पढ़ा- देख खंजर कहा कि मारा मुझे, कितना दुश्मन पर एतबार मुझे। खुशबू रामपुरी ने पढ़ा-कैसे ठहरोगे मेरी आंखों में, यह नदी तो बहाव वाली है। मेहनाज स्योहारवी ने पढ़ा- जब कभी वह मेरे कूचे से गुजर जाता है, नूर ही नूर फिज़ाओं में बिखर जाता है। फैसल मुमताज ने पढ़ा-सवेरे जंग का ऐलान होगा, चले जाएं जो जाना चाहते हैं। सैय्यद शैबान कादरी ने पढ़ा- हमें पढ़ाया गया है यही तो मकतब में, रवैया मनफी ना रखना किसी जबान के साथ। अजरा संभाली ने पढ़ा- रस्म-ए- उल्फत निभाने का वादा तो मैं भी दुल्हन की तरह संवर जांऊगी, जिंदगी क्या है बस एक एहसास है, तू भी मर जाएगा मैं भी मर जांऊगी। फाखिर अदीब ने पढ़ा- तेरी याद का आंखों से गम जारी है, सोच रहा हूं हंसना कितना भारी है। नकहत मुरादाबादी ने पढ़ा- उसने मेरी आहट पर जब बाहर आना छोड़ दिया, मैंने भी उसकी गलियों में आना जाना छोड़ दिया। डॉ. शाकिर हुसैन इस्लाही ने पढ़ा- तहजीब कुछ नहीं है गंगो जमन से आगे कोई वतन नहीं है मेरे वतन से आगे, बस एक ही दुआ है जब मौत मुझको आए चला रहे तिरंगा मेरे कफन से आगे। हकीम बुरहन संभली ने पढ़ा- सर बुलंदी मिलेगी अब मुझको, अपने कद को घटा दिया मैंने।

# गोंडा-बुढ़वल में इंटरलॉकिंग कार्य शुरू

### बदले मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें, कार्य के लिए रेलवे ने लिया है आठ दिन का ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल के रुड़की में नॉन इंटरलाकिंग के बाद पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-बुढ़वल रेलखंड में नॉन इंटरलाकिंग (एनआई) कार्य को मंजूरी मिली है। इस खंड के गोंडा-मैजापुर-कर्नलगंज में रेलवे की ओर से तीसरी लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे चार जुलाई तक ब्लॉक के चलते मुरादाबाद से गुजरने वाली कई ट्रेनों पर असर पड़ेगा। जनसेवा और जननायक समेत मुरादाबाद रूट की 32 ट्रेनों को रद किया गया है, जबकि 17 ट्रेनों का रूट बदलकर चलाया जाएगा। दो गाड़ियों का शेड्यूल बदला गया है। जबकि रुड़की में एनआई कार्य के चलते पहले से ही रेल यातायात प्रभावित चल रहा है। मुरादाबाद-सहारनपुर मेमू समेत तीन ट्रेनों को तीन जुलाई तक रद किया गया है। जबकि प्रमुख ट्रेनों को एक जुलाई से रद किया जाएगा।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रुड़की के अलावा गोंडा-बुढ़वल में तीसरी रेललाइन डाली जा रही है। इसके लिए आठ दिनों का ब्लॉक लिया गया है। अमृतसर से पूर्णिया कोर्ट चलने वाली जनसेवा, अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस ट्रेनें चार दिन रद रहेगी। अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस, सुशासन एक्सप्रेस एक दिन के लिए रद की गई है। नई दिल्ली-सीतामढ़ी स्पेशल ट्रेन दो दिन रद रहेगी। सीतापुर-गोंडा पैसेंजर गुरुवार से चार जुलाई और सीतापुर-शाहजहांपुर ट्रेन का भी सात दिनों के लिए संचालन रोका गया है, जबकि मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति, दरभंगा-जालंधर सिटी का संचालन बदले रूट किया जाएगा।

### निरस्त की गई ट्रेनें

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे द्वारा जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है, उनमें अमृतसर-गोरखपुर, सुशासन एक्सप्रेस, स्पेशल ट्रेनों में आनंद विहार-मुजफ्फरपुर, आनंद विहार-छपरा, सहरसा-सरहिंद, गोहाटी-जम्मू, आनंद विहार-गोरखपुर, आनंद विहार-रक्सौल, गोहाटी-श्रीमाता वैष्णोदेवी, देहरादून-गोरखपुर, क्लोन न्यूजलपाईगुड़ी से अमृतसर शामिल है।

### बदले रूट से चलेगी यह ट्रेनें

आनंद विहार-बनमंखी, जननायक, चंडीगढ़-डिब्रूगढ़, दरभंगा-जालंधर सिटी, मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति, गरीब रथ।

### रीशेड्यूल

कटिहार- जम्मू एक्सप्रेस-15653 को कटिहार से 165 मिनट व इसी ट्रेन को वापसी में जम्मू से सवा घंटे की देरी से चलाया जाएगा।

### दो समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे ने ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए दो और समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत ट्रेन संख्या-05581-05582 डिब्रूगढ़-सरहिंद-डिब्रूगढ़ समर स्पेशल का संचालन 29 जून और ट्रेन संख्या-05563-05564 पूर्णिया कोर्ट-सरहिंद-पूर्णिय कोट समर स्पेशल का संचालन 30 जून तक किया जाएगा। जिसमें सामान्य, स्लीपर व वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे।

● कार्य के चलते कई ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा असर

### दो ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सफर के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे प्रशासन ने दो ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या-9601-19602 उदयपुर सिटी-न्यू जलपाईगुड़ी-उदयपुर सिटी में उदयपुर सिटी स्टेशन से आगामी छह जुलाई से 27 जुलाई तक और न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से आठ जुलाई से 29 जुलाई तक एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच लगाया जाएगा। इसके अलावा ट्रेन संख्या-14717-14718 बीकानेर-हरिद्वार-बीकानेर में बीकानेर जंक्शन से एक जुलाई से 15 जुलाई और हरिद्वार स्टेशन से दो जुलाई से 16 जुलाई तक एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा एक स्लीपर कोच लगाया जाएगा।

### हवन व भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लाइनपार स्थित जम्मेश्वर धर्मशाला में चल रही जम्भाणी हरि कथा को शुक्रवार को हवन एवं भंडारे के साथ विश्राम दिया गया। अंतिम दिन गुरु स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने पौधरोपण एवं जीवों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पौधों से ही जीवन है और जीव हैं तभी दुनिया है। इसके लिए हवन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। अंत में भोग लगाकर भंडारा आरंभ किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में राज कुमार विश्नोई, अनिल विश्नोई, ओम प्रकाश विश्नोई, राकेश, अनुराग थापन, राहुल, दिव्यांक, पंकज आदि शामिल रहे। वहीं, शाहपुर तिगरी रोड स्थित राधिका फार्म हाउस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। कथा व्यास तुलसी दास महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यवस्था में रंजन यादव, डायमंड यादव, विवेक गंगवार, विजेंद्र जनरेटर, सुमित चौधरी, शोभित सैनी, सतेंद्र गुर्जर, राज कुमार यादव, पिंटू, मोनू आदि मौजूद रहे।

# भारत के फाइनल में पहुंचने पर उत्साह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार देर रात भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को झूमने का मौका दिया। टीम ने इंग्लैड को हराकर टी 20 विश्वकप के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम की जीत से महानगर के क्रिकेट प्रेमी उत्साहित हैं। अब वह टीम को फाइनल में जीतता देखना चाहते हैं। अब सबकी नजरें साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल पर रहेंगी। जिसके लिए तैयारी अभी से शुरू हो गई हैं। क्रिकेट प्रेमी मैच देखने के लिए खास योजना तैयार कर रहे हैं।

वेस्टइंडीज में चल रहे टी 20 विश्वकप के सेमीफाइनल में जैसे ही भारतीय टीम ने इंग्लैड को हराया। महानगर के क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्रिकेट प्रेमी मैच देखने के लिए गुरुवार शाम से ही उत्साहित थे। जैसे ही बारिश का साया मैच से हटा और टॉस हुआ तो क्रिकेट प्रेमी टीवी से चिपक कर बैठ गए। भारतीय टीम की जीत का जश्न भी मनाया। एक दूसरे को टीम की बधाई दी। व्हाट्सएप स्टेट पर भी भारतीय टीम छाई रही। अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल को लेकर क्रिकेट प्रेमी काफी उत्साहित हैं। कुछ अपने दोस्तों के साथ फाइनल देखने की योजना बना रहे हैं। तो कुछ परिवार के साथ इसका आनंद लेंगे।



नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में भारत की जीत पर खुशी मनाते खिलाड़ी।



भारतीय टीम की जीत से बहुत खुश हूं। हमने 2022 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला इग्लैंड से लिया है। अब ट्राफी बस एक कदम दूर है।

**-शिवम कुमार**, क्रिकेट खिलाड़ी



भारतीय टीम ने लंबे समय से कोई आईसीसी इवेंट नहीं जीता है। जिसकी कसक बनी हुई है। टीम के पास चैम्पियन बनने का यह सुनहरा मौका है।

**-यश शुक्ला**, क्रिकेट कोच



रोहित के साथ भारतीय स्पिनर इस इवेंट में कमाल कर रहे हैं। उम्मीद नहीं पूरा यकीन है कि कुलदीप यादव हमारे लिए फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी भारत आएगी।

**-कुनाल चौधरी**, एथलीट



फाइनल में टीम का मुकाबला साउथ अफ्रीका से है। मैंने अपने परिवार के साथ फाइनल मैच देखने की योजना बनाई है। फाइनल को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

**-नीलम सैनी**, महिला क्रिकेटर




विदाई समारोह में मौजूद निवर्तमान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

## निवर्तमान डीएम मानवेंद्र सिंह को दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में निवर्तमान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्या भारती की ओर से उनके कार्यों की प्रशंसा की गई और उनके गो संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों की सराहना की गई।

विद्यालय के निदेशक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की मानवेंद्र सिंह ने अपने कार्यकाल में किसी को निराश नहीं किया। सभी की सुनी तथा उनका कार्य किया। सभी ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मानवेंद्र सिंह की धर्मपत्नी मंजू सिंह, विनय कुमार लोहिया, शिवकुमार सिंह, डॉ. सुरेश चंद्र गुप्ता, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार चौहान, गोविंदराम गुप्ता, अरविंद गुप्ता, वीरेंद्र यादव, ब्रजेश सिंह, हरिगोपाल शर्मा, विद्यालय के प्रबंधक विनोद बाबू सक्सेना, प्रधानाचार्य कपिल देव, कालीचरन, हरिप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# भगवान सदैव करते हैं भक्तों की रक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विहारों के मंदिर कंजरी सराय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को कथा व्यास आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान सदैव भक्तों की रक्षा करते हैं। जब इन्द्र देव को अभिमान हुआ तो उन्होंने ब्रज प्रदेश पर घनघोर वर्षा की। तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को बाएं हाथ की कनिष्ठा अंगुली के नख पर धारण कर, गोप-गोपियों की रक्षा की।

उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण सात दिन तक निरंतर खड़े रहे, यशोदा मां प्रतिदिन आठ बार कान्हा को कलेवा भोजन जलपान कराती थीं। लला ने सात दिन से कुछ भी नहीं खाया है इसीलिए मैं सात दिन और आठ भोग यानी छप्पन भोग खिलाऊंगी। तभी से भगवान श्रीहरि को छप्पन भोग की परंपरा आरंभ हो गई। कथा व्यास ने कहा कि व्यक्ति के आचरण से उसके कुल का पता चल जाता है, शरीर देखकर भोजन का पता चलता है और मनुष्य की वाणी से उसकी योग्यता ज्ञान होता है और उसी प्रकार आंखों से प्रेम का आभास होता है। कथा में राजीव पाल, आश्रय दर्शन दास, राधा अग्रवाल, मोहित वर्मा, शोभा बंसल, प्रीति बंसल, रानी वर्मा, रामौतार पाल, कुमकुम वर्मा, सोनाली वर्मा, सुनीता गुप्ता, मनी ठाकुर, लता यादव, लाखन सिंह, विपिन आदि मौजूद रहे।



विहारों का मंदिर में चल रही भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### फर्जी हस्ताक्षर से दी स्कूल की सदस्यता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र में एक युवक ने भारतीय बाल विद्या मंदिर स्कूल में गलत तरीके से सदस्यता ग्रहण कर कमेटी के साथ धोखाधड़ी की है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी संजीव शर्मा का आरोप है कि असमौली गुमसानी निवासी संजय सिंह ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर व फर्जी हस्ताक्षर कर मोहल्ला कानून गोयान स्थित भारतीय बाल विद्या मंदिर स्कूल में गलत तरीके से सदस्यता ग्रहण कर कमेटी के साथ धोखाधड़ी की है। आरोप है कि संजय ने फर्जी हस्ताक्षर से कई लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की है। संजीव ने जिसकी शिकायत कोर्ट में की थी। कोर्ट के आदेश के बाद नागफनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# यार्ड में पानी भरने से अस्त व्यस्त हुआ ट्रेनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● वंदे भारत, लिंक व आला हजरत समेत कई ट्रेनें प्रभावित

**अमृत विचार:** शुक्रवार को हुई बारिश से रेल संचालन भी अस्तव्यस्त हो गया। बारिश का पानी मुरादाबाद यार्ड में भरने से अप और डाउन साइड की ट्रेनों को रोकना पड़ा। बारिश का पानी मुरादाबाद यार्ड में कपूर कंपनी के पास भरने से प्वाइंट गड़बड़ा गए। जिसके चलते लखनऊ से देहरादून जा रही वंदे भारत, आला हजरत, लिंक समेत 22 ट्रेनें प्रभावित हुई।

मुरादाबाद यार्ड में रेल लाइनों में पानी भरने की घटना सुबह साढ़े सात बजे की है। प्लेटफार्म पांच व तीन की लाइनों पर शुक्रवार को हुई बारिश का पानी भर गया। लाइनों पर पानी भरा तो उनके प्वाइंट गड़बड़ा गए। जिसके चलते सिग्नल व्यवस्था ध्वस्त हो गई। जिससे दोनों ओर की कई गाड़ियों को रोकना पड़ा। रात की बारिश के बाद सुबह भी जमकर पानी बरसा। जिससे यार्ड में पानी भरने से रेल संचालन बाधित हो गया। सिग्नल व्यवस्था बाधित होने से देहरादून जा रही वंदे भारत, आला हजरत, काठगोदाम नैनी शताब्दी, लिंक, डबल डेकर, आनंद विहार, प्रयागराज-योगनगरी, पुरबिया एक्सप्रेस, दानापुर जनसाधारण, जन साधारण के अलावा डाउन साइड से शहीद, नई दिल्ली-काठगोदाम शताब्दी, राज्यरानी, पूर्णागिरी व पैसेंजर ट्रेनों के अलावा माल गाड़ियों के संचालन पर भी असर पड़ा है। कई ट्रेनें एक घंटे तक लेट रहीं। बाद में पानी कम होने पर रेल संचालन बहाल हुआ।

**असर** इजराइल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले ही प्रभावित है निर्यात

# अमेरिका में बढ़ी महंगाई, निर्यातकों में मायूसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अमेरिका में महंगाई बढ़ने से महानगर के निर्यातकों में मायूसी छाई हुई है। महंगाई के कारण विदेशी ग्राहक कोई हस्तशिल्प का सामान नहीं खरीद रहे। वहीं इजराइल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण निर्यातकों की कमर पहले ही टूटी हुई है।

महानगर के निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका में आई अत्यधिक महंगाई के कारण ग्राहक किसी भी तरह के हैंडीक्राफ्ट आइटम और अन्य धातु से बने उत्पादों को खरीदने में कोई भी रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं युद्ध के कारण कंटेनरों के रेट भी बढ़ गए हैं। निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका 80 प्रतिशत माल आयात करता है।

लेकिन, महंगाई के कारण अमेरिकी ग्राहकों ने आर्डर रोक दिए हैं। वहीं फोकस स्कीम के बदले सरकार ने रोडटेप स्कीम को शुरू किया, जिससे मिलने वाले न के बराबर है। निर्यातकों का कहना है कि चीन के बाजार को पीछे छोड़ने के लिए सरकार को निर्यातकों के साथ खड़ा होना होगा।



महंगाई के साथ अब अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व कंटेनरों के बढ़ते दाम इस बात के सबूत हैं कि निर्यातक आर्थिक मंदी में बुरी तरह घिर चुके हैं। मंदी के कारण कारीगर, दस्तकार आर्टिजन और फैक्टरियों में काम करने वाले लाखों मजदूरों पर बेरोजगारी का खतरा मंडराएगा।

**-नवेद खान**, निर्यातक



अमेरिका की महंगाई के कारण कंटेनरों के रेट काफी बढ़ गए है। रेट बढ़ने से विदेशी ग्राहकों ने आर्डर होल्ड कर दिए हैं। जंग से भी महानगर के ज्यादातर निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ है। दूसरी बात माल काफी देरी से पहुंच रहा है। जिससे काफी नुकसान हो रहा है।

**-नवेदउर्रहमान**, अध्यक्ष, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन

● हैंडीक्राफ्ट और अन्य धातु से उत्पाद खरीदने में नहीं ले रहे रुचि



निर्यातकों का 80 प्रतिशत काम अमेरिका से होता है। लेकिन, इस समय वह काम नहीं है। कंटेनरों के दाम तीन गुना तक बढ़ गए हैं। पिछले तीन महीने में रॉ मेटेरियल की कीमत 15 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। जिसके कारण निर्यातकों पर सभी तरफ से मार पड़ रही है। उसके बाद भी सरकारी मदद शून्य है।

**-अवधेश अग्रवाल**, महासचिव, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन

### नाला निर्माण में देरी से लोगों में आक्रोश

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत अगवानपुर में एक महीने से नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा कई जा रही देरी से नगरवासियों में रोष व्याप्त है। नगर में नाले के निर्माण में हो रही देरी से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ठेकेदार ने नाले से निकलने वाली मिट्टी भी सड़क पर डलवा दी, जिससे लोगों का आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी नगर पंचायत अध्यक्ष ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। लोगों का कहना है कि जेसीबी चलाते समय लापरवाही बरतने से उनके मकानों में दरारें आ गईं हैं। जिससे मकान गिरने का अंदेशा है। वही इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष गुलरेज ख़ान ने बताया कि उन्होंने ठेकेदार को नाला निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा है।

### युवती को भगा ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवक पर युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी पुत्री 26 जून को कुंदरकी थाना क्षेत्र के कॉलेज में गई थी। आरोप है कि उस दौरान आरोपी इमरान युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इमरान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

**प्रथमा यू0 पी0 ग्रामीण बैंक**
मुख्य कार्यालय- रामगंगा विहार, फेज-२
मुरादाबाद-२४४००१ (उ0प्र0)
REGIONAL OFFICE- MORADABAD

**Prathama U.P. Gramin Bank**
Head Office Ram Ganga Vihar-Phase-2
Moradabad-244001(U.P)
Email-rombd@prathamaupbank.com, Mob.No. 7217038471

**पट्टे पर परिसर की आवश्यकता** दिनांक 28.06.2024

प्रथमा यू पी ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद को अपने क्षेत्र में शाखा बंगला गाँव हेतु निम्नवत पट्टे पर परिसर की आवश्यकता है, भवन स्वामी को कैश रूम तथा अन्य निर्माण बैंक की आवश्यकतानुसार करना होगा। प्रस्तावित भवन / परिसर तक पहुँचने के लिये मार्ग इतना चौड़ा होना चाहिए जिस पर चार पहिया वाहन सुगमतापूर्वक चल सकें और परिसर के सामने पर्याप्त पार्किंग स्थान होना चाहिए। तकनीकी एवं वित्तीय विड का निर्धारित प्रारूप किसी भी कार्यदिवस पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे के बीच बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय रामगंगा विहार मुरादाबाद तथा बैंक की बेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति वाँछित किराए सहित तकनीकी एवं वित्तीय विड बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 05.07.2024 तक क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध कराएं। बैंक सभी अथवा कोई बिड बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। शाखा का विवरण निम्नवत है।

| क्रम सं. | विवरण शाखा | ब्लाक | जिला | अपेक्षित अनुमानित क्षेत्र कारपेट एरिया (वर्ग फुट में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बंगला गाँव | मुरादाबाद | मुरादाबाद | 1000-1200 वर्ग फुट भूतल पर |

वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक

## एक नजर

### जेनरेटर ले जाने के आरोपी के खिलाफ दी तहरीर

**डिलारी, अमृत विचार** : गांव जटपुरा निवासी राजू जेनरेटर किराये पर देकर अपने परिवार की गुजर बसर कर रहा था। 17 जून को चार बजे रजत गुप्ता उसके पास आया और कहने लगा कि वह गांव सरकड़ा बिश्नोई का रहने वाला है। उसे किराये पर जेनरेटर चाहिए। तीन दिन जेनरेटर चलाने का बहाना कर किराये पर जेनरेटर ले गया। वह मोबाइल नंबर भी दे गया। तीन दिन के बाद जेनरेटर वापस नहीं करने पर राजू ने रजत गुप्ता को फोन लगाया, लेकिन स्विच ऑफ हो गया। वह रजत गुप्ता की खोज में लग गया। किसी तरह फोन पर संपर्क होने पर रजत गुप्ता के घर अगवानपुर पहुंच, वहां पर उसका भाई मिला और उसने पूरी जानकारी दी। कहा कि उससे परिवार का लेना देना नहीं है। वह लोगों को गुमराह कर सामान बेच लेता है। जनरेटर स्वामी राजू ने रजत गुप्ता के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### भूमि स्वामी को पीटने में तीन पर एफआईआर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : पैतृक भूमि पर गोशाला निर्माण का विरोध कर भूमि स्वामी के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गांव लौंगीकला निवासी दलीप सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया था कि वह राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त है। अपनी पैतृक भूमि पर गशाला का निर्माण करवा रहा है। वह दो जून की सुबह अपनी भूमि पर सफाई करवा रहा था। गांव के जयपाल सिंह, राजकुमार, हेमंत कुमार ने पहुंचकर मारपीट की। तमंचे से फायर कर जान से मारने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने उसे बचाया। कोतवाल राजीव चौधरी ने बताया कि तीनों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरी, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : बाजार से सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरी कर ली गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंडेसरा निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें उसने बताया कि वह बाइक से आलियाबाद के बाजार गया था। यूसुफ ठेकेदार की जगह पर बाइक खड़ी करके सब्जी खरीदने चला गया। वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी।

कंपोजिट कन्या विद्यालय में एसडीएम बोलीं- शत प्रतिशत रहे बच्चों की उपस्थिति, शिक्षा पर दिया जोर

# स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार**: गर्मियों की छुट्टी के बाद परिषदीय विद्यालय शुक्रवार से खुल गए। पहले दिन स्कूलों में पहुंचे बच्चों को टीका लगाकर स्वागत किया गया। एसडीएम ने बच्चों का पुष्प देकर हार्दिक स्वागत किया और उनका उत्साह वर्धन किया।

शुक्रवार को नगर के कंपोजिट कन्या विद्यालय में एसडीएम मणि अरोड़ा ने ग्रीष्मकालीन की छुट्टियां समाप्त होने के बाद विद्यालय खुलने पर आए बच्चों का पुष्प देकर और तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय स्टाफ को भी निर्देशित किया कि क्षेत्र के बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ शिक्षा ग्रहण कराएं, ताकि क्षेत्र में कोई भी बच्चा शिक्षा ग्रहण करने से न छूटे। स्वागत के बाद बच्चों को खीर वितरण किया गया।

इस दौरान एबीएसए अजहरे आलम, फरहत अली खान, प्रधानाचार्य अतरेश कुमारी, आयशा जमाल, मीनाक्षी सहगल, दीपिका सक्सेना, रीता सिंह, मुंन्शीर कादिर, निकहत जहां, रितु रानी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, मणि मेखला आदि मौजूद रहे।



तिलक लगाकर छात्रा का स्वागत करतीं एसडीएम मणि अरोड़ा, साथ में एबीएसए।



कांठ में बच्चों के स्वागत की तैयारी करते शिक्षक। • अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को समझाया शिक्षा का महत्व

**कांठ, अमृत विचार** : कंपोजिट स्कूल परिसर में शुक्रवार को नए प्रवेश कराने वाले छात्र व छात्राओं का स्वागत समारोह और समर कैंप का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह रावत, प्रवक्ता शीतल कुमार ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र और छात्राओं को शिक्षा की गुणवत्ता समझाई। विद्यालय में नए छात्र और छात्राओं का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक शाहिदा खातून, अरविन्द कुमार, निशा, हृदेश कुमारी आदि रहीं।

# समस्याओं को लेकर भड़के भाजपा कार्यकर्ता

## तहसील मुख्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन, एसडीएम ने समझाया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। उन्होंने क्षेत्र में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर प्रशासन को चेतावनी दी। बाद में एसडीएम के समझाने पर वे शांत हो गए।

शुक्रवार सुबह 10 बजे भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए। भाजपा नेता ने कहा कि क्षेत्र में अधिकारियों व कर्मचारियों ने लूट मचा रखी है। सबसे ज्यादा खनन हो रहा है। उत्तराखंड की फैक्ट्री से निकलने वाली राख प्रतिबंधित है, लेकिन धंधेबाद प्रशासन से हमसाज होकर राख की टॉलियां दौड़ा रहे हैं। राख उड़कर लोगों की आंखों में भरती हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने इसे नहीं रोका। किसानों से खतौनी के नाम पर पैसा लिया जा रहा है। अधिकारी और कर्मचारी कार्यालयों में समय से नहीं बैठे हैं। इसके अलावा विरासत संबंधी फाइल पर रिपोर्ट लगाने को लेकर एसडीएम कार्यालय के स्टेनो और हिंदू संगठन के कार्यकर्ता के बीच विवाद हो गया था। इस प्रकरण को लेकर भाजपा कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम अजय कुमार मिश्रा से कहा कि ठाकुरद्वारा में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। शिकायतों के बावजूद शनि बाजार को नहीं हटाया गया है। नगर में अवैध रूप से कबाड़ और रद्दी के गोदाम चल रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से सभी बिंदुओं पर कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, पूर्व नगराध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता, उमेश गुप्ता, नागेंद्र लांबा, हेमेंद्र प्रताप सिंह , पवन पुष्पद, मुकेश चौधरी, कमलेश कुमार, प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।



एसडीएम के सामने नाराजगी व्यक्त करते भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह व अन्य। • अमृत विचार

> विरासत संबंधी फाइल की रिपोर्ट लगाने को लेकर स्टेनो और एक कार्यकर्ता के बीच कहासुनी हो गई थी। दोनों के बीच मामले को निपटा दिया गया है। इसे लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की थी। उनकी शिकायतों का जांच करवाकर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। **- अयज कुमार मिश्रा,** एसडीएम

### प्याऊ में लगीं टोटियां चोरी, पानी के लिए राहगीर व यात्री परेशान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : नगरपालिका प्रशासन ने नगर में जगह-जगह राहगीरों के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है। लेकिन चोरों ने प्याऊ में लगी टोटियों को चोरी कर लिया। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी हो रही है।

नगर में बस स्टॉप पर भीड़ रहती है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री रोजाना आते-जाते हैं। गर्मी के मौसम में यात्रियों को ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए नगर पालिका ने कुछ माह पहले विभिन्न स्थानों पर शीतल जल के प्याऊ लगवाए गए थे, लेकिन देखरेख के अभाव में इनमें से ज्यादातर खराब हो गए। पालिका ने न तो इसकी सफाई कराई और न ही इसकी मरम्मत कराई।

नगर के रोडवेज और निजी बस स्टैंड पर यात्रियों को गर्मी के मौसम में ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए नगर पालिका ने शीतल जल प्याऊ नगर चौराहे के पास में लगाया गया। यह कुछ समय तक तो ठीक चला, लेकिन बाद में यह नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो गया।



फूलपुर मिठनपुर में जांच करते पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

# फूलपुर मिठनपुर गांव में बीमार महिला की मौत, शिनाख्त नहीं

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव फूलपुर मिठनपुर में मानसिक रूप से कमजोर महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गांव फूलपुर मिठनपुर में 55 वर्षीय महिला चार-पांच दिन पहले गांव में आई थी। वह बीमार थी और कभी गांव के पंचायत घर तो कभी खाद्य स्टोर में सो जाती थी। यहां के ग्राम प्रधान अरविंद सिंह ने एक सरकारी अस्पताल में महिला का उपचार कराया। उपचार के दौरान भी महिला की तबीयत में सुधार नहीं हुआ। बीमारी से जूझ रही महिला को मंदिर के पास ग्रामीणों ने पड़ा देखा तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना अध्यक्ष लखपत सिंह के निर्देश पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल की जांच करते हुए पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया है। देर शाम तक मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### पिकअप की टक्कर से पांच वर्षीय बच्ची की मौत

**डिलारी, (मुरादाबाद) अमृत विचार** : गांव सलारपुर में पिकअप की टक्कर से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। गांव निवासी लल्ला की पांच वर्षीय पुत्री रिया ट्रैक्टर ट्रॉली से उतरकर सड़क पार कर रही थी। तभी सामने से पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। इससे बच्ची की घटनास्थल पर मौत हो गई। दुर्घटना शाम छह बजे की है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। बाद में परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही बच्ची के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि कोई शिकायत नहीं आई है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

**तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार**

**कुंदरकी, अमृत विचार** : पुलिस ने बड़ी मस्जिद के पास से शमी पुत्र शौकत निवासी मोहल्ला सादात पश्चिमी कस्बा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



धरनास्थल पर नारेबाजी करते सभासद। • अमृत विचार

# सभासदों ने धरना देकर की नारेबाजी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार** : मांगों और समस्याओं को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सभासदों ने तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने मांगें पूरी होने तक धरना जारी रखने का एलान किया है।

नगर पंचायत के 16 सभासद मांगों और समस्याओं के लेकर वार्डों में कार्य न होने को लेकर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

उनकी मांग है कि धरना स्थल पर ही उन्हें कार्यवाही रजिस्टर दिखाया जाए, बोर्ड की अगली बैठक की तिथि तय की जाए, 13 माह के कार्यों का विवरण प्रत्येक सभासद को दिखाया जाए। इन सभी मांगों को लेकर सभासदों ने शुक्रवार को भी नगर पंचायत कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रखा। नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी के खिलाफ नारेबाजी की। देर शाम तक सभासदों के धरना प्रदर्शन स्थल पर कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा था।

इस दौरान पिंकी, रिहाना, प्रियंका, रुखसाना, जमीला खातून, मनोज, दिलशाद, मोहम्मद उस्मान, वसीम अहमद, रईस अहमद, चमन सिंह, इल्यास, नसीम, मंजू, सोनम, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### समर कैंप में बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कांठ, अमृत विचार** : माननगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण पर आधारित समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण के प्रति सजग रहने की चेतना जागृत की। बच्चों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। ग्रीष्म अवकाश के बाद शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय माननगर में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। पहले दिन बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने बच्चों के माध्यम से यह संदेश घर-घर पहुंचाया। बच्चों ने पेंटिंग बनाकर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। सृजन कौशलों को बढ़ाने व शैक्षिक पाठ्यक्रम सीखने के प्रतिफल को प्राप्त करते हुए रुचि पूर्वक अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया।

### गोशाला में एसडीएम ने गायों को खिलाया चारा

**बिलारी, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव हाजीपुर स्थित गोशाला का एसडीएम मणि अरोड़ा ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। गोवंशों की हालत देखी और चारा खिलाया। एसडीएम मणि अरोड़ा शुक्रवार को गोशाला पहुंचीं। यहां उन्होंने निरीक्षण के दौरान गोवंशों की संख्या और उनके उपचार की स्थिति, चारा व भूसा की स्थिति का जायजा लिया। गोशाला के प्रबंधक को निर्देशित किया। इस दौरान मौके पर ग्राम प्रधान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### दंपति पर लगाया झगड़ा करने का आरोप

**छजलैट, अमृत विचार** : गांव कुड़ा मीरपुर के व्यक्ति ने अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी पर गाली गलौज करने और झूठ मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव कुड़ा मीरपुर निवासी अमीर खान ने पुलिस को बताया कि उनके पिता, उनका भाई सलमान और उसकी पत्नी इमराना एक ही घर में रहते हैं। सड़क दुर्घटना में मेरा एक हाथ खराब हो गया था और पिता बुजुर्ग हैं। जब हम लोग खाना खाने घर जाते हैं तो उनका भाई एवं उसकी पत्नी उन्हें खाना नहीं देते। वे उनके साथ गाली गलौज और झगड़ा करते हैं। तहरीर में बताया कि उनके छोटे भाई व उसकी पत्नी ने उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है।



दिल्ली में मुख्य अतिथि से प्रमाण पत्र लेते सौरभ सिंघल। • अमृत विचार

### सौरभ सिंघल को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**कांठ, अमृत विचार** : कांठ क्षेत्र के गांव नींगू नंगला स्थित आईटीआई संस्थान में इंदिरा गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन आईजीसीएसएम के चैयरमैन सौरभ सिंघल को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। सीडब्लूएसआईआर के बैनर तले नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटलेक्चुअल कॉन्क्लेव समारोह में सौरभ सिंघल को हेसेन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी जर्मनी की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई। ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा ने सौरभ सिंघल को स्टेज पर बुलाकर प्रमाण पत्र सौंपा।



किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। • अमृत विचार

### किसानों को बताए फसलों को कीटों से बचाने के उपाय

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। उसमें किसानों को प्रशिक्षण के दौरान धान की फसल में रोग कीट एवं भंडारित धान में कीटों के बारे में कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार ने जानकारी दी। किसानों को कीट की पहचान, रोग से बचाव के उपाय बताए। यांत्रिक विधि व जैविक नियंत्रण से कीटों को फसल से बचाया जा सकता है। धान की कटाई के बाद धान और धान में लगने वाले कीटों के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ. रविंदर कुमार ने भी किसानों को धान की फसल में रासायनिक जैविक उर्वरकों व जल प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. हसन तनवीर, डॉ. राजेश कुमार, अविनाश चौहान, पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, दिनेश कुमार, रामकुमार, ओमप्रकाश, मुखलाल, नन्हे सिंह, यश राम अशोक कुमार सुरेश कुमार, नीरज सिंह, जवीर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### बारिश होते ही धान की रोपाई शुरू

**कांठ, अमृत विचार** : क्षेत्र में बारिश होते ही किसानों ने खेतों में धान रोपाई शुरू कर दी है। हालांकि अभी किसानों को मूसलाधार बारिश का इंतजार है। दो दिन से हो रही हल्की बारिश के बीच किसानों ने अपने खेतों में धान रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है। किसानों का कहना है कि यह हल्की बारिश गन्ने की फसल के लिए लाभदायक है लेकिन अभी मूसलाधार बारिश की आवश्यकता है।

### मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : भूमि विवाद को लेकर मारपीट कर घायल करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव राजुपुर मिलक निवासी विजेंद्र सिंह बताया कि उनका और भाई का जमीन को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। वह अपनी जमीन को बेचना चाहता है। लेकिन वह जमीन को नहीं बेचे दे रहे हैं। देर शाम पीड़ित घर पर अपने बच्चों के साथ बैठा था, तभी गांव के ही जयवीर सिंह, ललित कुमार, नौबत, प्रीतम उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसकी पत्नी को लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल के शिकायती पत्र पर आरोपी जयवीर सिंह, ललित कुमार, नौबत व प्रीतम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**तैयारी** — बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को गति देने पर हुई चर्चा

# स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेंगे अधिकारी

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार** : विकासखंड सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ चर्चा की। बताया कि अभियान को गति देने के लिए कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

एक जुलाई से 31 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के लिए विकास खंड के सभागार में स्वास्थ्य कर्मी और ब्लॉक के अधिकारियों ने बैठक की। इसमें खंड विकास अधिकारी डॉ. योगेंद्र ने बताया कि ब्लॉक के सभी अधिकारी व कर्मचारी संचारी रोग नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेंगे।

गांव में जो भी ग्राम प्रधान, सचिव या अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं, वे अपने-अपने क्षेत्र में नाली व नालों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा हटाने का काम करें। यदि किसी गांव में संचारी रोग से संबंधित कोई भी समस्या आती है तो तत्काल इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व विकासखंड के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी। • अमृत विचार

### बैठक में संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार** : नगर पंचायत कार्यालय ऊमरी कलां में संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। चेयरमैन मोहम्मद उसमान अली व अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत ने बैठक की। इसमें संचारी रोग नियंत्रित करने के लिए लोगों को नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करने, अनुपयोगी वस्तुओ में पानी जमा न होने देने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखने, कूलर, गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखाने के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान सभासद, यूनिसेफ बीएमसी रेखा पटेल, स्वास्थ्य विभाग के उमेश कुमार व मोअज्जम अली, ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद जीशान, सुरेंद्र सिंह, जय कुमार, अनीस अहमद, अंकुर बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों पर परेशान करने का आरोप, शिकायत

**कांठ, अमृत विचार** : नगर पंचायत ऊमरी कलां के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी पर तैनात दो कांस्टेबलों पर रुपये मांगने और झूठा मामला दर्ज कराकर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

ऊमरी कलां निवासी सलाउद्दीन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में बताया कि उनके चार बच्चे हैं। उनपर पर गांव की पार्टीबंदी के कारण वर्ष 2012 में पुलिस ने झूठे मामले दर्ज करा दिए थे। वह भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। आरोप है कि कस्बे में चौकी पर तैनात दो पुलिसकर्मी उन्हें परेशान कर रहे हैं। वे उनसे रुपये मांग रहे हैं। घर में आकर तोड़ फोड करते हैं। उनकी की बूढ़ी व बीमार मां को गालियां देते हैं।

# कंप्यूटर सेंटर के पास फायरिंग अमरोहा के दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार** : कंप्यूटर सेंटर पर चार युवकों ने फायरिंग की। हालांकि इसमें किसी को चोट नहीं लगी है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

छजलैट में कई कंप्यूटर सेंटर एवं कोचिंग सेंटर संचालित हैं। जहां युवक युवतियां सरकारी नौकरियों की तैयारी करते हैं। अमरोहा देहात के गांव कैलसा निवासी रोहन कुमार पुत्र महेश सिंह, नवनीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह व दीपक पुत्र सोनू चौधरी निवासी गांव अलीपुरा खालसा, एक अज्ञात युवक एक कंप्यूटर सेंटर में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे आए। गौरव नाम के अज्ञात युवक को पूछने लगे, जो शुक्रवार को कोचिंग सेंटर पर नहीं आया था।

किसी बात को लेकर कोचिंग सेंटर के पास खड़े लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। इनमें से एक युवक ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। गांव भीकनपुर निवासी विश्वजीत, गौरव और गांव सदरपुर निवासी आरिफ ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि हमारी दुकान घटनास्थल के पास है। तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस ने गांव कैलसा निवासी रोहन व नवनीत को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक तमंचा, कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस क्षेत्राधिकार कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि कंप्यूटर सेंटर में किसी मामले को लेकर यह घटना हुई है। घटना की विवेचना की जा रही है। अन्य आरोपी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।



मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी।

एक नजर

## छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजवाने की मांग

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के रहरा ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि छुट्टा पशुओं ने फसलें बर्बाद कर दी हैं। जिन्हें पकड़कर गोशाला भेजा जाए। पौरारा में मुख्य मार्ग पर हेंडपम्प छह माह से खराब है। उन्हें सही कराया जाए, कुत्तों को पकड़ने का अभियान चले। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. शीशपाल सिंह, कमल सिंह, श्रीपाल, शिवकुमार, राकेश, धनपाल, चरण सिंह, भागमल सिंह रहे।

## युवकों ने ग्राम प्रधान के पति को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पपसरा खादर निवासी औसाफ खान ग्राम प्रधान के पति हैं। उनके रिश्तेदार की कार से एक युवक का एक्सीडेंट हो गया था। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। ग्राम प्रधान के पति भी अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपने रिश्तेदार और घायल व्यक्ति के परिवार वालों के बीच समझौता करवाने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगों ने ग्राम प्रधान के पति से गाली-गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने ग्राम प्रधान के पति को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अजमत वारसी कव्वाल ने बांधा समां

**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी का मजार सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बना हुआ है। यहां पर सभी धर्म और जाति के लोग नजराना पेश कर रहे हैं और मन्नत मांग रहे हैं। अमरोहा के कस्बा उझारी स्थित हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। सभी धर्म और जाति के लोग दरगाह पर हाजिर होकर तबर्रुक एवं चादर पेश कर मन्नत मांग रहे हैं। गुरुवार रात मशहूर कव्वाल अजमत वारसी ने यहां प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। इसी के साथ मेले में झूलों की जगमगाहट, खेल तमाशे, काले जादू के कार्यक्रम भी लोगों को पंसद आ रहे हैं। उर्स में मुख्य रूप से हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, फहीम महल, अदनान महल, अलाउद्दीन सैफी, आलम रही, मास्टर असद, डॉ. शहरोज आदि उपस्थित रहे।

# कंटेनर में घुसी पिकअप, दादा-पोते की मौत

## नूरपुर के लिंडरपुर के पास अमरोहा मार्ग पर हुआ हादसा, तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया

संवाददाता, नूरपुर/मंडी धनौरा


भूदेव सिंह।


मनीष।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव लिंडरपुर के पास अमरोहा मार्ग पर शुक्रवार सुबह टमाटर लदी पिकअप आगे जा रहे कंटेनर में घुस गई। इस हादसे में पिकअप सवार दादा-पोते की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भिजवाया।

जिला अमरोहा में मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मिठनपुरा निवासी भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह, खेमचंद और मनीष पिकअप में टमाटर लादकर धामपुर मंडी में बेचने जा रहे थे। शुक्रवार सुबह पांच बजे जब उनकी पिकअप अमरोहा मार्ग पर गांव लिंडरपुर के पास पहुंची तो आगे चल रहे कंटेनर के चालक ने ब्रेक लगा दिया। इससे पिकअप कंटेनर में घुस गई। सभी लोग पिकअप में फंस गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिकअप में सवार लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने भूदेव सिंह (65) व मनीष (15) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिकअप चालक धीरज सिंह, खेमचंद व महेंद्र सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दादा-पोते के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने सहदेव सिंह की तहरीर पर कंटेनर के अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। हादसे के बाद चालक कंटेनर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र गंगवार ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।


कंटेनर में घुसी पिकअप। ● अमृत विचार


सड़क हादसे में दादा-पोते की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### दादा भूदेव सिंह की मदद के लिए साथ जा रहा था मनीष

**मंडी धनौरा/नूरपुर, अमृत विचार :** मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव मिठनपुर निवासी भूदेव सिंह किसान हैं। वह शुक्रवार तड़के गांव के अन्य तीन लोगों के साथ पिकअप में सब्जी लादकर धामपुर मंडी जा रही थे। सुबह पांच बजे जैसे ही उनकी पिकअप नूरपुर में गांव लिंडरपुर के पहुंची तो कंटेनर में घुस गई। हादसे में भूदेव व उनके पोते मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार शाम दादा-पोते के शव घर पहुंचे। ग्राम प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि मृतक दादा-पोते उनके ही परिवार से हैं। मनीष हाईस्कूल का छात्र था। वह मंडी धनौरा के गांधी इंटर कॉलेज में पढ़ता था। सहदेव सिंह ने बताया कि उनका परिवार टमाटर की खेती करता है। शुक्रवार सुबह वह पिकअप में टमाटर लादकर धामपुर मंडी जा रहे थे। मनीष ने दादा भूदेव सिंह की मदद के लिए साथ जाने की जिद की। घरवालों ने उसे काफी रोका, लेकिन वह नही माना। किसी को क्या पता था कि उसे मौत खींचकर ले जा रही है। उधर, दादा-पोते की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

# 300 यूनिट मुफ्त घरेलू बिजली के लिए करेंगे संघर्ष

संवाददाता, गजरौला

बैठक
- भाकियू संयुक्त मोर्चा की कृपानाथपुर में हुई पंचायत
- स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग की

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत शुक्रवार को कृपानाथपुर गांव में सद्दाम चौधरी के आवास पर हुई। पंचायत में क्षेत्र के किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का माला पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र के किसानों ने उन्हें बिजली संबंधी दिक्कतों और परेशानियों से अवगत कराया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने किसानों से कहा कि संयुक्त मोर्चा द्वारा क्षेत्र के किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग को किसानों के ट्यूबवेलों पर मीटर न लगाने की हिदायत देते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश की जनता को 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने की लड़ाई भी संगठन के एजेंडे में शामिल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार से 300 यूनिट बिजली फ्री देने की मांग उठाई जाएगी। अब केंद्र की सरकार अपना कार्यभार संभाल चुकी है। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के लिए दोबारा से लड़ाई लड़ी जाएगी और हालांकि केंद्र सरकार ने कुछ फसलों पर एमएसपी लागू की है। लेकिन एमएसपी गारंटी कानून बनाएं, बिना एमएसपी कानून बने किसान को कोई लाभ होने वाला नहीं है। इस अवसर पर सद्दाम चौधरी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाया और विनीत सोलंकी को युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया और 11 सदस्य कार्यकारिणी बनाई। जिला अध्यक्ष विजयवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष कामिल चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ नागर, अभय चौधरी, अफजल चौधरी, हिमांशु वर्मा, जैन चौधरी, विनीत सोलंकी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

## 5 घंटे विद्युत आपूर्ति को तरसे उपभोक्ता

**हसनपुर, अमृत विचार :** 33 हजार केवीए की विद्युत लाइन पर काम चलने के चलते नगर के उपभोक्ताओं को लगभग पांच घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए तरसना पड़ा। 5 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण नगर के कई मोहल्लों में पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई।

उझारी बिजली घर से 33 हजार केवीए की विद्युत लाइन हसनपुर के लिए आ रही है। जिसके मार्ग में आम के बाग होने के कारण पेड़ों की टहनियां विद्युत लाइन से छू रही हैं। इन्हें कटवाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा शुक्रवार को कार्य शुरू किया गया। इसके चलते नगर की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे बंद कर दी गई और दोपहर लगभग दो बजे शुरू की गई। पांच घंटे विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण कई मोहल्लों में पेयजल की समस्या हुई। विद्युत विभाग के जेई साहिल गांधी ने बताया कि 33 हजार की विद्युत लाइन में कार्य चलने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप रही थी।

# सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कुछ लोगों ने पशुओं की प्याऊ एवं स्कूल के खेल के मैदान पर कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सरकार द्वारा पशुओं को पानी पिलाने के लिए जमीन आवंटित कर प्याऊ बनवाई गई थी। कुछ जमीन यहां पर सरकारी स्कूल की भी है। जिसमें बच्चे खेलते हैं और व्यायाम भी करते हैं। लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। जिससे पशुओं को पानी पीने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब स्कूल खुल चुके हैं, बच्चों के सामने भी इस जमीन पर खेलने कूदने में परेशानी होगी।


सरकारी जमीन पर हो रहा निर्माण।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र पर कृष्णपाल, महेंद्र सिंह, पप्पू, लालमन, गंगाराम, महिपाल, विनोद कुमार पाल, विजय पाल आदि के हस्ताक्षर हैं।

## बिजली थाने की पुलिस टीम पर वसूली का आरोप

**गजरौला, अमृत विचार :** बिजली थाने की पुलिस टीम पर लोगों से अवैध वसूली का आरोप है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने पीछा कर सलेमपुर गौसाई के निकट टीम की कार रुकवाई तथा हंगामा किया।

बछरायूं में बिजली थाने की पुलिस टीम ने बीते दिनों कई घरों में बिजली चोरी पकड़ी थी। बिजली चोरी करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया था। गुरुवार शाम बिजली थाने की पुलिस टीम फिर से उन लोगों के घर पहुंच गई। उनसे टीम के लोग अवैध वसूली करने लगे। पांच लोगों से टीम ने रुपये लिए थे। जानकारी पर भाकियू के गुरमीत सिंह कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं को देख बिजली थाने के पुलिस के कर्मचारी कार लेकर चले गए। कार्यकर्ताओं ने पीछा कर कार को सलेमपुर गौंसाई के निकट रुकवाया तथा वसूली का आरोप लगा हंगामा किया। भीड़ में किसी ने वीडियो बनाया तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# अंडरपास में पानी भरने से दिक्कत

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** बारिश से उझारी-ढबारसी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेस-वे के अंडरपास में पानी भरने से राहगीर व वाहन स्वामी परेशान रहे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पानी निकासी कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पानी निकासी के निर्देश दिए। जिसके बाद जेसीबी से पानी निकाला गया।

बता दें कि ढबारसी-उझारी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास बना है। अंडरपास में वाहनों के आवागमन के दो रास्ते हैं। एक्सप्रेस वे पर निर्माण कार्य के चलते अंडरपास में अधिकारियों द्वारा एक रास्ता वाहनों के आवागमन के खोला गया है, जबकि दूसरे को बंद कर रखा है। वर्तमान में उझारी ढबारसी मार्ग की ऊंचाई पुल के नीचे बने रास्ते से चार फीट की ज्यादा है। जिसके चलते पुल के नीचे बारिश में पानी जमा हो जाता है। गुरुवार व शुक्रवार को बारिश के कारण यहां चार फुट पानी जमा हो गया। इससे अंडरपास से गुजरने वाले दो पहिया वाहनों व चार पहिया वाहनों में पानी भर जाने से वाहन बंद होने लगे। ग्राम पंचायत पुटसल के ग्राम प्रधान अनिल गूर्जर व ग्रामीणों ने गंगा एक्सप्रेस वे के अधिकारियों से पानी निकासी कर मार्ग को सुचारु करने की मांग की गई। लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के बाद जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की गई। जिसके बाद एक्सप्रेस वे की एक टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची तथा पानी की निकासी कराकर वाहनों का आवागमन सुचारु कराया। प्रधान अनिल गूर्जर का कहना कि पुल के नीचे भी मार्ग के ऊंचाई के अनुसार सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना करना ना पड़े।


अंडरपास से मिट्टी निकालती जेसीबी। ● अमृत विचार

# छापेमारी कर दो क्लीनिक किए सील

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर शुक्रवार को प्रशासन द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। मौके पर उप जिलाधिकारी ने दो अस्पतालों को सील किया है।

एसडीएम चंद्रकांता और सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश चन्द भास्कर ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर छापेमारी की। नगर में महादेव चुंगी स्थित अनमोल हॉस्पिटल में करीब आठ प्रसूताएं भर्ती थीं। मौके पर मौजूद कथित चिकित्सक से एसडीएम ने जानकारी की तो वह जवाब नहीं दे पाईं और अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं दिखा पाईं। उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की जानकारी हुई तो उन्हें वहां पर ऑपरेशन करने के उपकरण तथा इंजेक्शन व दवाएं भी मौके पर मिलीं। जिस पर उपजिलाधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। वहीं, न्यू मेरठ नर्सिंग होम की जांच की तो वहां पर चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। जब एसडीएम ने वहां मौजूद नर्स से जानकारी की तो वह जवाब नहीं दे सकी और न ही कोई रजिस्ट्रेशन दिखा सकी। इस पर उप जिलाधिकारी ने इस अस्पताल को भी सील कर दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि कई दिनों से अवैध क्लीनिकों को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर नगर में अवैध रूप से चल रहे अनमोल हॉस्पिटल व न्यू मेरठ नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है।


अस्पताल में सील लगवातीं एसडीएम चंद्रकांता। ● अमृत विचार

- अनमोल अस्पताल में भर्ती थीं आठ महिलाएं

## समूह सखी का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**अमरोहा, अमृत विचार :** विकास खंड जोया के सभागार में समूह सखी का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल ने प्रमाण पत्र वितरण किए।

महिला कल्याण विभाग की ओर से शासन के निर्देश पर जोया ब्लाक में पिछले चार दिन से समूह सखी मॉडलयूल दो प्रशिक्षण समूह सखी को दिया जा रहा था। प्रशिक्षण में समूह की 40 महिलाएं शामिल थीं। इन सभी को प्रतिदिन रिसोर्स पर्सन ट्रेनिंग दी जा रही थी। ट्रेनिंग में महिलाओं को अच्छे से कार्य करने की प्रेरणा दी। समूह सखियों पर ट्रेनिंग का आयोजन नेफेड संस्था द्वारा किया। जितेंद्र कुमार एडीओ, आईएसबी अश्विनी कुमार, प्रबंधक सुरक्षा सिंह समेत अन्य ब्लॉक के कर्मचारी और समूह सखी रहीं। सभी सखी को प्रतिभा अग्रवाल ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देकर उनको क्षेत्र में अच्छा कार्य करने की सलाह दी है।

# बारिश से मिली राहत, जलभराव से परेशानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शुक्रवार को दूसरे दिन भी बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। लेकिन उमस ने लोगों को परेशान किया। वहीं, कई जगह जलभराव से लोगों को परेशानी भी हुई।

शुक्रवार को दूसरे दिन भी बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली। गुरुवार रात भी मौसम बदल गया और आसमान में घने बादल छाने के बाद सुबह से बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। बच्चों ने बारिश का आनंद लिया और पानी में नहाए। किसानों का कहना है कि इस समय की बारिश धान समेत उड़द, तिल, मूंग व गन्ने समेत अन्य फसलों के लिए संजीवनी है। धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। कई क्षेत्रों में धान की रोपाई भी किसानों ने प्रारंभ कर दी है। दूसरे दिन भी सुबह से हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। तड़के से तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। तीन घंटे रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं, सड़कों पर जलभराव होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


गजरौला में बारिश में नहाते बच्चे। ● अमृत विचार


हसनपुर में पानी से होकर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

### दूसरे दिन भी हुई बारिश, सड़क पर जलभराव

**हसनपुर, अमृत विचार :** दूसरे दिन भी बारिश से सड़क पर जलभराव हो गया। दो दिन बारिश होने के कारण नगर के अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर बरसात का पानी जमा हो गया जिसके कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण दो पहिया एवं चार पहिया चालकों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। सड़क में गड्ढे एवं जलभराव होने के कारण कई मोटरसाइकिल सवार पानी में भी गिर गए। स्थानीय निवासियों का आरोप है की अधिकारी रोजाना इस मार्ग से होकर गुजरते हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी लोगों की समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं देता है।

विद्यालय खुले | ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पहले दिन बच्चों को समर कैंप के तहत कराया योग

# तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर किया विद्यार्थियों का स्वागत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात शुक्रवार को पहले दिन छात्रों के स्वागत के लिए विद्यालय को गुब्बारों से सजाया और छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं को समर कैंप के अंतर्गत योग अभ्यास के साथ-साथ गर्मी से बचाव एवं संचारी रोगों की रोकथाम की जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान राजकुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह, विशंभर सिंह, संकुल शिक्षक संजय सिंह, सहायक अध्यापक मनीष कुमार, संतराम सिंह, मदनपाल, राशिद अली, अजय सागर, रेनू कंसल, चंद्रमुखी, दीपचंद, विनोद कुमार, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर के प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह एवं गौरव नागर ने विद्यालय आने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया।


तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार


प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में छात्रों का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### अव्यवस्थाओं के बीच खुले परिषदीय एवं निजी विद्यालय

**अमरोहा, अमृत विचार :** डेढ़ माह की छुट्टियों के बाद शुक्रवार को नगर समेत जिले भर में परिषदीय और निजी स्कूल खोले गए। शासन से कई दिन पहले ही स्कूल खोलने से पहले विद्यालय की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के आदेश मिले थे। पहले दिन कई जगह स्कूल तो खोले गए लेकिन बच्चे नहीं पहुंचे और न ही विद्यालय की साफ सफाई की गई। शुक्रवार को जिले भर के प्राथमिक विद्यालय खोले गए। जिले में कुल 1266 परिषदीय विद्यालय हैं, इसमें 779 प्राथमिक और 185 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। जबकि 294 विद्यालय कंपोजिट हैं। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद विद्यालय 26 जून को खोले जाने के आदेश हुए थे। लेकिन, शुक्रवार को नगर समेत जिले भर के परिषदीय और निजी स्कूल खोले गए। लेकिन वहां पर अव्यवस्थाएं दिखाई दीं। स्कूलों को शासन के आदेश पर खोला तो गया, लेकिन कई विद्यालयों में बच्चे नहीं पहुंचे। नगर के बिजनौर रोड पर स्थित एकेके इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी ने बताया कि शासन के निर्देश पर स्कूल को खोला गया है। लेकिन बच्चे नहीं आए। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय गुलड़िया में सफाई तक नहीं हुई थी।

# मोहर्रम से पहले दुरुस्त कराएं सफाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बहुद्देशीय सहकारी समिति लि भदौरा के ग्राम हरियाना में जाहिद हुसैन के फॉर्म हाउस पर बैठक हुई। बैठक में सहकारी समिति भदौरा के सभापति व भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शर्मा ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदर जाहिद हुसैन ने बताया कि मोहर्रम नजदीक है। लेकिन गांव की गली, मोहल्ले गंदगी एवं जलभराव के चलते अवरुद्ध हैं। पूर्व प्रधान फराकत हुसैन ने कहा कि गांव में दो बार नाले बन चुके हैं लेकिन उनके तल की ऊंचाई अधिक होने की वजह से उनमें गांव का पानी नहीं पहुंचता। तालाब भी कीचड़ के चलते उथला हो गया है, उसको गहरा किया जाए। जिससे अधिक से अधिक पानी उसमें एकत्र हो सके। फरमान चौधरी ने कहा कि हरियाना से क्षेत्र के खैरपुर, अशरफपुर, मिलक, कुंदरखीभूर, देहरा मिलक आदि गांवों को जोड़ने वाला मार्ग सिंचाई नाला निर्माण के चलते अवरुद्ध हो गया है। पिछले साल ग्रामवासियों ने समस्या की शिकायत जिलाधिकारी से की थी, जिसके चलते नहर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और ग्रामवासियों को पुलिया निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक कोई निर्माण शुरू नहीं किया गया है। पुलिया का अतिशीघ्र निर्माण शुरू किया जाए। उपस्थित समरपाल सिंह ने कहा कि हसनपुर से भदौरा तक प्रधानमंत्री योजना से बने मार्ग की स्थिति जर्जर होने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि आपकी समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जिससे समय पर समाधान हो सके। इस अवसर पर तहसीन, गुफरान, अनवार, इशरत, उस्मान, आशिफ रहे।


समस्याओं को लेकर बैठक करते लोग। ● अमृत विचार

एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ता पर हमले के आरोपी का चालान

**गजरौला, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उसके खिलाफ जानलेवा हमला करने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। क्षेत्र के पाल गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता पवन चौहान 23 जून की रात किसी काम से फाजलपुर आए थे। वहां उनका ई-रिक्शा चालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने पवन पर जानलेवा हमला किया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में मोहल्ला मायापुरी निवासी सोनू को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई। शुक्रवार शाम शहर के भानपुर फाटक के रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। शव पड़ा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आरपीएफ ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट आकर हुई है। आरपीएफ के आशिष कुमार ने बताया कि शव को मोर्चरी भेज दिया गया है। और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### पानी की मोटर से करंट लगने से महिला की मौत

**काशीपुर, अमृत विचार :** पानी भरने के लिए विद्युत मोटर का स्विच दबाते समय करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। गुरुवार देर रात मोहल्ला थाना साबिक निवासी मदन लाल यादव की पत्नी अनीता उर्फ नन्ही (55) पानी भरने के लिए विद्युत मोटर चालू कर रही थी। अर्थिंग के कारण वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गई। वहां मौजूद अनीता के भतीजे ने किसी तरह तार काटकर उसे वहां से हटाया। परिजन उसे मरणासन्न स्थिति में अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बांसफोडान चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक महिला का पति मदन यादव एमपी चौक पर चाय का ठेला लगाता है। जबकि पुत्र की तीन माह पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

# पालिका की जेसीबी ने तोड़ा अतिक्रमण

## ईओ ने नालों और सरकारी भूमि से कब्जा हटाने की लोगों को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर के छंगा दरवाजा क्षेत्र में सरकारी नाले व भूमि पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। नगर पालिका की कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में खलबली मच गई।

बता दें कि शहर में अतिक्रमण की वजह से जलभराव व जाम की समस्या बारिश के दिनों में और बढ़ जाती है। जिसको लेकर नगर पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार से अभियान की शुरूआत की गई। मोहल्ला छंगा दरवाजा के नागरिकों ने मांग की थी कि छंगा दरवाजा क्षेत्र में मंदिर-मस्जिद के समीप से वाल्मीकि चौक तक मुख्य मार्ग


नाली के ऊपर बने स्लैब को तोड़ती पालिका की जेसीबी। ● अमृत विचार

के दोनों ओर कुछ स्थानीय लोगों ने स्थायी निर्माण करके नाली पर कब्जा कर लिया है। इस मार्ग पर नाला एवं सड़क का निर्माण भी प्रस्तावित है। जिससे नाला एवं मार्ग से अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका टीम के साथ जाकर जब उन्होंने मौके का निरीक्षण किया तो वहां पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाया गया। जिस पर पालिका द्वारा अतिक्रमण को चिह्नित करके उस पर लाल रंग से निशान लगवा दिए गए थे और संबंधित भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था।

मगर अतिक्रमण करने वालों ने नगर पालिका के आदेश का पालन नहीं किया। तब उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पालिका द्वारा मोहल्ला छंगा दरवाजा में मंदिर-मस्जिद से लेकर वाल्मीकि चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अस्थायी एवं स्थायी अवैध अतिक्रमण को पालिका ने जेसीबी से हटवाया। कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी, कर अधीक्षक, अवर अभियंता, समस्त राजस्व निरीक्षक, समस्त सफाई निरीक्षक सहित कर अमीन, सफाई नायक और पालिका स्टॉफ मौजूद रहा। ईओ ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी नाले-नाली की भूमि पर अतिक्रमण न करें। नगर पालिका द्वारा 29 जून से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में सरकारी नाले, नाली, रोड साइड, मुख्य मार्ग पर यदि कोई सामान, तख्त, फड, तंदूर, भट्टी आदि अथवा पक्का निर्माण स्लेब, दीवार आदि मिली तो उसे जब्त कर लिया जाएगा व पालिका अपने संसाधनों से उसे तुड़वा देगी।

### सीसीटीवी से होगी कांवड़ यात्रा की सुरक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** 21 जुलाई से शुरू होने वाली सावन की कांवड़ यात्रा की निगरानी सीसीटीवी कैमरो से भी कराई जाएगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इसकी तैयारी में जुट गए हैं।

21 जुलाई से सावन माह की शुरुआत होगी। जबकि 22 जुलाई को सावन का पहला सोमवार रहेगा। सावन माह में अमरोहा व आसपास जिलों से बड़ी संख्या में शिव भक्त सावन के हर सोमवार को भगवान शिव का जलभिषेक करने को कांवड़ यात्रा में शामिल रहेंगे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की तैयारी में जुट गए हैं। एडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि जल्द ही इसकी तैयारी को लेकर संयुक्त बैठक होगी। यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे तक ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसको लेकर यातायात प्लान तैयार कराया जा रहा है। एडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि यात्रा मार्ग और शिवालयों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

# हादसे में घायल फैक्ट्री कर्मी की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

दुखद
- हालत में सुधार न होने पर दिल्ली के चिकित्सकों ने भेज दिया था घर
- ड्यूटी से लौटते समय बाइक ने मार दी थी टक्कर

**अमृत विचार :** ड्यूटी से घर लौट रहे फैक्ट्री कर्मी को हाईवे पर तेज गति से आई बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल कर्मी को परिजनों ने बेहतर उपचार के लिए दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत में सुधार न होने पर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव दबका निवासी चरण सिंह डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। पुलिस के अनुसार 22 जून की शाम वह ड्यूटी करके घर लौट रहा था कि रास्ते में तेज गति से आती बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में चरन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली के अस्पताल के चिकित्सकों ने चरण सिंह की हालत में कोई सुधार न होने पर उसको घर भेज दिया। घर पर ही चरण सिंह की मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में मृतक के बेटे अंशु कुमार की तहरीर पर बाइक चालक शुभम पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीड़ी कारोबारी को धमकी देने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

विवाद
- तीनों आरोपियों पर पहले से चल रहा है मामला
- किराये की फर्जी रखीदों से दुकान पर कब्जे का है मामला

**अमृत विचार :** किराये की कूटरचित रसीदें तैयार कर वक्फ की जमीन पर कब्जा करने में फंसे भतीजों पर धमकी देने के मामले में चाचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे पहले तीनों आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मामला दर्ज किया गया था।

मोहल्ला त्रिपोलिया निवासी बीड़ी कारोबारी मोहम्मद यासीन ने मोहल्ले में ही स्थित मस्जिद की एक दुकान काफी समय से किराये पर ले रखी थी। मोहम्मद यासीन के भाई ने उन्हें बेरोजगार देखकर कुछ साल पहले कारोबार के लिए अपनी दुकान उन्हें दे दी थी। आरोप है कि भाई की मृत्यु के बाद भतीजे मोहम्मद अजीम उर्फ नईम, मोहम्मद शमी और मुजीबुर्ररहमान की नियत बिगड़ गई। तीनों ने कूट रचित रसीदें तैयार करके दुकान पर कब्जा कर लिया और बाद में सिविल कोर्ट में दावा कर दिया।

बीते दिनों मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी तीनों भतीजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। आरोप है कि बीडी कारोबारी के भतीजे मुकदमा वापस लेने का दावा बना रहे हैं और इनकार करने पर दो बेटों समेत उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी है। अब मोहम्मद यासीन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर होगी धान की खेती

**गजरौला, अमृत विचार :** जिले में झमाझम बारिश से सबसे ज्यादा फायदा धान की फसल को होगा।


इस बार गजरौला क्षेत्र में करीब 35 से 40 हजार हेक्टेयर जमीन में धान की खेती होगी। 20 फीसदी भूमि में धान की रोपाई हो चुकी है। क्षेत्र में 35 से 40 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई की जाएगी। इस बार कृषि वैज्ञानिक बेहतर बारिश का अनुमान जता रहे हैं। जिसको लेकर किसानों में धान की खेती को लेकर रुझान बढ़ा है। गेहूं की फसल से खाली हुए खेतों को धान की रोपाई के लिए तैयार करने में किसान जुटे हुए हैं। कुछ क्षेत्रफल में उड़द और मूंग की खेती भी की जाएगी। मानसून मेहरबान रहा तो किसान जुलाई में धान की रोपाई पूरी कर लेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एके मिश्र ने बताया कि जुलाई में किसान धान की रोपाई कर लें। अभी तक लगभग 20 प्रतिशत हेक्टेयर में धान की रोपाई हो चुकी है। इस समय की बारिश धान की बोआई के लिए फायदेमंद है।

# नागालैंड के धमाका पहलवान ने पंजाब के रंगा को किया चित

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

**अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में चल रहे दाऊदिया दंगल में देश-विदेश से आए पहलवानों ने अपने दांवपेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। दर्शकों ने भी विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर उनके हौसला बढ़ाया।

उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स के दंगल के दौरान विशेष रूप से महिला पहलवान लाडो सिंह दिल्ली ने उपासना हरियाणा को, धमाका नागालैंड ने रंगा पंजाब को, मौसम पंजाब ने नकाबपोश को, फहीम ने मोहित को, वकार सहारनपुर ने मुन्ना टाइगर राजस्थान को, ताबिश अमरोहा ने मोंटी पहलवान को, टाइगर आगरा ने दुल्ला को पराजित कर अपनी जीत की पताका लहराई और दर्शकों का


दंगल में दांव आजमाजे पहलवान। ● अमृत विचार

- लोगों ने पसंद के पहलवानों को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया

भरपूर मनोरंजन किया। दर्शकों ने भी अपने पसंदीदा पहलवानों को पुरस्कार देकर उनके हौसले को बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इफ्तिखार उल हसन, भूरे मिस्त्री, कलवा खान, शादाब मंसूर, मोहम्मद कासिम, मोबीन अहमद, इलियास अहमद, अलाउद्दीन सैफी, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद जुनेद, वहाब आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका गुड्डू पहलवान गोरखपुर एवं कलवा उस्ताद ने तथा कमेंटेटर की भूमिका मुन्ना टाइगर ने निभाई।

### हरियाणा पुलिस चोरी के मामले में पहुंची हसनपुर

**हसनपुर, अमृत विचार :** हरियाणा में सर्राफ की दुकान में हुई चोरी के मामले में पकड़ी गई आरोपी महिला को लेकर हरियाणा पुलिस हसनपुर नगर में पहुंची।

हरियाणा के जिला बादशाहपुर में पांच दिन पहले एक सर्राफ के यहां चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार हरियाणा पुलिस को पता चला कि चोरी की घटना को महिला द्वारा अंजाम दिया है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला से जानकारी करने पर उन्हें बताया कि वह हसनपुर जनपद अमरोहा की रहने वाली है, छानबीन के लिए हरियाणा पुलिस आरोपी महिला को लेकर शुक्रवार को हसनपुर कोतवाली पहुंची। लेकिन छानबीन के दौरान महिला नगर की नहीं निकली। उसने पुलिस को झूठ बोला था, फिर हरियाणा पुलिस लौट गई। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार द्वारा बताया कि सर्राफ के यहां चोरी के मामले में हरियाणा पुलिस आई थी।


ई रिक्शा का चालान करते पुलिसकर्मी।

# सरिया व पाइप ले जा रहीं ई-रिक्शा का किया चालान

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को शेरपुर चुंगी चौराहा पर सामान ले जा रहे ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई की। पुलिस ने सरिया व पाइप लदे ई रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने चार ई रिक्शा चालकों के चालान भी काटे तथा कुछ ई रिक्शा चालकों को हिदायत देकर छोड़ा। पुलिस ने अन्य वाहनों के चालान भी काटे। कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने बताया कि शिकायतें आ रही थीं कि ई-रिक्शा चालक सरिया व पाइप ढोने का काम कर रहे हैं। पुलिस द्वारा अभियान चलाकर ऐसे ई-रिक्शा चालकों के चालान काटे गए। उन्होंने बताया कि अगर किसी ई रिक्शा चालक द्वारा सरिया व पाइप ले जाए गए तो कार्रवाई होगी।

### करंट से झुलसे युवक की मौत, भड़के ग्रामीण

**गदरपुर, अमृत विचार :** सिनेमा रोड पर 33 केवीए विद्युत लाइन से घर में करंट आने से झुलसे युवक ने दिल्ली में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शव के पहुंचने पर सैकड़ों लोग युवक के घर पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सिनेमा रोड वार्ड नंबर 3 निवासी मेवाराम के घर के ऊपर से 33 केवीए की लाइन निकल रही है। बीते शनिवार को मेवाराम का पुत्र विशेष नहाने के लिए बाथरूम में गया। इस दौरान करंट आने से वह उससे चिपक गया। विशेष की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में ले गए वहां से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। गुरुवार को दिल्ली में इलाज के दौरान विशेष की मौत हो गई थी।

# शराब की दुकान हटाने को धरना जारी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सरकारी देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर पांचवें दिन भी महिलाओं एवं मोहल्लेवासियों द्वारा दुकान के बाहर धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अधिकारी लगातार उन्हें गुमराह कर रहे हैं। जल्द कोई हल नहीं निकला तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

मोहल्ला काला शहीद स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग लेकर धरना देते हुए मोहल्ले वासियों को शुक्रवार को पांच दिन हो गए। लेकिन उनकी किसी भी अधिकारी द्वारा कोई भी फरियाद नहीं सुनी गई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आबकारी विभाग द्वारा लगातार धोखा दिया जा रहा है। जबकि उन्होंने कुछ दूरी पर ही देशी



शराब की दुकान के बाहर धरने पर बैठीं महिलाएं व लोग। ● अमृत विचार

- महिलाओं ने आबकारी विभाग पर लगाया गुमराह करने का आरोप

शराब की दुकान खुलवा दी है। जहां बिक्री भी शुरू हो गई है। जब दुकान खुल गई तो यहां से बोर्ड हटवाना चाहिए। अगर जल्द ही अधिकारियों द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। धरना देने वालों में हसीना बानो, चंद्रावती, हमीदा, गीता, हुस्न बानो, वंदना, कुसुम, कोमल, राजकली, प्रकृति, सविता देवी, जगवती, अनीता देवी, हरप्यारी, तीरथ प्रकाश, डॉ. दीपक कुमार, मोहनलाल, राजपाल, शेर अली, अनीस, अंसार, मतलूब, चरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म वीडियो बनाई, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- आरोपी ने दुष्कर्म की वीडियो महिला के पति और देवर को भेजी

**अमृत विचार :** तमंचे के बल पर महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। आरोपी ने बाद में वीडियो महिला के पति और देवर के मोबाइल पर भेज दिया और इसे वायरल करने की धमकी देते हुए एक लाख रुपये देने की मांग की। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। दरअसल यहां रहने वाली महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक नसीम उस पर बुरी नजर रख रहा था। कुछ दिन पहले वह घर में अकेली थी। आरोप है कि जबरन घर में घुसे नसीम ने तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया और मोबाइल से उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मिलने के लिए बुलाने लगा। इससे परेशान होकर उसने इनकार किया तो आरोपी ने वीडियो उसके पति और देवर के मोबाइल पर भेज दिया और एक लाख रुपये नहीं देने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। वहीं, वीडियो देख परिजनों के होश उड़ गए तो महिला ने उस दिन की पूरी घटना बता दी। गुरुवार को पीड़िता ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।। सीओ सिटी अरुण सिंह ने बताया कि आरोपी नसीम पर दुष्कर्म व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अच्छी खबर | जिले में मैंगो पैक हाउस बनने से आसान हुआ आम का निर्यात, जुलाई में शुरू होगा निर्यात

# विदेशी भी चखेंगे अमरोहा का आम, दुबई से मिला ऑर्डर

प्रबल प्रभाकर, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा के आम की खाड़ी देशों में मांग बढ़ गई है। आम निर्यातकों को विदेश से ऑर्डर मिल चुके हैं। आमतौर पर हर वर्ष 200 टन आम विदेश भेजा जाता है। कारोबारियों का कहना है कि मैंगो पैक हाउस के शुरू होने से आम के कारोबार को और फायदा हुआ है।

अमरोहा का आम देश विदेश में मशहूर है। विदेश में आम के दीवानों को अमरोहा का आम काफी पसंद आता है। सरकार ने भी अमरोहा जिले में मैंगों पैक हाउस खोलकर बड़ी सौगात दी है। अमरोहा से अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, सऊदी, ईरान, इटली समेत जर्मनी, इंग्लैंड व लंदन तक आम निर्यात किया जाता है। इन देशों में सबसे ज्यादा अमरोहा के आम की मांग बढ़ी है। जिला मुख्यालय के अलावा तहसील हसनपुर, नौगांवा सादात में आम के बड़े-बड़े बाग


अमरोहा में आम का बाग। ● अमृत विचार

> पिछले बार के मुकाबले इस बार आम की अच्छी फसल है। कई वर्षों के मुकाबले इस बार आम की उपज भी बेहतर है। एक्सपोर्टरों को भी विदेश से आम के आर्डर मिल चुके हैं। जुलाई माह की शुरुआत से आम एक्सपोर्ट किया जाएगा।
>
> –सर्वेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी अमरोहा

है। जहां पर भारी मात्रा में आम की पैदावार होती है। इनमें दशहरी, चौसा, लंगड़ा, बंबइया फजरी आदि मशहूर हैं। विदेशी भी यहां के आम का स्वाद चखने का इंतजार करते हैं। अमरोहा के आम की मिठास के विदेशी भी लोग दीवाने हैं। कारोबार के नजरिए से इस बार यहां के आम उत्पादों के लिए भी मिठास भरी खबर है। इस साल अमरोहा के आम की एक बड़ी खेप दुबई जाएगी। सीजन की शुरुआत में ही स्थानीय निर्यातक को 10 कंटेनर आम का बड़ा ऑर्डर मिला है। इसमें सिर्फ दशहरी, लंगड़ा व चौसा का निर्यात होना है। मैंगो संगठन के अध्यक्ष नदीम सिद्दीकी ने बताया कि दुबई से आम के आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं। जुलाई से विदेश में आम भेजने शुरू हो जाएंगे। एक्सपोर्टर की माने तो अधिक गर्मी होने के कारण आम की तुड़ाई नहीं की गई थी। क्योंकि इससे आम में मिठास कम रहती है। अब बारिश होने के बाद बागों में आम की तुड़ाई तेज होगी। क्योंकि बारिश से आम का स्वाद भी बढ़ेगा और वजन भी बढ़ जाएगा। जिसके बाद आमों को विदेश भेजा जाएगा।

#### अमरोहा से निर्यात होगा सऊदी अरब के लिए आम

विदेश के लोगों को अमरोहा का आम काफी पसंद है। खासकर सऊदी अरब और खाड़ी देश के लोग अमरोहा के आम की ज्यादा डिमांड करते हैं। यहां के आम के मिठास उनको भा रही है। एक्सपोर्टर नदीम सिद्दीकी ने बताया कि अरब के देशों तक आम का निर्यात हो रहा है। बताया कि इस बार अधिक संख्या में खाड़ी देशों में आम निर्यात होगा।

#### दशहरी, चौसा व लंगड़ा सभी की पसंद है

अमरोहा का दशहरी, चौसा और लंगड़ा सभी की पसंद है। विदेश में सबसे ज्यादा ऑर्डर भी इन तीन वैरायटी के ही मिलते हैं। इसके अलावा दूसरी किस्म के आम भी विदेशी कारोबारी के सामने रखे गए। लेकिन वह कोई खास अपनी पहचान नहीं छोड़ पाए। जिसके चलते आम उत्पादक भी अपने बागों में इन्हीं आम की पौध लगा रहे हैं।

#### पिछले वर्ष से 10 प्रतिशत बढ़ी आम की फसल

अमरोहा जिले में 20 हजार हेक्टेयर में आम की फसल की पैदावार होती है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत आम की फसल में वृद्धि हुई है। आम के बाग जिले के नौगांवा, हसनपुरा, रजबपुर क्षेत्र में स्थित है। जिले से हर वर्ष कई सौ टन आम विदेश को सप्लाई किया जाता है।


सलेमपुर गोसाई के उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं का स्वागत करती शिक्षिका।

# छात्र-छात्राओं का परिषदीय स्कूलों में किया गया स्वागत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गर्मियों के अवकाश के बाद परिषदीय स्कूल शुक्रवार को खुल गए। विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं का शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

बता दें कि 20 मई से ग्रीष्म अवकाश के बाद से विद्यालय बंद चल रहे थे। शासन द्वारा स्टॉफ के लिए 26 जून से विद्यालय खोलने के आदेश थे, जबकि 28 जून से बच्चों को बुलाने का आदेश दिया गया था। सलेमपुर गोसाई स्थित परिषदीय स्कूल में शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। शुक्रवार को समर कैंप में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियां सिखाई गईं। कैंप में बच्चों को योग भी कराया, शिक्षकों ने बच्चों को कहानी सुनाकर प्रोत्साहित किया। कम्पोजिट विद्यालय तिगरिया खादर के डॉ. पृथी सिंह व कम्पोजिट विद्यालय सिहाली जागीर की मिथलेश ने बताया कि पहले दिन बच्चों की संख्या बेहतर रही।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period
Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal
Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

# पुलिस टीम पर हमला कर गैंगस्टर को छुड़ाया

## पुलिस कर्मियों को दांतों से काटा, वर्दी फाड़ी, आरोपी को पकड़ने गई थी बुलंदशहर व संभल पुलिस

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव में गैंगस्टर आरोपी को पकड़ने गई बुलंदशहर के थाना औरंगाबाद व हयातनगर थाने की पुलिस टीम पर हमला कर महिलाओं व ग्रामीणों ने आरोपी को छुड़ा लिया। लाठी डंडों से हमला व पथराव के साथ ही पुलिस कर्मियों के हाथों में दांतों से काटकर उनकी वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए 19 नामजद एक दर्जन अज्ञात महिलाओं व ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बुलंदशहर जिले के थाना औरंगाबाद के उप निरीक्षक सुमित गौतम व सिपाही संदीप शर्मा हयातनगर थाना पुलिस की टीम को लेकर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा में गैंगस्टर के मामले में वांछित आरोपी रिहान को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। घर पर छापा मारकर पुलिस टीम ने रिहान को हिरासत में ले लिया।



पुलिस गिरफ्त में पुलिस टीम पर हमले के आरोपी। ● अमृत विचार

- **अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए पांच लोगों को किया गिरफ्तार**

पुलिस रिहान को लेकर चली तभी रिहान के परिजनों के साथ महिलाओं व ग्रामीणों की भीड़ ने पुलिस को घेरकर रोक लिया।

रिहान को छुड़ाने के लिए महिलाओं व ग्रामीणों ने पुलिस के ऊपर लाठी डंडों से हमला करने के साथ ही पथराव भी शुरु कर दिया। हमलावर भीड़ में शामिल कई महिलाओं व ग्रामीणों ने धक्का मुक्की करते हुए पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ दी।

इसके साथ ही दांतों से पुलिस कर्मियों के हाथों में काटकर महिलाओं व ग्रामीणों ने रिहान को छुड़ा लिया। पुलिस टीम पर हमले की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए असलम, नौशाद, सलमान मलिक, नासिर व असलम को गिरफ्तार कर लिया।

> थाना हयातनगर में बुलंदशहर जिले के थाना औरंगाबाद की पुलिस गैंगस्टर में वांछित रिहान को गिरफ्तार करने आई थी। इस दौरान रिहान के परिजनों महिलाएं व आसपास के लोगों ने गिरफ्तारी के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डाली गई। जिसके कारण पुलिस रिहान को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इस मामले में 19 लोगों के खिलाफ थाना हयातनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। **–अनुज कुमार चौधरी,** सीओ, सदर

### 19 नामजद सहित 31 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस टीम पर हमला कर गैंगस्टर आरोपी को छुड़ाने के मामले में उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश की तहरीर के आधार पर साहिल, उवैश, मुस्कान पुत्री शराफत, रियासत, शराफत, लियाकत, सखावत, फिरासत, जीशान, रिहान, शादाब, सरमीन पुत्री सखावत, सलमान, असलम, नौशाद, नासिर, असलम व गुलिस्ता और नाजिया पुत्री लियाकत के अलावा एक दर्जन अज्ञात महिलाओं व ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### पुलिस पर हुआ हमला तो गांव में मची अफरातफरी

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर धतरा गांव में जो हुआ वह बेहद दुस्साहसिक था। जो हुआ उससे अंदेशा यह पैदा होता है कि गैंगस्टर आरोपी रिहान ने पहले ही योजना बना रखी थी कि पुलिस उसे पकड़ने आयेगी तो उसे समर्थक ग्रामीणों व परिवार के लोगों को क्या करना है। पुलिस ने जैसे ही रिहान को पकड़ा वैसे ही महिला व पुरुष अंजाम की परवाह किये बिना पुलिस से टकराने के लिए सामने आ गये। पुलिस पर पथराव व मारपीट शुरु हुई तो गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। इस विवाद से जो ग्रामीण दूर थे उन्होंने डर की वजह से अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिये।

# खेत में मिला दूध वाहन के चालक का शव, हत्या का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- **अनूपशहर में दूध सप्लाई कर लौट रहा था, फुफेरे भाई को दी थी वाहन खराब होने की सूचना**

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में सड़क से करीब 10 कदम दूर बाजरा के खेत में दूध वाहन के चालक का शव पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी ब्रजेश कुमार (25 वर्ष) पुत्र सूरजपाल उर्फ सुआपल सिंह दूध का वाहन (टाटा मैक्स) चलाता था। ब्रजेश कुमार शुक्रवार को अनूपशहर में दूध देकर वापस घर लौट रहा था। फुफेर भाई अनिल का कहना रहा कि ब्रजेश कुमार ने उसे फोन पर बताया कि उसकी वाहन गांव सुंदरपुर के पास खराब हो गई और वह जल्दी से उसके पास आ जाए। अनिल मौके पर पहुंचा तो वहां दूध का वाहन खड़ा था लेकिन ब्रजेश कुमार पास में नहीं था। अनिल ने फोन मिलाया तो मोबाइल बाजरा के खेत में बज रहा था। मौके पर जाकर देखा तो संदिग्ध परिस्थितियों में ब्रजेश कुमार का शव पड़ा हुआ था। ब्रजेश कुमार के शरीर पर चोट के निशान थे। अनिल ने ब्रजेश कुमार के शव को उठाकर गाड़ी से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। ब्रजेश कुमार के पिता सूरजपाल ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि युवक की मौत करंट लगने से हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## एक नजर

### प्रवेश के लिए आज आवेदन जमा करें

**संभल, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल में स्नातक प्रथम वर्ष (बीए, बीएससी, बीकॉम) में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राएं आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट एमजेपीआरयू ऑनलाइन एडमिशन से ऑनलाइन कराकर प्रिंट आउट सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित 29 जून को दोपहर तीन बजे तक जमा कर दें। यह जानकारी प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 29 जून के बाद प्रवेश आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

### हज यात्रा से लौटे डॉक्टर का किया स्वागत

**संभल, अमृत विचार :** मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर कॉलोनी पहुंचकर हज यात्रा से आए डॉ.शहजाद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ.शहजाद ने कहा कि हज के दौरान दुआ की कि देश विजय प्राप्त करे और उन्नति करे। समिति के कार्यकर्ताओं ने 20-20 विश्वकप के बड़े अंतर से जीतने की कामना की। डॉ.नाजिम ने कहा कि एक बार फिर हमारी टीम यह कप जीतेगी। इस दौरान सफदर अली, मोहसिन अली, शाहवेज, हाशिम, मुहम्मद जान, मुहम्मद शाहरुख, राजीव सैनी, महावीर सिंह, रविराज चाहल आदि रहे।

### जुआ खेलते गिरफ्तार, नकदी व अन्य सामान भी किया बरामद

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में जुआ अधिनियम के तहत वांछित को पुलिस ने घर के बाहर सट्टा खेलते गिरफ्तार कर लिया। दो दिन पहले पुलिस ने सरायतरीन के मुहल्ला कछुवायान में छापेमारी कर छह लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया था। इस मामले में सरायतरीन के मुहल्ला नवादा निवासी पीयूष ठाकुर का नाम सामने आने पर पुलिस ने उसके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार की देर रात पीयूष अपने घर के बाहर सट्टा खेल रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और गिरफ्तार कर लिया।



असमोली के शहवाजपुर कला गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर से हादसे का अंदेशा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार :** विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत शहबाजपुर कला में लाल मस्जिद के पास फाउंडेशन पर रखे ट्रांसफार्मर से जमीन में करंट दौड़ने की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर को पोल पर शिफ्ट कराने की मांग उठाई।

ग्राम पंचायत शहबाजपुर कला के ग्रामीणों का कहना है कि जमीन पर फाउंडेशन बनाकर ट्रांसफार्मर रखा है। इसे जमीन से हटाकर पोल पर शिफ्ट कराने की मांग कई बार अधिकारियों से की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बरसात के मौसम में जमीन गीली होने की वजह से करंट दौड़ सकता है। मस्जिद होने की वजह से लोग नमाज पढ़कर निकलते हैं। जेई और एसडीओ से कहने पर भी ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

# खेतों में जलभराव से नष्ट हुई फसलें

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने नाला निर्माण नहीं होने की वजह से खेतों में जलभराव से फसलें नष्ट होने के विरोध में प्रदर्शन किया। एसडीएम को ज्ञापन देकर पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने संपर्क मार्ग पर पुल निर्माण की मांग भी की।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा वाजिदपुरम तक सरकारी नाला बना दिया गया है लेकिन आगे नाला नहीं बना है। जिससे शहर का पानी खेतों में भर गया है और फसलें नष्ट हो गई हैं। किसानों का काफी नुकसान हुआ है। वाजिदपुरम से फिरोजपुर पुल पर नदी तक नाला बनना जरूरी है। कहा कि फसलों को नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पानी की निकासी व्यवस्था नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।



एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकियू असली के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **एसडीएम कार्यालय पर किया भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन**

वहीं कहा कि मध्य गंगा नहर पर गांव रायपुर से पूर्व में ही मूसापुर व अझरा को जोड़ने के दो संपर्क मार्ग हैं। संपर्क मार्गों पर निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। किसी एक मार्ग पर पुल बनना जरूरी है। जिससे आने जाने वाले किसानों को परेशानी न हो। अगर पुल का निर्माण नहीं कराया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान समरपाल सिंह, चौधरी अर्जुन सिंह, जयवीर सिंह, जबर सिंह, मोहम्मद वारिस, मोहम्मद सुलेमान, इंद्रपाल सिंह, गुफरान अहमद, दिनेश सैनी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### बिजली चोरी की आड़ में अवैध वसूली पर लगे रोक

**संभल अमृत विचार :** भाकियू शंकर की पंचायत गांव चमरौआ में हुई। जिसमें युवा जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में संविदा कर्मी एवं अवर अभियंता बिजली चोरी की आड़ में वीडियो क्लिप बनाकर और एफआईआर का डर दिखाकर सौदेबाजी करते हैं। अवैध वसूली पर रोक लगनी चाहिए। अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त करके पात्रों के राशन कार्ड बनवाए जाएं। पंचायत में कुलदीप शर्मा ने कहा कि 9 जुलाई को एडीएम कार्यालय परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विनोद शर्मा, प्रिंस शर्मा, तरुण शर्मा, चमन भाटी, राहुल भाटी, अनिकेत भाटी, महेंद्र सैनी, डॉ. राजू सैनी, आजम खान, रमेश कश्यप, अनीस, यासीन, राजपाल कश्यप, पारुल, बबली, सुमन, रेखा, सुनीता, विनीता, सुषमा आदि रहे। संचालन अंकुर शर्मा ने किया।



रसूलपुर के विद्यालय में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते अध्यापक।

### स्कूलों में पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार :** संभल जिले में ग्रीष्मावकाश के बाद शुक्रवार को परिषदीय स्कूल खुले तो बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ पहुंचे। गुन्नौर क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों का शानदार स्वागत हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को रोली कुमकुम का टीका लगाया और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पहले दिन बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। गर्मियों की छुट्टी के दौरान बच्चों ने खूब मौज मस्ती की लेकिन शुक्रवार से स्कूल खुलने थे तो बच्चों ने स्कूल जाने की तैयारी भी की। शुक्रवार को सुबह उठने के बाद बच्चे तैयार हुए और मुस्कुराते हुए स्कूलों का रुख किया। कई स्कूलों में पहुंचे बच्चों का स्वागत भी किया गया। गुन्नौर के खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शुक्रवार को क्षेत्र के सभी 128 उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर फूल दिए गए। मिड डे मील में कहीं हलवा पूरी तो कहीं खीर बनाई गई। स्कूली छात्रों को शुरूआती दिनों में किताबों का बोझ नहीं लादा जाएगा। पहले दो दिन समर कैंप के जरिये बच्चों में कलात्मक क्षमता विकसित की जाएगी। समर कैंप में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण, पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण, पौधरोपण, विद्यालय में किचन गार्डन, ई-कचरा के दुष्प्रभाव, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, बिजली बचत, सिंगल यूज प्लास्टिक से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि समर कैंप के साथ स्कूल की शुरुआत करने पर बच्चों में नया उत्साह देखने को मिला है।

### विकास कार्यों में तेजी लाने को किया मंथन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विकासखंड बनियाखेड़ा के सभागार में शुक्रवार को विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों के आंकड़े की भी समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखंड क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास के कार्यों पर एवं साथ ही सरकार की संचालित लाभार्थी परक योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया जाए। साथ ही कहा कि यदि क्षेत्र पंचायत सदस्य या प्रधान की ओर से कोई विषय संज्ञान में लाया जाए। तो तत्काल संज्ञान लेकर उस कार्य को किया जाना चाहिए। बैठक में रामपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी कमलकांत सिंह, सहायक पंचायत अधिकारी नीरज सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, प्रधान नंद किशोर दिवाकर, राजपाल सिंह राणा, पूजा राणा, जगदीश वाल्मीकि, कुलदीप सिंह, शिवेंद्र कुमार, मिथिलेश आदि लोगों उपस्थित रहे।

### दुग्ध प्लांट से व मिठाई की दुकानों से लिए सैंपल

**कुढफतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** खाद्य निरीक्षक ने टीम के साथ कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित मिठाई की दुकानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। योगेंद्र मिष्ठान भंडार तथा अंकुर मिष्ठान भंडार बिचैटा चौराहा की दुकानों से मावा का सैंपल लिया गया। वहीं बिचैटा चौराहा स्थित सोहम दुग्ध डेयरी के प्लांट पर पहुंच कर दुग्ध का सैंपल लिया। मुकेश मिष्ठान भंडार बरी चौराहा, राकेश मिष्ठान भंडार कैथल तथा भूड़ी चौराहा स्थित मिठाई की दुकानों पर भी मावा का सैंपल लिया। खाद्य निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर मिठाई की दुकानों पर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। भूडी चौराहे पर रसगुल्ले के प्लांट पर सबकुछ सही पाया गया। लिए गए सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट करते हुए घर से निकालने का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव बहीपुर निवासी ओमप्रकाश व उसकी मां कल्याणी ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। ओमप्रकाश का आरोप है कि बड़े भाई गौरीशंकर व प्रेमपाल आए दिन गाली गलौज करते हुए मारपीट करते रहते हैं। कहा कि गुरुवार को सगे भाइयों ने मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। जिसकी जानकारी ओमप्रकाश ने अपनी मां कल्याणी को दी। जिसके बाद सगे भाइयों ने फोन पर धमकी देते हुए ओमप्रकाश से गांव आने से मना कर दिया। दूसरी ओर कल्याणी पत्नी चंद्रपाल ने भी पुलिस को तहरीर देकर बेटे गौरीशंकर व उसकी पत्नी काजल और दूसरे बेटे प्रेमपाल पर मारपीट करते हुए घर से निकालने का आरोप लगाया।

# जलभराव देख एसडीएम ने बीडीओ को फटकारा

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

**अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा के गांव गौहत में पहुंचे एसडीएम ने जलभराव को लेकर बीडीओ और प्रधान को फटकार लगाई। पानी निकासी कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि नाला निर्माण के साथ ही पास के तालाब की भूमि को और अधिक बढ़ाकर गहरा किया जाए। इससे पहले बीडीओ को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा और वह लौट आए।

गांव में बारिश के बाद जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। सड़कों के अलावा घरों में भी पानी घुस गया है। ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हैं। ग्रामीण सामान को उठाकर एक स्थान से दूसरी जगह ले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों को जानकारी दी लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका तो जिलाधिकारी तक मामला पहुंच गया। जिसके बाद शुक्रवार को डीएम के निर्देश पर पहले बीडीओ गांव पहुंचे तो ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए उन्हें वापस लौटना पड़ा।



संभल के गौहत गांव में जलभराव में डूबे घर। ● अमृत विचार

- **पंवासा के गांव गौहत में जलभराव से घरों में कैद हुए ग्रामीण**

बाद में एसडीएम विनय कुमार मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गांव में चौतरफा जलभराव का नजारा देखकर एसडीएम ने बीडीओ रिजवान हुसैन और प्रधान को फटकार लगाई। एसडीएम ने कहा कि तालाब की भूमि की नापतोल करने के बाद उसे बढ़ाया जाए और गहरा किया जाए। पानी का रुख झील की तरफ करते हुए नाला निर्माण कराने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने मौके पर ही जलभराव से निजात दिलाने के लिए जेसीबी से खुदाई शुरू करा दी। जिससे ग्रामीणों को जलभराव से निजात मिल सकेगी।

## एक बाइक पर सवार पांच लोग हादसे में घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर कार की टक्कर से एक बाइक पर सवार तीन बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव पाली की मढैया निवासी भूप सिंह शुक्रवार को पत्नी विमलेश, पुत्री रोशनी 13 वर्ष, ईशिका 8 वर्ष और बेटे बृजमोहन 5 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल अमरोहा जिले के गांव जैतोली स्थित ससुराल आ रहा था। भूप सिंह बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव गैलुआ के पास पहुंचा। सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे भूप सिंह, विमलेश, रोशनी, ईशिका और बृजमोहन घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुई लोगों की भीड़ ने चालक को पकड़ लिया।



ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण कर एडीएम को निर्देश देते डीएम डॉ.राजेन्द्र पेंसिया।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नवागत जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पेंसिया ने शुक्रवार को संभल में एडीएम कार्यालय के पास स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ईवीएम, बीयू एवं सीयू के बारे में जानकारी ली और निर्देश देते हुए कहा कि वेयर हाउस पर तैनात गार्ड सतर्कता से ड्यूटी पर तैनात रहें। सीसीटीवी कैमरों को लेकर भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था को भी चेक किया तथा जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर आनंद कुमार कटारिया, एसओसी चकबंदी, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में तालाब में डूबकर किशोरी और बच्चे की मौत हो गई। हालांकि किशोरी का भाई बच गया।

थाना क्षेत्र गांव मोहम्मदपुर मालनी निवासी छुन्नन और जीशान शुक्रवार को अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहे थे। छुन्नन का बेटा अब्दुल कादिर (10 वर्ष), जीशान का बेटा अरबाज (5 वर्ष) और बेटी मेहरीन (14 वर्ष) खेतों पर खाना देने के बाद दोपहर करीब एक बजे वापस लौटने लगे। गर्मी होने की वजह से गांव के पास ईंट भट्ठे के गड्ढे में बने तालाब में अरबाज और अब्दुल कादिर नहाने लगे। नहाते वक्त दोनों डूबने लगे तो मेहरीन भाई अरबाज को बचाने के लिए तालाब में कूद गई। मेहरीन भी गहरे पानी में डूबने लगी। नजारा देखकर दूसरे बच्चों ने शोर मचाया। इस बीच पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा मेहरीन का ताऊ मोहम्मद आरिफ रुका और तालाब की तरफ दौड़ पड़ा। अरबाज तो तालाब के किनारे पर उलटा पड़ा मिला और उसकी सांसें चल रही थी। इस बीच अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। अरबाज को बाहर निकालकर डॉक्टर के यहां पहुंचाया तो उपचार शुरू हो गया। तालाब में मेहरीन और अब्दुल कादिर डूब गए। लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। मेहरीन की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि अब्दुल कादिर को डॉक्टर को दिखाया तो उसे मृत घोषित कर दिया गया।



अब्दुल कादिर



मेहरीन

- **भाई को बचाने के लिए किशोरी भी कूदी, भाई तो बच गया खुद डूब गई**

## सीजर डिलीवरी न करने पर प्रतिकूल प्रविष्टि

**बहजोई, अमृत विचार:** गुन्नौर में सीजर डिलीवरी न करने पर चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। संविदा पर बहजोई सीएचसी पर काम कर रहे चिकित्सक की संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

नरौली के एमओआईसी डॉ. विश्वास अग्रवाल, राजपुरा डॉ. मनमोहन शर्मा, पंवासा डॉ. मनोज चौधरी, गुन्नौर के डॉ. पवन सिंह ने मातृत्व बंधन योजना के तहत मातृत्व मृत्यु का कोई ऑडिट नहीं किया था। जिस पर निवर्तमान डीएम ने पांचों एमओआईसी प्रतिकूल प्रविष्टि दी। वहीं बहजोई सीएचसी पर तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉ. खिलेंद्र सक्सेना द्वारा गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 3 महीने से सीजर डिलीवरी नहीं किए जाने पर उन्हें भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। उधर बहजोई सीएचसी पर संविदा पर तैनात डॉ. शेखर वार्ष्णेय द्वारा सीएचसी पर लगातार सीजर डिलीवरी किए जाने में रुचि न लेने पर उनकी संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीएम कार्यालय के निर्देश पर दुष्कर्म आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** चार दबंगों ने बिलारी थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर किशोरी का अपहरण करने के बाद जंगल में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद पिता को इतना डराया कि वह मुकदमा दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। बेटी को दबंगों से बचाने के लिए नखासा थाना क्षेत्र के गांव में रिश्तेदारी में पहुंचाया तो चारों दबंग यहां भी आ पहुंचे और घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म करने लगे। परिजनों ने हिम्मत जुटाकर चारों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया तो पुलिस ने उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के बजाये मामला रफा दफा कर दिया। पिता ने मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई तो अब मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर नखासा पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

- **पहले बिलारी के गांव में चार युवकों ने किया था किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म**
- **पिता ने डर की वजह से बेटी को नखासा के गांव में रिश्तेदारी में छोड़ा तो यहां भी आ धमके दबंग**
- **21 दिन पहले घर में घुसकर किया किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास तो परिजनों ने पकड़कर किया था पुलिस के हवाले**

प्रदेश सरकार महिला अपराधों को लेकर बेहद सख्त है लेकिन समाज में अब भी किस तरह दबंग बेखौफ हैं और पुलिस अपने कर्तव्य से बच रही है इसका बड़ा उदाहरण किशोरी के साथ हुई घटना है। मुरादाबाद जिले के थाना बिलारी क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 साल की किशोरी को अप्रैल माह में अमानत, कौशल, मोती और कपिल रात को उठाकर जंगल में ले गए और बारी बारी से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। सुबह को किशोरी जंगल में पड़ी मिली। दबंगों ने पिता को डराया तो वह मुकदमा दर्ज कराने नहीं गया और किशोरी को नखासा थाना क्षेत्र निवासी अपने रिश्तेदार के यहां छोड़ दिया। आरोप है कि 7 जून की रात को अमानत, कौशल, मोती और कपिल यहां भी आ धमके और घर में घुसकर किशोरी को दबोचकर दुष्कर्म करने लगे। चीख सुनकर परिजन जागे तो चारों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने इस पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। पिता की गुहार पर समाजसेवी फिरोज खान ने मुख्यमंत्री कार्यालय को फोन कर घटना से अवगत कराया गया। जिसके बाद शुक्रवार को आनन-फानन किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर अमानत, कौशल, मोती और कपिल के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। नखासा थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### हरियाली के लिए 1000 पौधे लगाएंगे अधिवक्ता

**संभल अमृत विचार :** जिला सीनियर बार एसोसिएशन संभल की बैठक में जनजीवन के लिए 1000 पौधे लगाने के लिए कार्यक्रम तय किया गया। बैठक में अध्यक्ष राकेश रस्तोगी, अरविंद सिंह, मोहम्मद अरशद, चौधरी अजीत सिंह, माधव मिश्रा, नेत्रपाल सिंह, आर्येंद्र रस्तोगी, सर्वेश रस्तोगी आदि रहे। अध्यक्षता चेयरमैन उमेश कुमार शर्मा ने तथा संचालन शाहिद हुसैन ने किया।

### बहजोई के कोतवाल बने योगेश कुमार यादव

**बहजोई, अमृत विचार :** एसपी ने बहजोई के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र पवार को निलंबित करने के बाद बहजोई कोतवाली की कमान एसपी दफ्तर में तैनात निरीक्षक योगेश कुमार यादव को दी है। एसपी दफ्तर में तैनात निरीक्षक योगेश कुमार को बहजोई का नए प्रभारी निरीक्षक बनाया है। एसपी द्वारा तैनात किए जाने के बाद योगेश कुमार ने बहजोई कोतवाली पहुंचकर चार्ज ग्रहण किया। इसके बाद ही उन्होंने बहजोई थाने में तैनात सभी चौकी इंचार्ज व दरोगा के साथ मीटिंग की।

# टेंपो की बुलेरो से भिड़ंत में किशोर की मौत

## छह घायल, सभी की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर, मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर हादसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर गांव आटा के निवासी टेंपो ने सामने से आ रही बुलेरो कार में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सभी की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक थाना बहजोई के गांव पाठकपुर का निवासी है।



थाना बहजोई के गांव पाठकपुर निवासी देशपाल सिंह का पुत्र शशांक 14 वर्ष व भतीजा देवांश 11 वर्ष दोनों भाई गांव के ही अतीश शर्मा पुत्र नंदकिशोर शर्मा व पंकज पुत्र त्रिलोकी नाथ के साथ बनारस घूमने गए थे।



युवक के शव पर बिलखती मां व अन्य महिलाएं। ● अमृत विचार

- घायलों में मुरादाबाद और बदायूं के लोग भी

चारों लोग गुरुवार की रात ट्रेन से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां रोडवेज बस व ट्रेन नहीं होने पर रेलवे स्टेशन के बाहर से बहजोई के पाठकपुर तक टेंपो से सफर करना तय किया। टेंपो चालक ने रास्ते से अन्य सवारी भी बैठा ली। टेंपो रात ढाई बजे आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बोलेरो कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जिसमें उक्त चारों के अलावा टेंपो चालक संजीव पुत्र सुरेश निवासी पीतल नगरी मुरादाबाद, अंकित, विक्की निवासी बदायूं की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। उपचार को ले जाते समय शशांक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस मृतक की आयु 18 वर्ष बता रही है। मृतक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइकों की भिड़ंत में मां बेटा सहित तीन घायल

**जुनावई, अमृत विचार :** गांव मैढ़ोली निवासी राजेश कुमार शुक्रवार को बाइक से मां कलावती और भाभी संगीता देवी व तीन माह की भतीजी आराध्या को दवा दिलाने गांव सैंजना मुस्लिम जा रहा था। थाना क्षेत्र में मेरठ बदायूं मार्ग जुनावई पेट्रोल पंप के सामने पीछे से बाइक ने राजेश कुमार की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राजेश, कलावती और संगीता घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। टक्कर मारने के बाद चालक बाइक लेकर भाग गया।

## दूसरी महिला के साथ रह रहे पति को पत्नी ने पुलिस को सौंपा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** दिल्ली के रोहिणी निवासी महिला ने अपने पति पर मारपीट करने व दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाया है। महिला के परिजनों ने आरोपी पति को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

दिल्ली के रोहिणी निवासी नेहा पत्नी अजीत ने मंडी समिति के पीछे कॉलोनी निवासी के साथ दो वर्ष पहले शादी की थी। वह महिला के साथ दिल्ली में ही रहता था। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा। मगर एक वर्ष के बाद पति अक्सर महिला के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद महिला का पति किसी अन्य महिला को ले गया और उसके साथ रहने लगा। महिला ने युवक के परिजनों से कई बार शिकायत की, मगर उन्होंने भी महिला की कोई मदद नहीं की। शुक्रवार की सुबह महिला अपने परिजनों के साथ युवक के घर पहुंची और उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी पति अजीत के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

## सार-संक्षेप

### बार एसोसिएशन का कार्यकाल पूरा, चुनाव अधिकारी नियुक्त

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी की एक बैठक शुक्रवार को बार सभागार में संपन्न हुई। कार्यवाहक बार अध्यक्ष नेमपाल सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बार का कार्यकाल पूर्ण हो गया। सर्वसम्मति से अशोक कुमार शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त करते हुए उनसे समय से चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। संचालन बार सचिव राजेश कुमार एडवोकेट ने किया। इस दौरान तमाम अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। बता दें कि बार अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गौड़ का कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया है।




समाज हित संरक्षण समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### दहेज के मुकदमे से आरोपियों के नाम निकालने पर आक्रोश

**संभल, अमृत विचार :** समाज हित संरक्षण समिति की बैठक में दहेज के एक मुकदमे में पीड़िता की गुहार लगाने के बावजूद नामजद दो आरोपियों के नाम साठगांठ कर निकाल दिए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने तय किया कि इस मामले में संस्था की ओर से एक जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें विवेचक और अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप पत्र में निकाले गए दोनों नाम दर्ज करने की मांग उठाई जाएगी। अन्यथा की स्थिति में भूख हड़ताल की जाएगी। इस दौरान चंद्रप्रकाश एडवोकेट, जयपाल सिंह, संजीव शर्मा, महेंद्र स्वामी, संजीव सहारा, नितिन शर्मा, सुरेंद्र सिंह, जोगेंद्र शर्मा रहे। अध्यक्षता महंत भगवानदास शर्मा ने तथा संचालन सुभाष यादव ने किया।

### कुत्तों के झुंड ने हिरण पर हमला कर किया घायल

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे ग्राम पंचायत कुढ़फतेहगढ़ स्थित गैस एजेंसी के कार्यालय के निकट एक जंगली हिरन जंगल में विचरण कर रहा था। तभी कुत्तों का एक झुंड वहां पहुंच गया और कुत्तों के झुंड ने हिरण को घेर लिया तथा पीछा करके बिलारी-आसफपुर रोड के किनारे खाई में गिरा लिया और नोंच कर घायल कर दिया। राहगीरों की नजर पड़ी तो कुत्तों को भगाया। राहगीरों ने हिरण को खाई से बाहर निकाला और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग के उप निरीक्षक विकास नेगी ने वन विभाग की टीम को मौके पर भेज कर घायल हिरण का उपचार कराया। इसके बाद हिरण को जंगल में छोड़ दिया गया।



कुत्तों के हमले में घायल हिरण को देखते राहगीर।

## दो पहिया वाहन चालकों को सड़कों पर नजर नहीं आते गड्ढे, हो रहे हादसे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पालिका की ओर से शहर में आधा दर्जन सड़कों का निर्माण कराया गया है। इसके बाद भी सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। जो अक्सर दो पहिया वाहन चालकों को नजर नहीं आते और वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। लोगों ने शीघ्र ही इन गड्ढों को दुरुस्त कराने की मांग की है।

नगर पालिका ने कुछ समय पूर्व गोशाला रोड, संभल गेट, मुंसिफ रोड, स्टेशन रोड, घंटाघर, मुरादाबाद गेट, मयूर विहार आदि स्थानों पर नई सड़कों का निर्माण कराया है। अब इन सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं, जो रात को अंधेरा होने पर दोपहिया वाहन चालकों को नजर नहीं आते। इतना ही नहीं कई जगह गड्ढों पर बजरी कोल्तार का लेप लगा है। जिससे गड्ढे नजर नहीं आते। जिससे दोपहिया वाहनों का पहिया गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर वाहन पलट जाता है। वाहन सवार लोग घायल हो रहे हैं। नगरवासियों ने शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने की बात कही है।



वेयर हाउस के निकट नई सड़क में बना गड्ढा।

> नई बनी सड़कों पर गड्ढे होने की बात संज्ञान नहीं है। अगर गड्ढे बन गए हैं, तो शीघ्र ही उनको भरवाने का कार्य कराया जाएगा।
>
> –नीतू रानी, एसडीएम/ईओ नगर पालिका

## बरातियों ने घरातियों के तीन युवकों को पीटा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रहोली में बरात चढ़त के दौरान झगड़ा हो गया। जिसमें बरातियों ने तीन भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव मोहल्ला भैड़वाली निवासी रामपाल अपने तीन पुत्र सुखवीर, रॉकी व राजन के साथ गुरुवार की रात अपनी बहन की पुत्री की शादी में भात देने गांव रहोली आया था।

रात को बारात चढ़त के दौरान बराती डांस कर रहे थे, तो राजन बरात देखने लगा। तभी बरातियों के कुछ कहने पर राजन ने विरोध किया, इस पर बरातियों ने राजन के साथ मारपीट की। राजन ने अपने दो अन्य भाइयों को बुला लिया। बरातियों ने तीनों भाइयों को जमकर पीटा।

# तीन माह से मानदेय नहीं मिलने पर स्मार्ट मीटर सर्वे टीम ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग के चन्दौसी डिवीजन में स्मार्ट मीटर सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे में शामिल टीम के सदस्यों को तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। जबकि विद्युत अधिकारियों को सर्वे की जानकारी नहीं है। टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को विद्युत वितरण खण्ड पर प्रदर्शन किया और मानदेय दिए जाने की मांग की।

कई दिनों से स्मार्ट मीटर लगाने के लिए टीम के सदस्य घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। टीम के सदस्यों को सर्वे करते हुए तीन माह का समय बीत गया है। मगर उन्हें मानदेय नहीं दिया गया। जब सर्वे टीम में शामिल लोग विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के पास गए तो उन्होंने सर्वे होने की जानकारी से इंकार कर दिया। सर्वे में शामिल युवकों के पास न तो कोई आई कार्ड है और न ही ज्वाइनिंग लेटर। जबकि विभाग की ओर से कोई अर्थारिटी लेटर भी नहीं दिया गया है।

अब सवाल यह उठता है कि जब विभाग के पास स्मार्ट मीटर सर्वे की जानकारी नहीं है, तो यह टीम सर्वे किसके कहने पर कर रही है।

जबकि इंटेलिस्मार्ट के नाम से कंपनी के मुकेश कुमार निगम प्रोजेक्ट मैनेजर, आरिफ अंसारी डायरेक्टर, राजेश कुमार शर्मा असिस्टेंट मैनेजर इनसे कार्य करा रहे हैं।

शुक्रवार को सर्वे टीम में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मुकेश कुमार, अजय सिंह, अजय कुमार, अंकित कश्यप, शिवम श्रीवास्तव, अंश सक्सेना, पुनीत कुमार, सुमित श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

**विरोध**

- तीन माह से इंटेलिस्मार्ट नाम की कंपनी शहर में घर-घर जाकर करा रही हैं सर्वे
- विद्युत विभाग के पास स्मार्ट मीटर सर्वे की जानकारी नहीं, तो यह टीम सर्वे किसके कहने पर हो रहा

> स्मार्ट मीटर के सर्वे चलने की जानकारी मुझे नहीं है। जानकारी कराई जा रही है कि इस तरह का कोई सर्वे चल रहा है या नहीं। जानकारी के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा।
>
> –अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ प्रथम, विद्युत विभाग

### उद्धव व सुदामा के चरित्र का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के रामबाग धाम स्थित बारहसैनी सेवा सदन में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर उद्धव चरित्र व सुदामा चरित्र प्रसंग का वर्णन सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। राधाकृष्ण के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। सर्वप्रथम यजमान महेंद्र पाल वार्ष्णेय, ऊषा रानी, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय और समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने राधा कृष्ण के विग्रह और भागवत पुराण का विधि विधान से पूजन किया। तदोपरांत वृंदावन से पधारे आचार्य नंद नंदन ठाकुरजी महाराज ने उद्धव चरित्र और सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। सुदामा चरित्र प्रसंग सुन कर श्रद्धालुओं की आंखें भर आयीं। महाराज जी ने उद्धव और गोपियों के बीच हुए संवाद का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि कैसे उद्धव ज्ञान और वैराग्य की बातें गोपियों को समझाते हुये उन्हें कृष्ण को भूल जाने का उपदेश करते हैं और गोपियां उद्धव जी को ही विवेक शून्य कर देती हैं। अंत में भगवान श्री कृष्ण के अन्य विवाहों का प्रसंग सुनाया। जिसमें सत्यभामा और जामवंती से विवाह के कारण को समझाया। राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा भी सुनाई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्योतिष चंद्र वार्ष्णेय, प्रकाश चंद्र, विनीत अग्रवाल, विष्णु गोपाल गुप्ता, दिनेश चंद्र, अमर वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय, राकेश चंद्र आर्य, अमित केएस, राजन वार्ष्णेय, मोहित कुमार, मुकेश चंद्र, सुखदेव वार्ष्णेय, विमल किशोर, जय शंकर दुबे, विमल किशोर समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।



कथा वाचक नंद नंदन जी महाराज।

### यात्री शेड के पीछे मिला महिला का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**उघैती, अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र में इस्लामनगर मार्ग स्थित यात्री शेड के पास एक बुजुर्ग महिला का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। महिला की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं लग सका। पुलिस ने महिला का शव मोर्चरी में रखा है। शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि थाना उघैती क्षेत्र के गांव गदगांव में बिसौली–इस्लामनगर मार्ग पर यात्री शेड के पीछे लगभग 60 साल की महिला का शव पड़ा है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक टीम बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव के लोगों को बुलाकर महिला के बारे में पता किया लेकिन महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। महिला मानसिक मंदित बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# बारिश में बहे अस्थाई मार्ग पर नहीं हुआ यातायात बहाल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** संभल से दिल्ली और बुलंदशहर को जोड़ने वाले मार्ग पर गवां क्षेत्र में यातायात बहाल नहीं हो पाया है। यहां पुल निर्माण का काम चल रहा था लेकिन बारिश के कारण अस्थाई मार्ग पानी में बह गया, जिस वजह से दिक्कत खड़ी हो गई। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने खूब पसीना बहाया लेकिन मार्ग पर यातायात सुचारु नहीं हो सका। वाहनों को डायवर्ट किया गया है।

रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां से करीब चार किलोमीटर दूर गांव उधरनपुर खागी और कमालपुर के बीच संभल-गवां मार्ग पर रपटा नदी के पुल बनाने का काम चल रहा था। वाहनों को दिल्ली और बुलंदशहर की तरफ जाने के लिए अस्थाई मार्ग भी बनाया गया था। गुरुवार को सुबह झमाझम बारिश हुई तो करीब 30 मीटर अस्थाई मार्ग पानी में बह गया। जिस कारण संभल गवां मार्ग पर वाहनों का यातायात बाधित हो गया। मार्ग से वाहनों में सवार लोग नहीं निकल पाए। जिसकी जानकारी होने पर लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत के काम में जुटा लेकिन शुक्रवार को भी मार्ग दुरुस्त नहीं हो सका। सुबह के वक्त मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि पुलिस ने संभल और मुरादाबाद की तरफ जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर दिया है लेकिन इधर से दिल्ली और बुलंदशहर की ओर जाने वाले वाहन नहीं बढ़ पा रहे हैं। जिस कारण लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग भी मरम्मत के कार्य में तेजी से जुटा है।



गवां में मुख्य मार्ग की जगह पर बहता नदी का पानी। ● अमृत विचार

- संभल से दिल्ली, बुलंदशहर को जोड़ने वाले मार्ग पर वाहनों को किया डायवर्ट
- सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लगी रही लंबी कतारें

### अस्थाई मार्ग में जलनिकासी को नहीं डाले थे पाइप

**संभल, अमृत विचार :** संभल गवां मार्ग पर उधरनपुर खागी और कमालपुर के बीच नदी पर पुल बनाने का काम लोक निर्माण विभाग ने शुरु किया तो मिट्टी डालकर अस्थाई रास्ता तैयार किया था। विभाग को पता था कि बरसात शुरु होने वाली है और बरसात में नदी में पानी का बहाव होगा। इसके बावजूद अस्थाई रास्ते में पानी की निकासी के लिए पाइप नहीं दबाये गये। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप दबाये होते तो अस्थाई रास्ता पानी के बहाव से नहीं बहता।

### वैकल्पिक मार्ग पर लगा जाम, रेंगते रहे वाहन

**सौंधन अमृत विचार :** संभल–गवां मार्ग पर गांव उधरनपुर के पास पुल निर्माण को लेकर बना अस्थाई मार्ग बारिश से कट जाने के बाद आवागमन बाधित हो गया। अनूपशहर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन सौंधन मोहम्मदपुर होकर निकलने लगे।



संभल गेट पर नो एंट्री में डीसीएम के पहुंचने पर जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

## नो-एंटी में घुसी डीसीएम, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नो-एंट्री में डीसीएम घुसने से संभल गेट पर जाम की स्थिति बन गई। जिससे लोगों को जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 20 मिनट के बाद यातायात संचालित हो सका। शुक्रवार की दोपहर एक बजे मौलागढ़ की पुलिया से गोशाला रोड होते हुए एक डीसीएम संभल गेट पर पहुंची। सड़क संकरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जबकि पास ही संभल गेट तिराहा पर यातायात पुलिस तैनात रहती है। मगर जाम लगने पर कोई भी यातायात सिपाही मौके पर नहीं पहुंचा। करीब 20 मिनट जाम लगा रहा है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात प्रभारी अनुज मलिक का कहना है कि नो-एंट्री में शहर में घुसने वाले बड़े वाहनों के चालान काटे जाते हैं। इस समय जनपद में वाहन चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 72 घंटे नाला सफाई महाअभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बारिश के मौसम में दस्तक दे दी है। ऐसे में शहर के नालों की सफाई न होने से सड़कों पर जलभराव की समस्या बन गई है। नगर वासियों को जलभराव से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने शुक्रवार से 72 घंटे नाला सफाई महा अभियान का आरंभ किया है।

अभियान की शुरुआत शुक्रवार की सुबह अधिशासी अधिकारी का कार्य भार देख रहीं उप जिलाधिकारी नीतू रानी ने संभल गेट से कराई। शासन ने मानसून के दृष्टिगत नगर निगम व नगर पालिकाओं को देर शाम 72 घंटे का नाला सफाई महा अभियान शुरू करने का निर्देश दिया था। जिससे एसडीएम पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संभल गेट पर पहुंचीं और जेसीबी से नाले की सफाई करा कर अभियान शुरु कराया। घटिया गेट से तेलियांन वाले पुल पर बेको लोडर ट्रैक्टर ट्रॉली लगाकर नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। सफाई खाद निरीक्षकों ने बताया कि 72 घंटे नाला सफाई महा अभियान के तहत वार्ड नंबर मोहल्ला चुन्नी, सीकरी गेट, संभल गेट, आवास विकास पर नालियों की सफाई का कार्य व बदायूं चुंगी पर छोटे नालों का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि नाले के आसपास आवासीय व व्यापार करने वाले व्यापारियों की ओर से दुकानों व घरों का कचरा बड़ी तादाद में थर्माकोल व डब्बा का कचरा भी नाले में डाला जा रहा है। इस पर उप जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय सुपरवाइजरों को आदेश दिए कि ऐसे सभी व्यापारियों से संपर्क कर उन्हें ऐसा करने से रोके व ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान प्रियंका सिंह व सुनील कुमार, दिलशाद, समीम, देशराज यादव उपस्थित रहे।




संभल गेट पर नाले की सफाई करातीं सफाई निरीक्षक। ● अमृत विचार

- एसडीएम ने पालिका अधिकारियों की मौजूदगी में संभल गेट स्थित नाले से शुरू कराया काम

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**म्याऊं ( बदायूं ), अमृत विचार :** कस्बा म्याऊं के पास गौतरा मोड़ पर शुक्रवार को एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को पीएचसी ले गई। किशोर को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत के बाद किशोर के परिजनों में कोहराम मचा है।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव सांडी निवासी देवराज (22) पुत्र शिव सिंह शुक्रवार दोपहर बाइक से अपने बैंक खाते से रुपये निकालने के लिए कस्बा म्याऊं स्थित बैंक जा रहा था। रास्ते में गौतरा मोड़ पर ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई।



वाहन संचालकों व यातायात पुलिस के साथ बैठक करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

# डग्गामार वाहन संचालकों पर की सख्ती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** तहसील परिसर में एसडीएम व सीओ ने अतिक्रमण, अवैध रूप से संचालित स्टैंड व ओवरब्रिज निर्माण को लेकर बैठक का आयोजन किया। जिसमें यातायात प्रभारी व टैक्सी स्टैंड संचालकों ने भाग लिया।

बैठक में डग्गामार वाहन संचालकों से कहा गया कि सोमवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जो सबसे पहले रोडवेज बस स्टैंड से बदायूं चुंगी तक चलेगा।

इसके बाद मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक से बहजोई रोड तक अभियान चलाया जाएगा। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि बहजोई बस स्टैंड से संचालित होने वाली बसों का संचालन शीघ्र बंद कराया जाएगा। अब यह बसें संभल तिराहा से संचालित होंगी। इसके अलावा जितने भी अवैध रूप से टेंपो स्टैंड का संचालन किया जा रहा है। वह शीघ्र बंद करा दिए जाएंगे। अगर कोई अवैध रूप से स्टैंड संचालित होता मिलता है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

- यातायात पुलिस व संचालकों के साथ बैठक में दिए एसडीएम व सीओ ने दिए दिशा निर्देश

## छत से गिरकर प्राइवेट स्कूल के शिक्षक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** लघुशंका करने छत के किनारे गए प्राइवेट स्कूल के एक शिक्षक का पैर फिसल गया। वह छत से जमीन पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज आवाज सुनकर परिजन आ गए। घायल शिक्षक को अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव बरवारा निवासी नंद किशोर गांव नरैनी स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते थे। गुरुवार रात उन्होंने परिजनों के साथ खाना खाया और सोने के लिए छत पर चले गए थे। परिजनों के अनुसार रात लगभग दो बजे वह लघुशंका के लिए छत के किनारे गए। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और छत से नीचे जा गिरे। तेज आवाज होने पर परिजन जाग गए। बाहर निकलकर देखा तो घायल नंद किशोर पड़े थे। परिजन शिक्षक को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मुर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# बढ़ती विदेशी कमाई

हाल ही में आई विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, विप्रेषण के मामले में भारत अग्रणी देश बना हुआ है। विदेशों में कार्यरत भारतीयों ने 2023 में 120 अरब डॉलर की कमाई देश में भेजी थी। उसके बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान हैं, जिन्हें क्रमशः 66, 50, 39 और 27 अरब डॉलर मिले हैं। गौरतलब है कि कुशल भारतीय कामगारों का सबसे बड़ा गंतव्य अमेरिका है। अन्य विकसित देशों के अलावा खाड़ी देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी काम कर रहे हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले विप्रेषण में 2024 में 3.7 प्रतिशत और 2025 में चार प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय हैं। वे विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसका एक संकेत हमें 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ती विप्रेषण राशि से मिलता है। अमेरिका के बाद सबसे अधिक कमाई संयुक्त अरब अमीरात से आई है, जो कुल विप्रेषण का 18 प्रतिशत है। इसके बाद सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच अपनी मुद्राओं में लेन-देन की व्यवस्था होने से औपचारिक माध्यमों से अब अधिक विप्रेषण भेजा जा रहा है। अमीरात और सिंगापुर में यूपीआई भुगतान प्रणाली के चालू होने से कमाई भेजने का खर्च भी कम होगा और समय भी कम लगेगा। विप्रेषण के मामले में एक आशंका यह लगी रहती है कि बाहरी घटनाओं से इसमें कमी आ सकती है। प्रवासन और विप्रेषण आर्थिक और मानवीय विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रवासी कामगार एक ओर अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से दूसरे देशों के विकास को गति देते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने देश के विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाते हैं तथा अपने परिवार की उन्नति का आधार बनते हैं।

वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों में श्रम की उपलब्धता का अभाव है, वहीं कई देशों में बेरोजगारी और कौशल की कमी है। भारत के अधिकतर कुशल कामगार अमेरिका और अन्य विकसित देशों में कार्यरत हैं तथा कम कुशल प्रवासी खाड़ी देशों में हैं। इस वितरण से बाहरी घटनाओं का असर कम होगा, इसलिए वैसी स्थिति में भी विप्रेषण में स्थिरता बनी रहेगी। बहुत से देश प्रबंधित प्रवासन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसका लाभ भारत जैसे देशों को मिल रहा है। विप्रेषण बढ़ना निश्चित ही उत्साहजनक है, पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कामगारों को जोखिम, शोषण, भेदभाव आदि का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में कुवैत में एक इमारत में आग लगने से कई भारतीय कामगारों की मौत हो गई। वहीं इटली में एक भारतीय श्रमिक को सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। इस संबंध में हमारे दूतावास और उच्चायोगों के सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# क्या संभव है संविधान को बदलना



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास।

संविधान को बदलना और संविधान में संशोधन करना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। लोकसभा में 400 सीटें मिलें तो एनडीए सरकार संविधान बदल देगी, प्रतिपक्ष इस मुद्दे के साथ चुनाव में गया और एक बड़ा विमर्श पूरे देश में खड़ा भी कर दिया, विपक्ष को इसका अत्यधिक लाभ भी हुआ। हालांकि बीजेपी ने इसका काउंटर करने का प्रयास किया, लेकिन चुनाव परिणाम के आधार पर कह सकते है वे इस विमर्श को तोड़ने में नाकाम रहे। भाजपा के कुछ उम्मीदवारों के बयान भी वायरल हुए, जिसका सार ये था कि "राज्य सभा और लोक सभा दोनों में बहुमत मिला तो भाजपा के पास संविधान में संशोधन करने की ताकत आ जाएगी।" इन बयानों के इतर भी पिछले कई सालों से कांग्रेस और विपक्ष के कई दल भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। क्या संविधान में संशोधन किया जा सकता है और किया जा सकता है तो करने की शर्तें क्या हैं?

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है,पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया,ये आगे काम आएगा।

अब वापस चलते हैं दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी वाली बात पर। स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास। जैसे लोकसभा में कुल 543 सीट हैं, लेकिन मान लीजिए जिस दिन बिल पर वोटिंग हुई उस दिन सिर्फ 350 सांसद ही उपस्थित हों। ऐसा क्यों? जैसे स्कूल के क्लासरूम की टोटल स्ट्रेंथ 50 बच्चों की होती है, पर कोई न कोई अनुपस्थित हो जाता है। वैसा ही संसद में भी होता है। ऐसा बहुत रेयर होता है कि सारे के सारे सांसद उपस्थित हों। अब इन 350 सांसद में से अगर 176 या उससे ज्यादा सांसदों ने बिल के पक्ष में वोट कर दिया तो ये बिल लोकसभा में पास हो जाएगा। ऐसा ही राज्यसभा में भी होगा। ये तो हुई सिंपल मेजॉरिटी, लेकिन संविधान संसोधन के लिए स्पेशल मेजॉरिटी की जरूरत होती है। इसमें क्या होता है?

यहां गणित थोड़ी बदल जाती है। कैसे? मान लीजिए एक संविधान संशोधन बिल पेश हुआ अब ये बिल तभी पास होगा जब मौजूद सांसदों में से कम से कम दो तिहाई सासंद पक्ष में वोट डालेंगे और पक्ष में वोट डालने वाले सांसदों की संख्या लोकसभा में 272 और राज्यसभा में 123 से ज्यादा होगी। ये स्पेशल मेजॉरिटी है। इस मेजॉरिटी के जरिए, फंडामेंटल राइट्स, डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी। जैसे संविधान के कई हिस्सों को संशोधित किया जा सकता है। हालांकि हमारे संविधान के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिन्हें स्पेशल मेजॉरिटी से भी संशोधित नहीं किया जा सकता। अब यहां सवाल उठता है कि अगर ऐसे संविधान बदला जा सकता है तो क्या कोई सरकार जिसके पास स्पेशल मेजॉरिटी हो और राज्यों में भी उनकी सरकार हो, वो क्या पूरा का पूरा संविधान बदल सकती है? जवाब है नहीं, नहीं, नहीं।

"शिप ऑफ थीसीस" का नाम सुना होगा आपने, एक जहाज के सारे पुर्जे निकालकर अगर दूसरे पुर्जे लगा दिए जाएं, तो क्या वो तब भी वही जहाज रहेगा। विदित है कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 42 वां संशोधन कर 1976 में सोशलिस्ट शब्द जुड़वां दिया था। ये संभव हुआ 42 वें संविधान संशोधन से। हालांकि इस संशोधन से ये इकलौता बदलाव नहीं हुआ। 42 वें संशोधन के जरिए इतने बदलाव किए गए कि लोगों ने इस संशोधन को ही एक मिनी कांस्टीट्यूशन का नाम दे दिया। इनमें शामिल थे कुछ बदलाव, जैसे सुप्रीम कोर्ट के जुअरिस्डिक्शन यानी अधिकार दायरे को कम करना। इस संशोधन के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट किसी भी संवैधानिक संशोधन के मामले में सुनवाई नहीं कर सकता था। (अगर सरकार ने कोई ऐसा संशोधन किया, जिससे देश के नागरिकों को समस्या है तो भी वो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकते हैं) इमरजेंसी की प्रॉसेस को आसन बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ज्यूडिशियल रिव्यू की ताकत को कम किया गया। इमरजेंसी के बाद 1978 में जनता पार्टी की सरकार बनी। इस सरकार ने 44 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया और इस संशोधन के जरिए 42 वें संशोधन की सभी गैर संविधानिक बातों को बदला गया। हालांकि इस कदम से ज्यादा महत्वपूर्ण है सुप्रीम कोर्ट का एक निर्णय जो इस 42 वें संशोधन से पहले आया था और इस निर्णय ने कई बार असंवैधानिक संशोधन से संविधान को बचाया। क्या था इस निर्णय में? एक बेहतरीन नियम। संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने वाला कोई भी संशोधन मान्य नहीं होगा। मूल भावना क्या है? डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर- साल 1973, देश का सबसे प्रसिद्ध संविधानिक केस, केशवनंदा भारती केस 13 जजों की बेंच और कुछ बेहतरीन जजमेंट्स। इसी केस से जन्म हुआ डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर का।

इसका मतलब है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के किसी भी हिस्से को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया तो उस हिस्सा का संशोधन नहीं किया जा सकता। समय के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के कई अलग-अलग हिस्सों को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया। जैसे- फंडामेंटल राइट्स, सेकुलरिज्म, जुडिशल रिव्यु आदि। इसने संविधान को बदलने का स्कोप खत्म कर दिया, क्योंकि इसके कई सारे हिस्से बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हो गए हैं। बात बची संशोधन की वो भी आसान काम नहीं है। सबसे पहले तो बहुमत का नंबर जुटाना एक बहुत मुश्किल प्रक्रिया है और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एक पैनी नजर से बचना भी असंभव है।

अगर 2024 के चुनावों में बीजेपी की लोकसभा में 400 सीट आ भी जाती तब भी वो राज्य सभा में स्पेशल मेजॉरिटी के नंबर से बहुत दूर है और कुछ संशोधन के मामलों में तो 50 प्रतिशत से ज्यादा राज्यों की मंजूरी भी चाहिए होती है। यानी दूसरे दलों का सहयोग जरूरी होगा। अगर ये सब हो भी जाए तब भी सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई की जा सकती है और सुप्रीम किसी भी संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर सकता है।

## प्रसंगवश

# गलत है भौतिकतावादी सोच

भौतिकतावादी सोच वह मानसिकता है,जिसमें व्यक्ति भौतिक वस्त्रों, संपत्ति और धन को अपने जीवन में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। फिर यह सोच उन पर इतनी हावी हो जाती है कि यही लोग अक्सर व्यक्तिगत सुख, संतोष और सामाजिक प्रतिष्ठा को भौतिक संपत्ति के माध्यम से प्राप्त करने का भरसक प्रयास करने लगते हैं। ऐसे लोग हमारे आसपास ही जीते जागते हम रोज मिल जाएंगे। इनकी संग्रह की मानसिकता इन्हें संपत्ति का संग्रह करने को विवश करने लगती है। इन्हें लगता है कि भौतिक वस्त्रों का संग्रह और उनकी बढ़ती संख्या से खुशी प्राप्त होगी और पूरा जीवन उसी के संग्रह पर लगा देतें हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों में धन का महत्व इतना ज्यादा होता है कि पैसे को जीवन का मुख्य लक्ष्य मान ये कमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की इच्छा रखने लगते हैं। सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दूसरों को नीचा दिखाने की होड़ में,दूसरों से बेहतर दिखने और उनसे अधिक संपत्ति रखने की होड़ में ये अपना सब कुछ बर्बाद कर देतें हैं। ऐसे लोगों में संतोष की कमी इतनी ज्यादा होती है कि इनके लिए भावनाएं दोयम दर्जे की हो जाती हैं। अधिक संपत्ति और धन के बावजूद भी आंतरिक संतोष और खुशी की कमी इनके जीवन को नारकीय बना देती है। ऐसा नहीं है कि इस मानसिकता के चलते अपने भौतिकतावादी सोच के चलते इनकी हानि न हो रही होती है,



डॉ. सुधा मिश्रा
लखनऊ

पर ऐसे लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके मानसिक तनाव का कारण उनकी अपनी सोच है, उनकी अधिक संपत्ति और धन पाने की होड़ मानसिक तनाव और अवसाद की संभावना को बढ़ा देती है।

समाज भी इसे अछूता नहीं रहता। समाज पर इसका प्रभाव बहुत ही हानिकारक होता है। समाज में असमानता बढ़ती है और लोगों के बीच ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है। हम अगर सच में मानव होने का कर्तव्य पूरा करना चाहते हैं तो हमें भौतिकतावादी सोच के विपरीत, आध्यात्मिक और संतोषजनक जीवनशैली को अपनाना चाहिए, जिससे व्यक्ति आंतरिक शांति और वास्तविक खुशी प्राप्त कर सके। हम एक सुंदर माहौल वाले समाज की संरचना कर सकते हैं। जहां सबके बीच में समान भाव हो एक-दूसरे को नीचा दिखाना न हो।

# नेता विपक्ष का पद तय करेगा राहुल का सियासी भविष्य



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है।

16 वीं और 17 वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही लेकिन, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है?

बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है,पर जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? बहरहाल गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके,जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर से ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है,लेकिन इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि लगातार हारने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली,जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती,कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18 वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे,जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं।

प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़कर दी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

## सोशल फोरम

# तानसेन की कविताई

ग्वालियर के मुहम्मद गौस और वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य, सम्राट अकबर के दरबारी गायक और उनके नवरत्नों में से एक संगीत सम्राट तानसेन हमारे भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुषों में एक रहे हैं। मध्यकालीन ऐतिहासिक दस्तावेज उनकी गायन प्रतिभा के उल्लेखों से भरे पड़े हैं। 'आईने अकबरी' के लेखक इतिहासकार अबुल फजल ने उनके बारे में कहा है-'पिछले एक हजार सालों में उनके जैसा गायक नहीं हुआ।' उनके गहरे मित्र और प्रशंसक भक्त कवि सूरदास ने उनके बारे में लिखा है-भलो भयो विधि ना दिए शेषनाग के कान/धरा मेरू सब डोलते तानसेन की तान! तानसेन का सांगीतिक व्यक्तित्व कुछ इतना बड़ा था कि उसके पीछे उनके व्यक्तित्व के दूसरे तमाम पहलू ओझल हो गए। बहुत कम लोगों को पता है कि ग्वालियर के पास एक छोटे से गांव बेहट के चरवाहे से सम्राट अकबर के दरबार के प्रमुख गायक के ओहदे तक पहुंचे तानसेन अपने समय के एक बेहतरीन कवि भी थे। रसखान की तरह कृष्ण की भक्ति में आकंठ डूबे हुए कवि। ज्यादातर इतिहासकार तानसेन के बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्‌घाटित करने के बजाय उनकी धार्मिक आस्था के विवाद में ही उलझे रहे हैं। उनके कवि व्यक्तित्व के बारे में इतिहासकारों और साहित्य के आलोचकों द्वारा भी नहीं के बराबर लिखा गया। इसकी एक वजह शायद यह है कि कविकर्म तानसेन की महत्वाकांक्षाओं में शामिल नहीं रहा था।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त, आईपीएस

वे स्वांतः सुखाय ही लिखते थे और आमतौर पर अपनी ही लिखी बंदिशें ही गाते थे। उनकी कविताओं का विषय उस दौर के दूसरे कवियों की तरह भक्ति होती थी। कृष्ण उनके प्रिय पात्र थे। कृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा और समर्पण को उस काल के अन्य कृष्णभक्त कवियों के समकक्ष रखकर देखा जा सकता है। उनकी काव्य कृतियों के नाम थे-रागमाला, संगीतसार और गणेश स्त्रोत्र। तानसेन द्वारा रचित ज्यादातर पद और दोहे अब विलुप्त प्रायः हैं,लेकिन उनके कुछ पद संगीत की पुरानी किताबों में अब भी सुरक्षित हैं। **- फेसबुक वॉल से**

# अमन पसंद इंसान



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए।

1980 का मुरादाबाद का सांप्रदायिक दंगा रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मंडल में दो बड़े कस्बे चंदौसी और धामपुर ही थे, जो दंगे से अप्रभावित थे, दोनों हिंदू बहुल थे। 19 या 20 अगस्त की रात्रि 9 बजे एक मिश्रित मोहल्ले में एक हिंदू के घर में धमाका हुआ, जिसमें तीन लोग हल्के घायल हुए। हम तत्काल फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां घायल परिवार तथा पड़ोसी हिंदू पास के मुसलमानों पर बम फेंकने का आरोप लगा रहे थे तथा मुसलमान अपनी सफाई दे रहे थे।

भीड़ बढ़ रही थी। साथ ही सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। हमने पाया कि वह देशी बम था। मौके पर मुजम्मिल खां, राजेन्द्र कुमार जैन, हरिओम अग्रवाल, हंसराज बतरा तथा अन्य कई नेता आ गए या हमने बुलवा लिए। मौके पर कुछ स्थानीय पुलिस को छोड़कर हम घायल तथा कुछ नेताओं को लेकर थाने आकर जब रिपोर्ट लिखाने को कही तो उपस्थित हिंदू नेताओं ने वादी को समझाकर कहा कि जब उसने बम फेंकने वाले को देखा ही नहीं तो शंका पर गलत नामजदगी उचित नहीं। वादी ने अज्ञात मुलजिमों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया। हमने उनकी मरहम पट्टी कराकर उन्हें घर भेज दिया। हम मुलजिम का पता लगा रहे थे कि इसी तरह की कई घटनाएं रातों में मोहल्ला बदल-बदल कर कभी हिंदू के घर कभी मुसलमान के घर होने लगीं। हर घटना में दोनों पक्षों की भीड़ जुटती,जबानी युद्ध और दूसरे संप्रदाय पर दोषारोपण होता। दोनों पक्षों के नेताओं की सहायता से मामला शांत कराया जाता। किसी मुकदमें में कोई नामजद नहीं हुआ और पुलिस झूठे मुल्जिम को गिरफ्तार करने से बच गई। हर घटना में देशी बम का प्रयोग हो रहा था और हम मुलजिम ढूंढ़ नहीं पा रहे थे। हमें डर था कि यदि इन बमबारी में कभी कोई मरा, तो दंगा अवश्य हो जाएगा। इन मामलों में मुजम्मिल खां तथा कुछ अन्य का महत्वपूर्ण योगदान था। वह हर मौके पर पहुंचकर अन्य के साथ दोनों पक्षों को समझाते व गलत नामजदगी से बचाते रहे। 15-20 दिन बाद एक दोपहर एक साधारण से व्यक्ति ने मेरे कार्यालय आकर बताया कि वह अमरोहा का मूल निवासी है व मुरादाबाद में रहता है। उसका एक पुराना मकान कोट मुहल्ले में है उसमें कोई नहीं रहता। जब वह ताला खोलकर घर में गया तो एक आलमारी में कुछ तंबाकू के डिब्बे वाले बम देखे। मैं उछल पड़ा। आज तक पुलिस एक भी बम बरामद नहीं कर सकी थी। मैं फोन पर निरीक्षक कोतवाली को उस स्थान पर बुलाकर उस व्यक्ति के साथ उसके मकान पर पहुंचकर देखा, मकान जीर्णशीर्ण था तथा ऊपरी छत कुछ टूटी थी। हमें उस आलमारी में 35 तंबाकू के डिब्बे वाले बम मिले, लेकिन किसने रखा, यह पता नहीं चल सका। बाद में पता चला मोहल्ले के हिंदुओं की जानकारी में बम आत्मसुरक्षा हेतु चोरी से रखा गया था।

हमनें प्रभावशाली व्यक्तियों की गोष्ठी कर यह बात समझाई कि बम रखना व फेकना बंद कराएं, कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर आक्रमण नहीं कर पाएगा। तब तक हमें एक कंपनी सीमा सुरक्षा बल तथा फौज की एक टुकड़ी मिल चुकी थी, जिसका फ्लैग मार्च भी हो चुका था। तब से बमबारी बंद हुई, लेकिन हम सही अभियुक्त नहीं ढूंढ़ सके, यह हमारी बड़ी विफलता थी। मुरादाबाद के ईदगाह की घटना के विरोध में कुछ खुराफाती मुस्लिम नेताओं ने जुमे की नमाज के बाद किसी मस्जिद से शहर में विरोध मार्च निकालने के लिए योजना बनाई, जिसमें तय हुआ कि अमुक मस्जिद से दोपहर की जुमे की नमाज के बाद विरोध मार्च निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाए। मीटिंग में शामिल मुजम्मिल खां ने वहां से लौटकर यह सूचना मुझे फोन से दे दी तथा नेताओं के नाम भी बता दिए। मैंने उन नेताओं को फोन कर बताया कि अमुक मस्जिद से कल नमाज बाद जुलूस निकालने की योजना है, जिससे कुछ गड़बड़ हो सकता है, आप जुमे की नमाज वहीं पढ़िएगा और सुनिश्चित करिएगा कि जुलूस न निकले। उन नेताओं के जुमे की नमाज में शामिल होने से तथा वहां पुलिस प्रबंध होने से जुलूस नहीं निकल सका। यह प्रयास अगले दो जुमा में भी हुआ, लेकिन मुजम्मिल खां की सूचना के कारण हम हर बार सतर्क रहे और जुलूस नहीं निकल सका। बाद की उनकी मीटिंग में लोगों ने यह प्लान लीक करने का आरोप मुजम्मिल खां पर लगाया। मुजम्मिल खां ने आरोप स्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी भी ऐसी योजना का साथ नहीं देंगें, जो शहर में अशांति पैदा करे। खां प्रभावशाली व साहसी व्यक्ति थे,उनका सामने से कोई विरोध न कर सका।

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए। आधे घंटे बाद एक व्यक्ति दौड़ता हुआ कोतवाली आकर बताता है कि मुजम्मिल खां तथा विधायक खुर्शीद अहमद के भाई में झगड़ा हो रहा है। मैं निरीक्षक मय फोर्स के वहां पहुंचे तो पाया कि उस मुस्लिम मुहल्ले में लगभग 150 व्यक्ति एकत्र हैं और खां अपनी रायफल ताने विधायक के भाई को गाली दे रहे थे। पूछने पर बोले कि यह गरीब मुसलमानों को बरगला कर झगड़ा कराने की बात कर रहा था। मेरे समझाने पर मुझे कौम का गद्दार कहा। उन्होंने उपस्थित मुस्लिमों को बताया कि दंगें होने पर वही लोग मरेंगे, पुलिस मुकदमा भी करेगी और यह विधायक का भाई बच जाएगा। हमने लोगों को समझाकर घर भेजकर खां साहब को भी घर भेजा। ऐसे थे मुजम्मिल भाई।

# शासन के दबाव में न लागू हो धारा

सीआरपीसी एक प्रक्रिया संहिता है, जिसमें लोक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट को कुछ शक्तियां दी गई हैं। इन शक्तियों का प्रयोग कर पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपराध होने की आशंका मात्र पर उसे रोकने के लिए कार्यवाही कर सकते हैं।

सीआरपीसी की एक ऐसी ही बहुचर्चित धारा है, धारा-144। इस धारा के अंतर्गत उपताप या आशंकित खतरे के अत्यावश्यक मामलों में जिला मजिस्ट्रेट या अन्य कार्यपालक मजिस्ट्रेट स्थिति के शीघ्र उपचार के लिए आदेश जारी कर सकता है। आदेश जारी करने का आधार विधिपूर्वक कार्यरत किसी व्यक्ति को बाधा या क्षति की आशंका या मानव जीवन, स्वास्थ्य को खतरा हो, लोक शांति भंग की आशंका हो या के दंगे या बलवे की स्थितियां हो तो उनका निवारण हो जाए, हो सकता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सामान्य जन धारा-144 को इस रूप में जानते हैं कि इसके लागू होने के बाद चार से अधिक लोग किसी लोक स्थान पर एकत्र नहीं हो सकते। यदि लोक शांति को खतरा हो, दंगे या बलवे की आशंका हो तो मजिस्ट्रेट इस आशय का आदेश जारी कर सकता है, परंतु इसमें सिद्धांत और व्यवहार का फर्क रहता है। ये आदेश कर्फ्यू के आदेश से भिन्न होता है। ये आदेश संभावित खतरे से निपटने के लिए जारी किया गया है लिहाजा कार्य व्यापार सब पूर्व की भांति चलते रहते हैं।

पुलिस को अगर लगता है के स्थान विशेष पर अधिक लोगों का एकत्र होना लोक शांति के लिए उचित नहीं है तो पुलिस लोगों को वहां से हटने के लिए आदेशित कर सकती है। इस धारा के अधीन जारी कोई भी आदेश दो महीने तक लागू रहता है। उसके बाद स्वत समाप्त हो जाता है जब तक के उसे पुनः अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया न जाए। 1 जुलाई 2024 से सीआरपीसी के स्थान भारतीय नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। नई संहिता में सीआरपीसी की धारा-144 बिना किसी मूलभूत बदलाव के धारा-163 हो जाएगी। हमारा मानना है कि इस धारा का प्रयोग तभी किया जाना चाहिए जब परिस्थितियां इसके लिए उचित हों न कि शासन के दबाव में लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने के लिए। क्या जनहित में बार-बार इस धारा का उपयोग उचित है?

## एक नजर

### विश्वविद्यालय के 13 कर्मचारी हुए प्रोन्नत

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 13 कर्मचारियों को प्रोन्नत कर दिया गया है। पदोन्नति समिति की संस्तुति और कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव संजीव कुमार ने प्रोन्नति का आदेश जारी किया। उन्होंने कर्मचारियों को पदोन्नत विभाग में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया। प्रोन्नत न होने पर कर्मचारियों ने कुछ महीने पहले विरोध भी जताया था। प्रोन्नत होने वाले कर्मचारियों में वरिष्ठ सहायक संगीत कुमार, शत्रुघन मौर्य, इफ्तेखार आदिल, पंकज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार सैनी, ज्ञान सिंह, कनिष्ठ सहायक समीर गुप्ता, आकाश, मानवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, वशुंधरा राणा, अमित कुमार शाही और सौरभ सिंह हैं।

### शिक्षकों से पैसे मांगने के मामले में समिति बनाई

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शिक्षकों के एकल ट्रांसफर के लिए प्राचार्य और प्रबंध समिति के सचिव के नाम पर पैसे मांगने के मामले में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने समिति बना दी है। समिति का समन्वयक वाणिज्य विभाग के डॉ. अनूप कुमार को बनाया है। समिति की जांच रिपोर्ट के बाद मामले में कोई कार्रवाई की जाएगी। वहीं कॉलेज में शिक्षकों के बीच पैसा मांगने वाले बाबू का नाम भी सामने आ गया है।

### बीच सड़क पर युवक की गर्दन रेतने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** पत्नी से अवैध संबंध को लेकर बीच सड़क पर युवक की गर्दन रेत कर हत्या की कोशिश करने वाले को बारादरी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दूसरे जिले में भागने की फिराक में था।कैंट थाना क्षेत्र के नरियावल मोहनपुर ठिरिया निवासी फैजान कुरैशी मूल रूप से कोतवाली हरदोई का रहने वाला है। वह बुधवार रात 10 .30 बजे जोगीनवादा निवासी रिंकू के ठेले पर रोल खाने आया था। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। रिंकू ने उसे सड़क पर गिरा दिया और चाकू से गला रेता, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### आंगनबाड़ी केंद्र का रिफाइंड बेचने के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना अधिकारी ने थाना कादरचौक पुलिस को तहरीर देकर एक महिला समेत तीन लोगों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

तहरीर के अनुसार थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज निवासी नाजिम नौ जून को अपने ई-रिक्शा से आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित होने वाले रिफाइंड के पाउच बोरे में भरकर ले जा रहा था। लोगों ने उसका ई-रिक्शा पकड़ा था और डायल 112 पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची। बोरे से रिफाइंड के 50 पैकेट बरामद किए। सालारपुर और कादरचौक के बाल विकास परियोजना अधिकारियों के अलावा कादरचौक की मुख्य सेविका ने मामले की जांच की थी।

# राणा का दूसरा सिटी स्टार होटल भी टूटेगा, सीके वैली भी सील

## गोलीबारी से पहले रात को सीके वैली में ही ठहराया गया था बदमाशों को, होटल कई और मानकों के खिलाफ बना है

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक आवासीय नक्शे पर बना, दूसरे का नक्शा ही नहीं कराया स्वीकृत

**अमृत विचार :** प्लॉट पर कब्जे के लिए गोलीबारी से पहले मुंशीनगर के जिस सीके वैली होटल में भाड़े के बदमाशों को ठहराया गया था, शुक्रवार को उसे अवैध करार देते हुए बीडीए ने सील कर दिया। इसके अलावा तुलाशेरपुर में राजीव राणा के दूसरे सिटी स्टार होटल को भी सील किया गया है। बीडीए अफसरों के मुताबिक राणा का यह सिटी स्टार होटल भी बगैर नक्शा मंजूर कराए बनाया गया है और उसे भी जल्द ध्वस्त किया जाएगा।

बीडीए की टीम ने शुक्रवार सुबह 10.30 बजे पुलिस फोर्स के साथ मुंशीनगर पहुंचकर होटल सीके वैली की छानबीन की। इसमें पता चला कि मोहम्मद चांद नाम के शख्स ने सीएआरआई गेट के सामने आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराकर यह तीन मंजिला होटल बनवा लिया था। चार साल पहले बीडीए में इस होटल को अवैध बताते हुए वाद भी दायर किया गया था। अब जेई की संस्तुति पर एक्सईएन प्रवर्तन योगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सीओ अनीता चौहान और एसीएम प्रमोद कुमार के साथ होटल को सील कर दिया।

इसके बाद बीडीए की टीम ने तुलाशेरपुर में राजीव राणा के दूसरे सिटी स्टार होटल को भी सील कर दिया।

करीब तीन सौ वर्ग मीटर जमीन पर यह होटल भी बीडीए की स्वीकृति और मानचित्र के बगैर बनवाया गया था। इसमें भूतल और प्रथम तल का निर्माण किया गया था।

बीडीए के अफसरों के मुताबिक यह होटल कई और मानकों के खिलाफ बना है। होटल के सामने सड़क सिर्फ पांच फुट चौड़ी है और उसमें पार्किंग भी नहीं है। बगल में खाली प्लॉट पर कूड़ा इकट्ठा होता है।

राणा के सत्ताधारी नेताओं से संबंधों के दम पर यह अवैध होटल आवासीय बस्ती में चल रहा था। अधिकारियों के मुताबिक सील करने के बाद जल्द ही इसे भी तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

**भीड़ को वीडियो बनाने से रोका**

तुलाशेरपुर में आबादी के बीच चल रहे सिटी स्टार होटल को बीडीए की टीम सील करने पहुंची तो आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए।

कुछ लोगों ने छतों पर पहुंचकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। पुलिस प्रशासन की टीम जब पहुंची तो सामने एक घर की छत पर खड़े होकर वीडियो बना रहे युवकों के सख्ती से मोबाइल फोन बंद कराकर छत से उतार दिया।

### हिस्ट्रीशीटर केपी अब भी फरार

राणा का प्रमुख सहयोगी हिस्ट्रीशीटर सभासद हिस्ट्रीशीटर केपी यादव अब भी फरार है। पुलिस उसका कोई पता नहीं लगा पाई है। केपी यादव ने कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के लिए अर्जी लगाई थी जिस पर शुक्रवार को सुनवाई भी थी लेकिन वह कोर्ट भी नहीं पहुंचा। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## जेल गया राणा, नाटकीय ढंग से हाजिर कराने वाले रडार पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होटल-कोठी पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू होने के कुछ ही देर बाद आकर हो गया था हाजिर
- कुछ सफेदपोशों पर हाजिर कराने का शक, एसएसपी ने शुरू कराई जांच

**अमृत विचार :** अपना होटल और कोठी ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई के बीच अचानक हाजिर हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा को शुक्रवार को पांच और आरोपियों के साथ जेल भेज दिया गया। इनमें उसके भाई और बेटे भी शामिल हैं। इसके साथ उन सफेदपोश लोगों को भी चिह्नित करने में जुट गई है जिन्होंने नाटकीय ढंग से हाजिर होने में राणा की मदद की। एसएसपी ने यह जिम्मेदारी एसपी देहात मानुष पारीक को सौंपी है।

पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार रात सीओ अनीता चौहान के साथ इज्जतनगर पुलिस और एसओजी ने अलग अलग दबिश देकर राणा के परिवार के चार लोगों के साथ उसके ड्राइवर को गिरफ्तार किया। इनमें 34 ए संजयनगर में रहने वाला राजीव राणा का भाई हरिओम सिंह और राधेश्याम, सुरेशशर्मा नगर में रहने वाले उसके दो बेटे आशीष और राजन और जोगीनवादा की गोसाई गौंटिया निवासी उसका ड्राइवर दिनेश कठेरिया शामिल है।

> राजीव राणा को किसने नाटकीय ढंग से पुलिस के सामने हाजिर कराया, इसकी जांच एसपी देहात मानुष पारीक को दी है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी। गोलीकांड के छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके साथ राजीव राणा को भी शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।
>
> – अनुराग आर्य, एसएसपी

इन सभी के भी नाम पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट कब्जे के लिए दो घंटे तक गोलीबारी के बाद थाना इज्जतनगर में दर्ज कराई गई एफआईआर में शामिल हैं। राणा के साथ शुक्रवार को इन सभी को जेल भेज दिया गया।पुलिस अब उन लोगों को चिह्नित करने में भी जुट गई है जिन्होंने राजीव राणा उसके होटल और कोठी को गिराए जाने के दौरान नाटकीय ढंग से हाजिर कराया। पुलिस का कहना है कि राणा की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ से उत्तराखंड तक पांच टीमें दबिश दे रही थीं। जिस तरह उसने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने के दो घंटे के अंदर कैमरों के बीच आत्मसमर्पण किया, उससे साफ जाहिर है कि वह कुछ लोगों के संपर्क में था ।

### ... तो क्या शहर में ही छिपा हुआ था राणा

संजयनगर में अपनी कोठी और होटल पर बुलडोजर चलना शुरू होने के कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचकर हाजिर होने वाला राणा कहां छिपा हुआ था, यह अब तक साफ नहीं हुआ है। सिर्फ अटकलबाजी ही चल रही है। हालांकि, यह साफ तौर पर माना जा रहा है कि वह शहर में ही छिपा था या कहीं आसपास था। तभी इतनी जल्दी मौके पर पहुंच गया। यह भी सवाल उठ रहा है कि अगर वह शहर में छिपा था तो उसे किसने शरण दे रखी थी।

### स्नातक में प्रवेश कोआवेदन का कल अंतिम मौका

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन की 30 जून अंतिम तिथि है। शुक्रवार रात तक 92 हजार से अधिक आवेदन हो गए थे। अब महाविद्यालयों को मेरिट के आधार पर प्रवेश करने होंगे।

स्नातक में प्रवेश के लिए 10 मई से पंजीकरण हो रहे हैं। विश्वविद्यालय ने 9 जून आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की थी। कम संख्या में आवेदन और छात्रों की मांग पर तिथि बढ़ाकर 30 जून की गई थी। अभी भी पिछले साल के सापेक्ष अभी कम आवेदन हुए हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय एक बार फिर तिथि बढ़ा सकता है लेकिन अभी इसका निर्णय नहीं लिया गया है।

### बीएससी जीव विज्ञान और बीए में अधिक आवेदन

बरेली कॉलेज में स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 जुलाई है। अब तक सबसे ज्यादा बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए छात्रों ने आवेदन किया है। जीव विज्ञान में सीटों के सापेक्ष ढाई गुना आवेदन आने से मेरिट हाई रहेगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए में प्रवेश के लिए 3190, बीएससी जीव विज्ञान में 1815, बीएससी गणित में 640, बीकॉम में 882, बीकॉम ऑनर्स में 275, बीबीए में 464 और बीसीए में 542 आवेदन हुए हैं।

# निपटा सीमा विवाद, संभल का था घटनास्थल

संवाददाता, सहसवान ( बदायूं )

- सीसीटीवी फुटेज में नरौरा-बुलंदशहर तक बच्चे को ले जाते दिखे बाइक सवार बदमाश
- दो दिन पहले थाना जरीफनगर क्षेत्र में खेल रहे बच्चे का अपहरण कर ले गए थे बाइक सवार



गांव समसपुर मलिक फत्ता में घटनास्थल पर पैमाइश करते हल्का लेखपाल सुमित कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र में महावा नदी के पुल के पास खेल रहे चार साल के बच्चे का 26 जून को दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की। जिसमें बाइक सवार दो बदमाश बच्चे को ले जाते नजर आए हैं। पुलिस को बदमाश बच्चे को लेकर जिला संभल जाते नजर आए हैं लेकिन पुलिस दो जिलों के सीमा विवाद में उलझ गई। जिसके चलते हल्का लेखपाल को बुलाकर पैमाइश कराई तो घटनास्थल जिला संभल का निकला।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव समसपुर मलिक फत्ता निवासी महाराम का चार साल का बेटा संजय अपने भाई और अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बाइक सवार दो युवक उनके पास आकर रुके। गांजा का नशा करने लगे। लगभग आधा घंटे के बाद उन्होंने संजय के साथ मौजूद सतीश और अरविंद को 50 रुपये देकर गांव से गिलास और नमकीन लेने भेज दिया। दोनों बदमाशों ने संजय को उठाकर बाइक पर बैठा लिया और अपहरण करके ले गए। पुलिस ने क्षेत्र में वाहनों को चेक किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो दो बदमाश बच्चे को बाइक पर बैठाकर जिला संभल की सीमा में ले जाते नजर आए लेकिन पुलिस अभी भी खाली हाथ है। नरौरा से बुलंदशहर तक बदमाश नजर आए हैं। जरीफनगर ने पुलिस घटनास्थल जिला संभल के थाना जुनावई क्षेत्र का बताया है। जिसके चलते पुलिस ने हल्का लेखपाल सुमित कुमार सिंह को पैमाइश के लिए बुलाया। लेखपाल ने पैमाइश की तो घटनास्थल थाना जुनावई क्षेत्र के गांव मंसूरपुर का निकला है। पुलिस ने अनहोनी की आशंका जताई है। दोनों थानों की पुलिस बच्चे की तलाश में लगी है। प्रभारी निरीक्षक रविकरन ने बताया कि बच्चे की तलाश की जा रही है।

## हैंडपंप पर पानी भरने के दौरान गिरी दीवार, बच्ची की मौत, एक घायल

संवाददाता, विजय नगला ( बदायूं )

**अमृत विचार :** सरकारी हैंडपंप पर पानी भर रही दो सगी बहनों के ऊपर कच्ची दीवार गिर गई। दोनों बहनें उसके नीचे दब गईं। आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। दोनों बहनों को मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला गया। तब तक एक बच्ची की मौत हो चुकी थी जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल थी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्ची की मौत पर परिवार में कोहराम मचा है।

मामला थाना बिनावर क्षेत्र के गांव दियोरीजीत का है। शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे अरविंद की 6 साल की बेटी स्वाती और 3 साल की बेटी नन्हीं घर के सामने लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई थीं। हैंडपंप के पास ही नसीम का कच्चा मकान है। जिसकी दीवार अचानक दोनों बहनों के ऊपर गिर गई। वह दोनों दीवार के मलबा में दब गईं। तेज आवाज सुनकर उनके परिजन और पड़ोसी पहुंच गए। दोनों को मलबा से बाहर निकाला गया लेकिन स्वाती की मौत हो चुकी थी और नन्हीं गंभीर रूप से घायल थीं। घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरे पुत्र नावेद आलम ने अपनी मर्जी से बिना परिवार की मर्जी के लगभग तीन वर्ष पूर्व अमरीन से शादी कर ली थी। जिस कारण उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों एवं किसी भी लेनदेन के वे दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे, मैं और मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा। परवेज आलम पुत्र स्व. श्री सरदार अली नि. मौह. 162, बजरिया झब्बू खां राजद्वारा थाना कोतवाली तह. सदर जिला रामपुर।

# अश्लील ऑडियो प्रकरण में थाना प्रभारी निलंबित

संवाददाता, रुद्रपुर

- प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के बाद इंस्पेक्टर पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** पुलिस विभाग में खलबली मचाने वाले अश्लील ऑडियो के आरोपी थाना पंतनगर प्रभारी को एसएसपी के आदेश के बाद निलंबित कर पुलिस लाइन से अटैच कर दिया गया है। अब पुलिस ने प्रकरण की विस्तारपूर्वक पड़ताल शुरू कर दी है।

किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा थाना पंतनगर के थाना प्रभारी पर वहीं की रहने वाली एक युवती के साथ अश्लील ऑडियो का प्रकरण डीजीपी के समक्ष उठाया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी अभिनव कुमार ने तत्काल प्रकरण की जांच कर चौबीस घंटे में रिपोर्ट प्रेषित करने का आदेश दिया। पुलिस कार्यालय में आदेश पत्र आते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने प्रकरण की तफ्तीश जिले की महिला आईपीएस से करवाई। चौबीस घंटे की प्रारंभिक पड़ताल के बाद आई रिपोर्ट के आधार शुक्रवार की दोपहर को एसएसपी ने अश्लील ऑडियो प्रकरण के आरोपी थाना पंतनगर प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी को निलंबित कर पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि प्रथम दृष्टया अश्लील ऑडियो की पुष्टि हो चुकी है।

## आज शहर के बाहर से गुजरेंगे वाहन

**हल्द्वानी,अमृत विचार :** वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। शनिवार और रविवार के लिए प्लान लागू किया गया है। बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। रामपुर रोड से नैनीताल जाने वालों को पंचायतघर तिराहे से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड, हनुमान मंदिर, कालाढूंगी बाईपास रोड से वाया कालाढूंगी होते हुए नैनीताल में प्रवेश करेंगे। जबकि भीमताल, भवाली, कैची धाम, अल्मोड़ा जाने वाले शीतल होटल तिराहे से मुड़कर तीनपानी तिराहा से गौला बाईपास होते हुए नारीमन तिराहे पर निकलेंगे।

# मलबा आने से आठ घंटे बंद रहा पूर्णागिरि मार्ग

संवाददाता, टनकपुर

- चम्पावत की तीन ग्रामीण सड़कें दूसरे दिन भी नहीं खुलीं

**अमृत विचार:** जनपद के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में हो रही वर्षा से एक ओर जहां लोगों ने गर्मी से राहत ली वहीं कई स्थानों पर यह वर्षा लोगों के लिए आफत भी बन गई। वही यह बरसात किसानों की धान की रोपाई के लिए काफी लाभदायक बताई जा रही है।कई काश्तकारों ने मैदानी क्षेत्र टनकपुर बनबसा में धान की रोपाई भी शुरू कर दी है। चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में कई जगह जल भराव से लोग परेशान रहे। वहीं पूर्णागिरि मार्ग में बाटनागाड़ भी आफत बन गया है।

शुक्रवार सुबह छह बजे बाटनागाड़ में मलबा और बोल्डर आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद हो गया। जिसके कारण मां पूर्णागिरि धाम में आने जाने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।लोडर मशीनों की सहायता से मलबा हटाकर दोपहर दो बजे बाद वाहनों की आवाजाही सुचारू की गई। इधर जनपद की तीन ग्रामीण सड़कें दूसरे दिन भी बंद रहीं। शुक्रवार की शाम तक पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा नहीं हुई, जिससे मलबा गिरने की बड़ी घटनाएं सामने नहीं आईं।

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### बीएसए कार्यालय से गायब हो गईं मृतक आश्रित शिक्षक की पत्रावलियां

**बदायूं, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में मृतक आश्रित शिक्षक पद पर गलत चयन के आरोप की सीबीसीआईडी जांच की जा रही है। पत्रावलियां मांगी गई हैं जिससे जांच को आगे बढ़ाया जा सके। परंतु नियुक्ति पत्रावली ही गायब कर दी गई है। इतना ही नहीं जांच एजेंसी को कागजात तक मुहैया नहीं कराए जा रहे हैं। विभाग ने एक पत्र जांच एजेंसी को भेजा है, जिसमें कहा कि पटल हस्तांतरित करने वाले एक बाबू की मौत हो चुकी है और कुछ सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इन सभी के द्वारा पटल हस्तांतरित करने के दौरान पत्रावलियों को उपलब्ध नहीं कराया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग में एक व्यक्ति ने मृतक आश्रित शिक्षक के पद पर गलत तरीके से चयन का आरोप लगाया था। आरोप था कि शिक्षक के माता-पिता दोनों सरकारी सेवा थे। माता-पिता परिषदीय स्कूल में कार्यरत थे। माता की मृत्यु के बाद बेटे को धोखाधड़ी कर शिक्षक पद पर नौकरी दे दी गई। इसे देखते हुए तत्कालीन अधिकारियों द्वारा बीईओ से जांच कराई थी।

**अनदेखी** — महिला चिकित्सक की नहीं तैनाती , कराए जा रहे असुरक्षित प्रसव

# गुन्नौर सीएचसी का महिला अस्पताल बदहाली का शिकार

राजीव ग्वाल, गुन्नौर



गुन्नौर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित महिला अस्पताल बदहाली का शिकार है। महिला चिकित्सक की तैनाती न होने से अस्पताल में महिला प्रसूताओं और नवजात शिशुओं के देखभाल की जिम्मेदारी स्टाफ नर्स, एएनएम व आशाओं के कंधों पर है। यहां बदहाली का आलम यह है कि प्रसूताओं को वार्ड में बिना पंखे के अंधेरे में नवजात शिशुओं के साथ रहना पड़ता है। महिला विंग में पेयजल की व्यवस्था नहीं है। अस्पताल परिसर में लगे एकमात्र इंडिया मार्का हैंडपंप से साफ पानी नहीं निकल रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सीएचसी परिसर में 30 शैय्या (बेड) का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग का निर्माण बच्चों और प्रसूताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कराया गया था ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। 2.76 करोड़ की लागत से तैयार मैटरनिटी विंग साढ़े तीन साल में फरवरी 2017 में बनकर तैयार हुआ। तीन मंजिला महिला विंग में ग्राउंड फ्लोर ओपीडी, फॉर्मेसी व प्रसव कक्ष हैं। अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे कक्ष हैं पर, इनमें उपकरण नहीं हैं। वहीं महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ भी नहीं हैं। शिशु केयर यूनिट, ऑपरेशन थियेटर, लिफ्टिंग है लेकिन उपकरण और विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। दवाओं के नाम पर यहां सिर्फ आयरन, कैल्शियम और पैरासिटामाल के टेबलेट ही हैं। प्रसूता के तीमारदारों को बाहर से दवा लाने के लिए पर्चा थमा दिया जाता है। दवा के नाम पर तो कुछ है भी लेकिन मरीज की जांच के नाम पर तो कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि किसी गर्भवती महिला के प्रसव से पहले उसकी विभिन्न जांचें की जानी चाहिए। ऐसे में महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर गुन्नौर को सिर्फ आकर्षक भवन ही मिला है। कुल मिलाकर तीन मंजिला इमारत प्रसूताओं के काम नहीं आ रही है। जरूरी सुविधाएं और डॉक्टरों के न होने से अस्पताल में स्टाफ नर्स की ही चलती है। यहां गर्भवती महिलाओं की जान जोखिम में डाल कर भगवान भरोसे प्रसव कराए जा रहे हैं।

### विशेषज्ञ की देखरेख में होना चाहिए प्रसव

**गुन्नौर, अमृत विचार :** चिकित्सा नियमों के अनुसार, स्त्री रोग विशेषज्ञ व सर्जन चिकित्सक की देखरेख में ही गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराना चाहिए लेकिन सरकार व विभागीय अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही के कारण यहां गर्भवती महिलाओं का असुरक्षित प्रसव कराया जा रहा है। मार्च 2023 तक यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति शर्मा तैनात रही थीं। उनके बाद डॉक्टर मीना बज्मी की तैनाती हुई लेकिन वह अभी हाल ही में 31 मई को इस्तीफा देकर अपना क्लीनिक संचालित कर रही हैं। महिला अस्पताल में सात-आठ प्रसव प्रतिदिन कराए जाते हैं।

> इस वर्ष एक अप्रैल से जून 2024 तक करीब 600 महिलाओं का प्रसव कराया गया और 20 से अधिक नवजात शिशुओं का इलाज करने के बजाय उन्हें रेफर करना पड़ा है।
>
> –वंदना सक्सेना, स्टाफ नर्स

> केवल गंभीर मामलों में ही मरीजों को रेफर किया जाता है। अस्पताल में महिला व बाल रोग विशेषज्ञों की आवश्यकता है। फिर भी मरीजों को सुविधा के लिये हर संभव प्रयास किये जाते हैं। खराब पंखे ठीक कराए जा रहे हैं और पेयजल की समुचित व्यवस्था करा रहे हैं।
>
> –डॉ. पवन सिंह, सीएचसी अधीक्षक

## राजस्थान का निकला एयरपोर्ट को उड़ाने का वाईफाई कोड

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल प्रकरण में पुलिस ने अपनी तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए भेजे गए ईमेल का वाईफाई कोड का पता निकाल लिया है। इसके बाद पुलिस की एक टीम जल्द ही राजस्थान के लिए रवाना हो सकती है।

11 मई को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पंतनगर की ई-मेल आईडी पर एक मैसेज आया। इसमें मैसेज भेजने वाले ने पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। ई-मेल आईडी पर धमकी भरा मैसेज आने के बाद जहां पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं विमानपत्तन प्राधिकरण भी धमकी को लेकर चिंतित हो गया। प्रकरण को लेकर थाना पंतनगर पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी थी।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस की साइबर टीम ने यह पता लगा लिया कि 11 मई को एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स ने राजस्थान के वाईफाई का इस्तेमाल किया था।

### हालत बिगड़ी तो बुलाने पर भी सोते रहे डॉक्टर और नर्स मोबाइल पर खेलती रही

# केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में नर्स ने यूट्यूब देखकर की डायलिसिस, बच्चे की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन के गिड़गिड़ाने और गुहार लगाने का वीडियो वायरल
- केजीएमयू प्रशासन ने डॉक्टर, स्टाफ की लिखित शिकायत की

**अमृत विचार :** केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के पीआईसीयू वार्ड में डायलिसिस के दौरान लापरवाही बरतने से बच्चे के गले में गंदगी फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर परिजन ने स्टाफ से गुहार लगाई। विश्राम कक्ष जाकर गिड़गिड़ाए लेकिन वहां सो रहे डॉक्टर नहीं उठे, नर्स मोबाइल पर खेलती रही।

परिजन के गिड़गिड़ाने पर मरीज को देखने के बजाए स्टाफ हंसता रहा। कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। लापरवाही के आक्रोशित परिजन ने अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन से डॉक्टरों और स्टाफ की लिखित शिकायत भी की है। गोरखपुर के नंदानगर निवासी जीतेंद्र यादव शटरिंग का काम करते हैं। उनके बेटे अभ्युदय (9 माह) के शरीर पर रैशेज पड़ गए थे। जीतेंद्र ने बेटे को डॉक्टर माला कुमार की देखरेख में 28 मई को जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया था। करीब एक सप्ताह बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ था। कुछ दिनों बाद ही निमोनिया की शिकायत हुई। परिजन बच्चे को दोबारा से 6 जून को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर लाए। यहां आईसीयू में बेड खाली न होने की वजह बता कर लौटा दिया गया। परिजन उसे लेकर गोमतीनगर स्थिति निजी अस्पताल ले गए। पिता के मुताबिक यहां पैसे अधिक लग रहे थे। इसके बाद 14 जून को ट्रॉमा के पीडियाट्रिक वार्ड के पीआईसीयू में भर्ती कराया।


अभ्युदय जिसकी जान गई।


डायलिसिस यूनिट में मोबाइल चलाते हुए नर्स।

मामा प्रवीण यादव ने बताया कि हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने 72 घंटे की डायलिसिस की सलाह दी। इसके लिए 28-28 हजार कीमत की दो किट और 17 हजार का डायलिसिस में इस्तेमाल होने वाला पानी मंगाया। आरोप है कि गुरुवार रात नर्स ने यू ट्यूब पर देखकर डायलिसिस मशीन को ऑपरेट किया। बच्चे के शरीर का खून मशीन में जाने के बाद मशीन बंद हो गई। वापस खून बच्चे के शरीर में नहीं जा सका। काफी खून अलग बह गया, उसे स्टाफ ने कूड़े में फेंकवा दिया।

डायलिसिस में लापरवाही से गुरुवार रात करीब दो बजे बच्चे के गले में गंदगी फंस गई। इससे उसकी सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजन ने स्टाफ से गुहार लगाई। विश्राम कक्ष जाकर गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन सो रहे डॉक्टर नहीं उठे। नर्स मोबाइल पर खेलती रही। परिजन के गिड़गिड़ाने पर स्टाफ हंसता रहा। कोई सक्शन (गंदगी को मशीन से निकालने) करने भी नहीं आया। परिजन ने खुद ही सक्शन किया। कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की मौत से मां बबिता रोते-रोते कई बार बेहोश हो गई।

#### दरोगा बोला, शिकायत करोगे तो शव लावारिस में कर देंगे

परिजन का कहना है कि डॉक्टरों की लापरवाही का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर मदद की गुहार लगाई। मौके पर पहुंचे जिम्मेदारों ने आईसीयू में वीडियो बनाने पर कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर वीडियो डिलीट करने का दबाव डाला। पुलिस ने तीमारदारों को फटकारा। एक दरोगा ने कहा कि शिकायत करोगे तो बच्चे के शव को लावारिस में दाखिल कर दिया जाएगा। परिजन लापरवाही का आरोप लगाकर केजीएमयू प्रशासन से लिखित शिकायत की है। शिकायत में जिम्मेदार डॉक्टरों व स्टाफ का नाम भी लिखा गया है।

#### वायरल वीडियो में गिड़गिड़ाते दिख रहे परिजन

डॉक्टर साहब बच्चे की सांसें उखड़ रहीं हैं, पल्स रेट तेजी से गिर रहा है उसकी जान बचाइए, सिस्टर आप ही देख लीजिए, अरे कोई तो सुनो, मासूम की मदद करिए नहीं तो वो मर जाएगा। शोर होने पर अन्य मरीजों के परिजन की नींद खुल गई, वह पीआईसीयू पहुंचे गए, लेकिन विश्राम कक्ष से में सो रहे डॉक्टरों नहीं आए।

"बच्चा गंभीर हालत में लाया गया था। उसमें बुखार, डायरिया, निमोनिया, पैंसिटोपेनिया के लक्षण थे। उसकी हालत लगातार गंभीर होते जा रही थी। उसकी स्थिति की जानकारी भी परिजनों को दी जा रही थी। गुर्दे खराब होने के दशा में डायलिसिस किया गया। वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया। लेकिन कार्डियक अरेस्ट होने से उसे बचाया नहीं जा सका। **- डॉ. सुधीर सिंह,** प्रवक्ता केजीएमयू

## कई आईएएस और आईपीएस बदले

- बृजेश सिंह बदायूं के कप्तान बने

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने शुक्रवार को भी कई आईएएस और आईपीएस के तबादले किए हैं। इनमें से प्रवीण कुमार लक्षकार को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। राजगणपति आर को सिद्धार्थनगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी रहे पवन अग्रवाल को बलरामपुर का डीएम बनाया गया है। आईएएस मदन सिंह गर्विंयाल को कानपुर नगर आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं आईपीएस आनंद प्रकाश तिवारी उप्र. से आसाम वापस भेजे गए हैं। बृजेश सिंह को एटीएस से स्थानांतरित कर बदायूं का कप्तान बनाया गया है। 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश असम कॉडर के अधिकारी थे। बलरामपुर के कप्तान केशव कुमार को हटाकर वेटिंग में डाल दिया गया है।

## शिक्षकों की मांगों के लिए आंदोलन करेगा माध्यमिक शिक्षक संघ

**लखनऊ, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग गठन समेत कई मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का एलान किया गया। पहले जिला मुख्याल, फिर मंडल मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी सरकार ने मांगें पूरी नहीं की तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। एलएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल सदन में शिक्षकों के हित में आवाज उठाएंगे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को प्रांतीय कार्यालय पर हुई। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने, वित्त विहीन को मानदेय दिलाने, विषय विशेषज्ञ की सेवा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने समेत कई मांगों को लेकर प्रदेश भर में 3 से 14 जुलाई तक संघर्ष संपर्क कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# दहेज के मामलों में मनमाने रूप से हत्या की धारा जोड़ना गंभीर

### बिना किसी ठोस साक्ष्य केआरोपों का निर्धारण गलतः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा दहेज हत्या और दहेज से संबंधित अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामलों में बिना किसी ठोस साक्ष्य के आईपीसी की धारा 302 को नियमित और यांत्रिक रूप से जोड़ने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि दहेज और दहेज हत्या से जुड़े मामलों में 302 को जोड़ना गंभीर और अधिक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों की प्रकृति के आधार पर आरोप तय किए जाते हैं, न कि केवल हवा में या मनमाने ढंग से आरोपों का निर्धारण किया जाना चाहिए, जबकि निचली अदालतें कानून के आदेशों या किसी गलत धारणा के तहत बिना किसी ठोस सामग्री के वैकल्पिक आरोप



के रूप में धारा 302 को जोड़ती जा रही हैं, जिससे आरोपी के लिए विनाशकारी परिणाम हो रहे हैं।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य जब धारा 302 के तहत आरोप तय करने का समर्थन करते हैं, तभी ट्रायल कोर्ट को हत्या का आरोप तय करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने राम मिलन बुनकर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया और सभी आक्षेपित निर्णयों को रद कर दिया। इसके अलावा अभियुक्त के खिलाफ लगाए गए आरोपों को फिर से तय करने के बाद सभी मामलों को फिर से सुनवाई के लिए संबंधित सत्र न्यायालय को वापस भेज दिया तथा किसी भी पक्ष को अनुचित स्थगन दिए बिना 31 दिसंबर 2024 तक मामले की सुनवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2010 में एक मामले में सभी अधीनस्थ न्यायालयों को निर्देश दिया था कि वह धारा 304 बी के आरोप में धारा 302 को भी जोड़ें, जिससे महिलाओं के खिलाफ बर्बर अपराधों में मौत की सजा दी जा सके। हालांकि वर्ष 2013 में जसविंदर सैनी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि जिन मामलों में दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है अगर साक्ष्य अनुमति देते हैं तो धारा 302 के तहत भी आरोप तय किया जा सकता है। संभवतः वर्तमान मामले में ट्रायल कोर्ट ने उक्त आधार पर ही धारा 302 के तहत औचित्य न होने के बावजूद हत्या के आरोप जोड़ दिए।

# वीडियो फुटेज, ऑडियो रिकार्डिंग कोर्ट में होगा मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, 1 जुलाई से होगा लागू 170 धाराओं का प्रावधान

**अमृत विचार :** 1 जुलाई से भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। इसमें जांच के दौरान घटना स्थल का वीडियो फुटेज और गवाहों की ऑडियो-वीडियो रिकार्डिंग कोर्ट में मंजूर होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में काफी बदलाव किया है। नए कानून में 170 धाराएं हैं, जबकि पुरानी में 167 धाराएं थी।

नए अधिनियम में सुविधा दी गई है कि अदालत में इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल साक्ष्य पेश किए जा सकेंगे। जिनमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, मेल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कंप्यूटर, डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल और सर्वर लॉग को पेश और स्वीकृत किया जा सकेगा। इनकी मान्यता कागज में रखे जाने वाले रिकार्ड के बराबर होगी। नए कानून के तहत केस डायरी, एफआईआर, आरोप पत्र और प्रकरण से संबंधित सभी जानकारी का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा। 1 जुलाई से लागू हो रहे तीन नये कानूनों में से एक भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य कोर्ट में दस्तावेज के रूप में मान्य होंगे। नये कानून में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को दस्तावेज जबकि इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त बयान को साक्ष्य के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड को कानूनी स्वीकार्यता और वैधता मिल गयी है। पुलिस ने मुख्यालय से लेकर थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों को नये कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है।

#### डिजिटल रिकॉर्ड से कोर्ट आसानी से लेगा निर्णय

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए इसमें इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर पर उपलब्ध दस्तावेज, स्मार्टफोन या लैपटॉप के संदेश, वेबसाइट और लोकेशनल साक्ष्य को भी शामिल किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को प्राथमिक साक्ष्य के रूप में मानने के लिए और अधिक मानक जोड़े गये हैं। स्मार्टफोन से घटनास्थल की रिकॉर्डिंग, लैपटॉप से ई-फाइलिंग नये कानून के लागू होने पर अभियुक्तों पर लगे आरोप प्रमाणित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल साक्ष्यों की अहमियत बढ़ जायेगी। इससे न्यायालय के स्तर पर निर्णय लेने में आसानी और फैसले में कम समय लगने की उम्मीद है। सभी जांच पदाधिकारी स्मार्टफोन और लैपटॉप से लैस किया गया है। पुलिस अधिकारियों को स्मार्टफोन की मदद से घटनास्थल पर वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफ, गवाहों के बयान के माध्यम से साक्ष्य इकट्ठा करना होगा। साथ ही लैपटॉप की मदद से पुलिस नेटवर्क और न्यायिक नेटवर्क से जुड़ने की सुविधा मिलेगी। नए कानून को आसानी से लागू करने के लिए राजधानी के सभी थाना प्रभारियों को 112 के प्रशिक्षण हाल में प्रशिक्षित किया जा चुका है। तीन दिन के विशेष शिविर में पुलिस के उच्चाधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। वहीं दरोगा, मुख्य आरक्षी और आरक्षी को प्रशिक्षित करने के लिए सुल्तानपुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में टुकड़ियों में बांटकर नए कानून की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण शिविर में भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए इसमें इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर पर उपलब्ध दस्तावेज, स्मार्टफोन या लैपटॉप के संदेश, वेबसाइट और लोकेशनल साक्ष्य को भी शामिल किया गया है।

## भिखारी को कार में जलाने के मामले में एक आरोपी 17 वर्ष बाद गिरफ्तार

आगरा,एजेंसी

- बीमे के 60 लाख की रकम पाने को रची गई थी साजिश

जिले के रकाबगंज में एक भिखारी को कार में जलाने के 17वर्ष पुराने मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बीमे की रकम पाने के लिए एक भिखारी को कार में अपने कपड़े पहनाकर जिंदा जला दिया था। अहमदाबाद की अपराध शाखा ने नवंबर 2023 में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके मामले का खुलासा किया था और अब रकाबगंज पुलिस ने इसी मामले में मुख्य आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक 30 जुलाई 2006 को एक कार आगरा के किले के सामने टक्कर रोड पर खंभे से टकरायी थी और उसमें भीषण आग लगी थी। इस घटना में चालक सीट पर बैठा युवक जिंदा जल गया था।

पुलिस ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर पुलिस ने भट्टा परसौल निवासी विजय सिंह से संपर्क किया था,जिसके बाद वह आगरा आये और उन्होंने शव की शिनाख्त अपने बेटे अनिल के तौर पर की। अनिल की ट्रेवल एजेंसी थी और उसका करीब 60 लाख रुपये का बीमा था। मृत्यु प्रमाण पत्र बनने के बाद बीमा राशि ले ली गयी। अनिल वास्तव में कार दुर्घटना में मरा नहीं था और अहमदाबाद में पहचान छिपाकर रहने लगा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बीमा के पैसे पाने के लिए अनिल और उसके परिवार ने साजिश के तहत अनिल ने एक भिखारी को खाना खाने के लिए बुलाया, उसे खाना खिलाया और पहनने को अपने कपड़े भी दिए। खाने में बेहोशी की दवा थी जिससे भिखारी बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे कार की ड्राइविंग सीट पर बैठाया और कार को जला दिया।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का चुनाव आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय चुनाव की प्रक्रिया शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हो जाएगी। मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में चुनाव होगा। 29 और 30 जून को होने वाले प्रदेश के 21वें त्रैवार्षिक निर्वाचन में भाग लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से व्यापारी प्रतिनिधियों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसमें करीब 1,000 व्यापारी 102 पदों पर अपने प्रत्याशियों के लिए नामांकन भरेंगे। देर शाम तक अधिकांश पदों पर फैसला हो जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन में शामिल होने के लिए आज से कई जनपदों के प्रतिनिधि लखनऊ पहुंच गये हैं। प्रांतीय कार्यालय में बैठक कर शनिवार को होने वाले चुनाव की रूपरेखा तय की गई।

## अवैध संबंध के शक में भाई ने बहन की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

संवाददाता, सफदरगंज, बाराबंकी

- आरोपी ने पुलिस को खुद जाकर दी सूचना, गिरफ्तार

**अमृत विचारः** स्थानीय कस्बे के नई बस्ती में अवैध संबंध के शक में शुक्रवार की भोर में भाई ने सोते समय बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद थाने जाकर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है।


मृतका जमीला बानो।

सफदरगंज थाना व कस्बा के मोहल्ला नई बस्ती में रहने वाले मोहम्मद उस्मान (50) पुत्र इस्लाम ने शुक्रवार भोर में करीब ढाई महीने से मायके में रह रही अपनी विवाहिता बहन जमीला बानो (30) की अवैध संबंध के शक में कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। सुबह सोकर उठी मां जोहरा ने जब कमरे में जमीला का खून से लथपथ शव देखा तो रोने लगी। जानकारी पाकर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई ने खुद थाने जाकर घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की। बताते चलें कि जमीला बानो का विवाह करीब ढाई वर्ष पूर्व मसौली थाना अंतर्गत त्रिलोकपुर के मो. आसिफ से हुआ था। करीब ढाई महीने से वह मायके में ही रह रही थी। दो दिन पहले उसका पति आसिफ उसे लेने भी आया था, लेकिन वह साथ नहीं गई थी। भाई मोहम्मद उस्मान को शक था कि बहन का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा है। एएसपी (दक्षिणी) डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि जमीला लगभग ढाई महीने से अपने मायके में ही रह रही थी।


### वर्ग पहेली-115

**बाएं से दाएं**

4. विचारधारा; विचारसरणी; सोचने का ढंग।
6. 1. संपूर्ण गणना करना 2. किसी विशेष उद्देश्य से किसी स्थान पर स्थित वस्तुओं की गणना 3. विधि तथा निषेधशास्त्र का विशेष रूप से कथन।
7. 1. किसी वस्तु को बाँटना या वितरण करना 2. अंश या भाग लगाना; विभक्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. दुबला-पतला; छरहरा।
2. प्राय : झुंड में रहने वाला तथा लोमड़ी से मिलता-जुलता एक जानवर।
3. संभोग; मैथुन; रतिक्रीड़ा।
5. गोलियों के चलने की आवाज़।
6. बेसन




### वर्ग पहेली -114 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | नो | | 2 पि | | |
| सां | | | छ | | |
| त | | | ड़ा | | 3 चु |
| | 4 सें | | 5 प | नौ | टी |
| 6 गं | ध | ही | न | | ला |
| | मा | | | | |
| | री | | 7 छु | त | हा |

### सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 9 | | | 1 | | 7 |
| 8 | | 7 | 2 | | | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | 6 | | 1 | | | 9 |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| 6 | | | 3 | | 5 | | | 8 |
| | | | 8 | | 7 | | 4 | |
| | 5 | | | | 3 | 9 | | 2 |
| 3 | | 2 | | | 9 | | 6 | |

### सुडोकू -27 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 8 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 14.19 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष:** आज आपका मन अशांत हो सकता है। लोग आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ डालने का प्रयास करेंगे। महंगे उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**वृष:** आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों की बिक्री बढ़ सकती है। सभी कार्य योजनानुसार ही होते चले जायेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**कर्क:** आज वही कार्य करें जिसको लेकर आपकी योजना स्पष्ट हो। परिश्रम का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिजनों के साथ बैर या किसी तरह का मनमुटाव आज दूर होगा। वैवाहिक जीवन के लिए समय अवश्य निकालें।

**सिंह:** आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। बारिश में भींगने से बचें। वायरल बुखार की चपेट में या सकते हैं। इंश्योरेंस आदि में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

**कन्या:** आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है।

**तुला:** आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दिन है। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**वृश्चिक:** आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहने वाला है। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें।


**धनु:** आज आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है। शरीर में जल की कमी के कारण पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। वैवाहिक संबंध रोमांटिक रहेंगे। आज आपके घर के किसी विवाह योग्य सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है।

**मकर:** आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय लक्ष्यों को समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। जीवनसाथी को आज कुछ उपहार दे सकते हैं। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कुंभ:** आज परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। आप किसी सार्वजनिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आज यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। पहले हुए व्यापार घाटे से आज निजात मिल सकती है।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 08.49 तक तत्पश्चात रेवती।

### आज की फिल्में

B4U Movies
नो प्रॉब्लम
सुबह : 08.18
ड्रीम गर्ल
रात : 09.41

&pictures
अपरिचित
सुबह : 11.06
वेलकम बैक
रात : 07.30

Sony Pix
सुपर मैन
सुबह : 09.20
व्हाइट हाउस डाउन
शाम : 06.36

Zee Cinema
कृष
सुबह : 09.23
सूर्या एस 3
रात : 07.30

Colors Cineplex
अजब प्रेम की गजब कहानी
सुबह : 11.54
भेड़िया
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया- एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी।

भिखारी- भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी- वजन देखना है कि कितना घटा!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 920 फ्लेग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 910 फ्लेग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोवा उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोवा: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से 105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60 से 70 चना काबली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्रा: 125 से 130 लोबिया लाल: 90 से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### कोयला आयात वृद्धि दर घटकर नीचे आई

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है।

### डेयरी कंपनी क्वालिटी के अफसरों पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** सेबी ने डेयरी कंपनी क्वालिटी के पूर्व प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक संजय ढींगरा और अन्य इकाइयों पर कंपनी के वित्तीय विवरण को गलत तरीके से पेश करने के लिए कुल 3.75 करोड़ रुपये का जुर्माना शुक्रवार को लगाया। क्वालिटी दिसंबर 2018 में दिवाला प्रक्रिया में चली गई थी और 2022 में सारदा माइंस ने इसका अधिग्रहण कर लिया था।

# 3.4% बढ़ गईं सरकार की सकल देनदारियां

## वित्त मंत्रालय के मुताबिक मार्च के अंत में बढ़कर 171.78 लाख करोड़ रुपये हुईं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आई। राजकोषीय घाटे के काबू में रहने, एफपीआई प्रवाह और स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली। दूसरी ओर, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल अस्थिर रहा, जो मुख्य रूप से फेडरल रिजर्व की कार्रवाई, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा से प्रभावित था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी 10 वर्षीय प्रतिफल 4.33 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक नए निर्गमों पर भारित औसत प्रतिफल 2023-24 की तीसरी तिमाही में 7.37 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 की चौथी तिमाही में 7.19 प्रतिशत तक नरम हो गया। इसके अलावा, दिनांकित प्रतिभूतियों के निर्गमों की भारित औसत परिपक्वता 2023-24 की चौथी तिमाही में 18.75 वर्ष हो गई। यह 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18.80 थी।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव



सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं करने की शुक्रवार को घोषणा की। एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा-वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही (एक मार्च से 30 जून 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 प्रतिशत रहेगी। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बनी रहेंगी। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। जुलाई-सितंबर 2024 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत रहेगी। सितंबर तिमाही में भी डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज देगी।

# ग्रामीण बैंकों का उनके प्रायोजक बैंक में हो विलय

संवाददाता, अमृत विचार




- बैंकों के दो प्रमुख अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने की मांग
- 43 ग्रामीण बैंक राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से हैं जुड़े

**बरेली:** अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। इन संगठनों का कहना है कि इस कदम से बैंकों की प्रगति होगी और यह एकरूपता के लिए भी जरूरी है।

हालांकि यह मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है। ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे। ऐसा दावा किया जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने प्रायोजक बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में स्टाफ की कमी की समस्या का समाधान होगा। साथ ही आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारी बैंकिंग की नई और मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी बेहद जरूरी है।

ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंक में विलय के बारे में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा का कहना है कि अब आगे यह देखना होगा कि क्या केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर विलय को तैयार होंगी।

### देशभर में 22 हजार ग्रामीण बैंकों की शाखाएं

बता दें कि ग्रामीण बैंकों की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं। पूरे देश में इनकी संख्या 22 हजार के करीब है। देशभर के 702 जिलों में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़कर सभी ग्रामीण बैंक किसी न किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं। देशभर में ग्रामीण बैंकों की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 878 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

## सोने की कीमत में 370 और चांदी में 600 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो पिछले कारोबारी सत्र में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरीः दास

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बताई।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010.60 पर बंद हुआ।

# आठ बुनियादी ढांचा उद्योग मई में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक व इस्पात क्षेत्र में उत्पादन बढ़ा

कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इन आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का सम्मिलित रूप से योगदान 40.27 प्रतिशत है।



# सदन में विपक्षी सदस्यों का आचरण बेहद पीड़ादायी : धनखड़

## राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आसन के समक्ष आने को लेकर सभापति ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के स्वयं आसन के समक्ष आ जाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठों के सदन में यह आचरण उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। सभापति धनखड़ ने कहा-सदन में (विपक्षी सदस्यों द्वारा) जिस तरह का आचरण किया गया, वह अविश्वसनीय है, वह मेरे लिए बेहद पीड़ादायी है।

उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे वरिष्ठ नेता हैं, वह सदन में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन वह आज आसन के समक्ष आ गए। सभापति ने कहा कि सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक भी आसन के समक्ष आ गए। उन्होंने कहा-यह बेहद पीड़ादायी आचरण है। हमें नेता प्रतिपक्ष से ऐसे आचरण की उम्मीद करते हैं जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि-मेरे लिए जो बेहद पीड़ादायी बात है वह यह है कि उन्होंने बाहर जा कर भ्रामक बातें कहीं, बिल्कुल गलत बातें कहीं, बिल्कुल झूठ कहा। उन्होंने जो कहा वह विरोधाभासी है। सभापति ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा पर आघात पहुंचाया गया, उसे तार-तार किया गया और वरिष्ठों के सदन में यह सब उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। इस पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। इससे पहले सभापति कहा था कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे।

### सभापति ने विपक्ष से सौतेला व्यवहार किया : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था। उधर, राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे। बाद में खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि गत सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं, करोड़ों युवाओं से मोदी सरकार ने विश्वासघात किया है।

## चेन्नई हवाई अड्डे पर 21 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घाना से आई एक महिला हवाई यात्री के पास से 21 करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी अफ्रीकी देश की रहने वाली महिला 26 जून को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसे रोक लिया। चेन्नई अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त आर श्रीनिवास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला ने बैग और जूतों में पाउडर के रूप में मादक पदार्थ छिपा रखा था। टीम ने महिला से 21 करोड़ रुपये मूल्य की 2,095 ग्राम कोकीन बरामद की। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नीट मामले में दो और अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड का आदेश

पटना, एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो और अभियुक्तों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त आशुतोष और मनीष से हिरासती पूछताछ के लिए 29 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर उन्हें 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देना है। इससे पूर्व अदालत ने 26 जून 2024 को इस मामले के दो अन्य अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश से पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए एक सप्ताह के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी पर मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

## एक नजर

### हैदराबाद पुलिस ने साइबर अपराध मामला 11 मिनट में सुलझाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद शहर की साइबर अपराध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को साइबर धोखाधड़ी में 18 लाख रुपये गंवाने से बचा लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अंबरपेट निवासी 31 वर्षीय व्यक्ति एक प्रतिष्ठित कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर कर्मचारी काम करता है और किसी ने उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 18 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया था। पीड़ित व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसके पैसे हड़प लिए थे।


### बीएसएफ प्रमुख ने तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जवानों के पेशवर रुख और उनके समर्पण की सराहना की। बीएसएफ प्रमुख का 'जम्मू फ्रंटियर' का दौरा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने को कहा था।

# एनआईए ने गुजरात, महाराष्ट्र में कुछ परिसरों में की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

### भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी का मामला




राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के कुछ संदिग्ध लोगों के गुजरात और महाराष्ट्र स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। पिछले साल जून में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने मामला दर्ज किया था, जिसमें यह छापेमारी की गई है।

एनआईए ने एक बयान में कहा कि एजेंसी ने जुलाई 2023 में दो आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, इसमें एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है, जो फरार है। इसके बाद तीन अन्य लोगों के खिलाफ दो और आरोपपत्र दायर किए गए। इनमें भी एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। बयान के अनुसार एनआईए की जांच से पता चला है कि पाकिस्तानी नागरिकों ने जासूसी गिरोह के गिरफ्तार आरोपियों के साथ सहयोग किया था, जिसमें भारत में आतंकी हिंसा फैलाने की साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील/महत्वपूर्ण जानकारी लीक की जा रही थी। बयान के अनुसार, गोपनीय रक्षा जानकारी के लीक होने से संबंधित 2021 के विशाखापत्तनम पाकिस्तानी आईएसआई जासूसी मामले में शामिल संदिग्धों पर कार्रवाई करते हुए, एनआईए ने शुक्रवार को गुजरात और महाराष्ट्र में तीन स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। माना जा रहा है कि संदिग्धों ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी करने के लिए पाकिस्तान से धन प्राप्त किया। इन संदिग्धों के तीन स्थानों पर स्थित परिसरों की एनआईए के दलों ने गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन और दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्रियां जब्त की गईं।

एनआईए मामले में और अधिक कड़ियों का पता लगाने के लिए जब्त की गई सामग्रियों की जांच कर रही है। यह मामला मूल रूप से काउंटर इंटेलिजेंस सेल, आंध्र प्रदेश द्वारा 12 जनवरी, 2021 को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था।

# कर्नाटक में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत

हावेरी (कर्नाटक), एजेंसी

- सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई वैन, चार घायल

कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से दो लोग आईसीयू में भर्ती हैं। हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने कहा-पीड़ित चिंचोली मायाक्का देवस्थान से शिवमोगा जिले में अपने गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक राजमार्ग के किनारे खड़ा था। वैन ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। जिससे बड़ा हादसा हो गया।

## गायों और बैलों की हत्या के मामले में 24 लोग गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पिछले सप्ताह गायों समेत 60 से अधिक गोवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी नागपुर के हैं और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए इन पशुओं को मारने की साजिश रची गई थी। सिवनी के पिंडराई गांव के पास वैनगंगा नदी में 18 गायों के कटे हुए शव बरामद किये गये थे जबकि जिले के धूमा थानाक्षेत्र के काकरतला वन क्षेत्र में 19 और 20 जून को 28 गायों और बैलों के शव मिले थे।

# वीरशैव लिंगायत के धर्मगुरु ने मुख्यमंत्री पद समुदाय को देने की मांग की

**चिकोडी(कर्नाटक)।** वोक्कालिगा महंत द्वारा सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त करने की अपील करने के एक दिन बाद वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख महंत ने शुक्रवार को अपील की कि मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में उनके समुदाय के मंत्रियों के नामों पर विचार किया जाए। श्रीशैल जगदगुरु चन्ना सिद्धर्म पंडितराध्याय स्वामीजी ने उप मुख्यमंत्री के और पद सृजित करने की स्थिति में वीरशैव-लिंगायत समुदाय के मंत्रियों को उक्त पद देने पर विचार करने की भी मांग की। उन्होंने रेखांकित किया कि राज्य में सरकार बनाने के लिए उनके समुदाय के मत अहम रहे हैं।

# चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया : मोदी

- प्रधानमंत्री ने लोजपा सांसदों से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और वह अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी सांसदों के साथ नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ● एजेंसी

समाजवादी नेता रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन किया था और उनके निधन के बाद पार्टी दो धड़ों में विभाजित हो गई थी। एक धड़े का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं, जबकि दूसरे धड़े का नेतृत्व चिराग पासवान के हाथों में है। दोनों ही धड़े राजग के सदस्य हैं। लोकसभा चुनाव के लिये सीट के बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत भाजपा ने लोजपा (रामविलास) को पांच सीट दी थीं, जबकि पशुपति पारस नीत पार्टी को एक भी सीट नहीं दिया था। भाजपा पर अपनी पार्टी को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, रामविलास पासवान जी मेरे बहुत प्रिय मित्र थे, जिनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि मुझे बहुत याद आती है। मुझे खुशी है कि चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और रामविलास जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

# विश्व कप

मुरादाबाद, शनिवार, 29 जून 2024
www.amritvichar.com



## फाइनल में भारत के सामने दक्षिण अफ्रीका की दमदार चुनौती

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी। टीम चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। कप्तान ने कहा कि मैं जानता हूं कि फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा। भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और मैन टू मैन के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका नजर आ रही है। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**भारतीय समय अनुसार मैच आज रात 8 बजे**





### टीम के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्व कप फाइनल के लिए ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में शनिवार को जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वन-डे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी-20 विश्व कप तक उनसे इस जिम्मेदारी को निभाने का आग्रह किया था। टी20 विश्व कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर 'डूइटफोरद्रविड़' (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चलाया है जिस क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा यह टीम की उपलब्धी होगी।

### भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा : गांगुली



**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी। गांगुली ने कहा कि मैं रोहित के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन चक्र है कि जो छह महीने पहले मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा।

## खेल डायरी

### विश्व टेनिस लीग का तीसरा सत्र होगा अबू धाबी में

अबू धाबी। विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### ब्रिंदा-दीपा को यूके-इंडिया अवार्ड 2024 सम्मान

**लंदन।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में गुरुवार शाम को आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024 में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके के साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

### भारत ने वियतनाम को बैडमिंटन में हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप सी के मैच में वियतनाम को 5-0 से हराया। मिश्रित युगल में भार्गव राम और वेन्नाला के ने फाम वान टी और बुइ बिच फुओंग को 17-21, 21-19, 21-17 से मात दी। एकल में प्रणय शेट्टीगर ने टी कुओक के को 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर ली। तन्वी शर्मा ने टी थि अन को 21-13, 21-18 से हराया। भारत का सामना अब दूसरे दौर में फिलीपींस से होगा।

### आद्या के सामने फाइनल में गौशिका की चुनौती

**नई दिल्ली।** दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या बुधिया शनिवार को इस्लामाबाद में 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के अंडर-13 लड़कियों के फाइनल में हमवतन गौशिका एम से भिड़ेंगी। लड़कों के अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेन अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी नौमान खान को शिकस्त दी। आद्या ने अंतिम चार मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त हांगकांग के चिउ हौ चिंग को शिकस्त दी जबकि चौथी वरीयता प्राप्त गौशिका ने मलेशिया की नौवीं वरीयता प्राप्त मैसरह बिनती मोहम्मद खैरुल निजाम को हराया।

## शेफाली-मंधाना की रिकॉर्ड पारी से भारत मजबूत

### एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट के पहले दिन भारत ने बनाया 4 विकेट के नुकसान पर 525 रन का बड़ा स्कोर



| शेफाली वर्मा | |
|---|---|
| 205 रन | 197 गेंद |

| स्मृति मंधाना | |
|---|---|
| 149 रन | 161 गेंद |

चेन्नई, एजेंसी

युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्ड तोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

शेफाली ने 194 गेंद में 205 रन और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पहले दिन 4 विकेट पर 525 रन बनाए। शेफाली दोहरा शतक के बाद आउट हो गई। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली और मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के अनुभवहीन गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। दोनों लंच तक स्कोर बिना किसी नुकसान के 130 रन तक ले गए। दोनों का शतक एक ही समय पर पूरा हुआ। मंधाना को डेल्मी टकर ने स्लिप में लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी बड़ी साझेदारी है। मंधाना की जगह आई सतीश शुभा 27 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गई। जेमिमा रौड्रिग्स (55) ने हालांकि शेफाली का बखूबी साथ दिया। तेजी से रन चुराने के प्रयास में आपस में तालमेल नहीं बैठ पाने से शेफाली रन आउट हो गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर क्रीज पर है। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।



टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती द. अफ्रीकी गेंदबाज डेल्मी टकर।

### शेफाली-मंधाना ने की बड़ी साझेदारी

शेफाली और स्मृति की जोड़ी ने टेस्ट के पहले दिन 292 रन की साझेदारी की जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट का नया रिकॉर्ड है। दोनों ने 2004 में कराची में वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की साजिदा शाह और किरण बलूच की 241 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। 1987 में वेदरबी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए एलए रीलर और डीए एनेट्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच 309 रन की साझेदारी के बाद महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। शेफाली और मंधाना ने इस तरह 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन की अपनी पिछली सर्वश्रेष्ठ साझेदारी में सुधार किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूनम राउत और थिरुष कामिनी के नाम था, जिन्होंने मैसूर में 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 275 की साझेदारी की थी। शेफाली टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाली भारत की चौथी खिलाड़ी बन गई। उनसे पहले मिताली राज, कामिनी और संध्या अग्रवाल ने यह कारनामा किया है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 525/4 (98 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लेर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लेर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 42 | 76 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 43 | 33 | 9/0 |

**अतिरिक्त** -16 रन, **विकेट पतन:** 1-292, 2-325, 3-411, 4-450
**गेंदबाज :** क्लास 14-2-63-0, डेर्कसन 11-0-60-0, डि क्लेर्क 0-1-62-1, सेखुखुने 10-0-55-0, एमलाबा 24-1-113-0, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

## मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

### नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी

भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है क्योंकि ओलंपिक का टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका यह खिलाड़ी डोपिंग के संदेह में है।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना तय है। वह गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे लेकिन बाद में जारी सूची से उनका नाम हटा दिया गया।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा कि ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है। कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए।



उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोई विवरण नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि डीपी मनु खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है। मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लेई लैन शी से होगा।

महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21 21-19 21-14 से हराया। मालविका को अब स्कॉटलैंड की तीसरी वरीय क्रिस्टी गिलमोर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इस भारतीय जोड़ी ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे की हसीह पेई शान और हंग एन त्जु को 16-21 21-11 21-19 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाइ मिली थी। उनका अगला मुकाबला रुई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी से होगा।

### नागल को विम्बलडन में मुश्किल ड्रॉ

लंदन। पहली बार विम्बलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में खेल रहे भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ मिला है, जिसमें पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। ओलंपिक जा रहे नागल 2018 में पुरुष एकल पहले दौर के क्वालीफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे। नागल ने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाई। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा।



## वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया

अटलांटा, एजेंसी

टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने से 10 खिलाड़ियों से खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार मिली, जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर किया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने पर रेड कार्ड देकर बाहर भेज दिया था।



गोल के लिए संघर्ष करते अमेरिका और पनामा के खिलाड़ी।

## उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी

डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। फ़ैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

## गुकेश-प्रज्ञाननंदा ने अपनी बाजियां ड्रॉ खेली

बुखारेस्ट (रोमानिया),एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानंनदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे।

अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। हॉलैंड के अनीश गिरी इस 350000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग के खिलाड़ी रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। डबल राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अब जब के सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब गुकेश और कारुआना 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त पर हैं। उनके बाद अलीरेजा, प्रज्ञाननंदा, गिरी, वेस्ली, वाचियर लाग्रेव और नेपोमनियाचची का नंबर आता है, जिनके एक-एक अंक हैं। डेक बोगदान डैनियल और अब्दुसत्तोरोव के आधा-आधा अंक हैं।



डी गुकेश



आर प्रज्ञाननंदा

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में बम की धमकी

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम–मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम की धमकी मिली जिसके बाद वहां तलाशी ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने की एक पर्ची मिली। उन्होंने बताया कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि विमान उतरने के बाद यात्रियों को खतरे के बारे में सूचित कर दिया गया और यात्रियों एवं उनके सामान की तलाशी ली गई, हालांकि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### काला सागर के ऊपर अमेरिकी ड्रोन उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी : रूस

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की गतिविधियां बढ़ गई हैं और वे यूक्रेन को आपूर्ति किए गए पश्चिमी हथियारों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए टोह ले रहे हैं। मंत्रालय ने कहा रूसी रक्षा मंत्रालय ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की बढ़ती संख्या पर कड़ी निगरानी रखी है, जो रूसी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए पश्चिमी राज्यों द्वारा यूक्रेन के सशस्त्र बलों को आपूर्ति किए गए उच्च–सटीक हथियारों के लिए टोही और लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। यह रूस–यूक्रेन संघर्ष में यूक्रेन के साथ अमेरिका और नाटो सदस्य देशों की बढ़ती भागीदारी को इंगित करता है।

### स्लोवाकिया में ट्रेन और बस की टक्कर में सात लोगों की मौत

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** दक्षिणी स्लोवाकिया में एक ट्रेन और एक बस के बीच टक्कर हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। स्लोवाकिया के परिवहन मंत्री जोजेफ राज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग से स्लोवाकिया होते हुए हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही इस यूरोसिटी ट्रेन में लगभग 200 लोग सवार थे। यह हादसा बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे के बाद नोवे जाम्की शहर के निकट एक 'क्रॉसिंग' पर हुआ। हादसे के बाद ट्रेन के इंजन में आग लग गई, जबकि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो भागों में टूट गई। सभी मृतक बस में सवार थे। मंत्री जोसेफ राज ने कहा कि हादसा होने से एक दिन पहले बुधवार को क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी, जिसके कारण रेलमार्ग को सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद करना पड़ा था। राज ने कहा कि जांच के प्रारंभिक परिणामों से पता चला है कि कोई तकनीकी या प्रणालीगत त्रुटि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, संभवतः यह व्यक्तिगत मानवीय भूल थी, जिसके कारण ट्रेन गलत ट्रैक पर आ गई।

### श्रीलंका: साइबर अपराध में 60 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल एक समूह के कम से कम 60 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन लोगों को गुरुवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाकों मडीवेला और बट्टारामुल्ला तथा पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) निहाल थलदुवा ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने इन इलाकों में एक साथ छापेमारी की और इस दौरान 135 मोबाइल फोन और 57 लैपटॉप जब्त किए। डेली मिरर लंका समाचार पत्र ने बताया कि यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर की गई जिसने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर संवाद करने के लिए उसे नकद राशि दिए जाने का वादा करके एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया था। उसने बताया कि जांच में ऐसी साजिश का पता चला जिसके जरिए पीड़ितों को शुरुआती भुगतान के बाद धनराशि जमा करने के लिए मजबूर किया जाता था। उसने बताया कि नेगोम्बो में एक आलीशान मकान पर छापेमारी के दौरान मिले महत्वपूर्ण सबूतों के आधार पर शुरुआत में 13 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और 57 फोन एवं कंप्यूटर जब्त किए गए।

## लेबनान ने उत्तरी इजरायल में किया मिसाइल हमला

**येरुशलम/बेरूत।** लेबनान ने उत्तरी इजरायल के शहर सफेद में 35 रॉकेट और मिसाइलों से हमला किया जिससे वहां बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ ही कई घरों और संपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी।

इजरायली सेना ने कहा, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के ऐरो डिफेंस सिस्टम ने कई हमलों को रोका और कई मिसाइलों को निरस्त कर दिया। देश की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के मुताबिक हमले में किसी के मरने या किसी के घायल होने की रिपोर्ट नहीं है। मेरोम हागैलिल क्षेत्रीय परिषद ने एक बयान में कहा कि एक प्रोजेक्टाइल से एक घर पर हमला किया गया। इस बीच फायर एंड रेस्क्यू अथॉरिटी ने बताया कि कई जगह आग लग गई और बिजली कटौती के कारण नागरिक लिफ्ट में फंस गए। इसी बीच लेबनान सेना समूह हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसकी सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर और पूर्वी लेबनान के समोर शहर पर इजरायल द्वारा किए गए।

## चंद्रमा के दूसरी ओर से नमूने लाया चीन का चांग ई-6

बीजिंग, एजेंसी



चीन का 'चांग ई-6' मिशन इस सप्ताह धरती पर वापस लौट आया और आपने साथ चंद्रमा के सतह की दूसरी ओर से करीब दो किलोग्राम नमूने अनुसंधान के साथ लाया है जिसके अध्ययन से पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह की उत्पत्ति को समझने में और मदद मिलेगी। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के मुताबिक शुरुआती तौल के मुताबिक चांग ई-6 अपने साथ चंद्रमा से 1,935.3 ग्राम नमूने लेकर लौटा है। सीएनएसए के चंद्र अन्वेषण एवं अंतरिक्ष इंजीनियरिंग केंद्र के उप निदेशक जी पिंग ने कहा, हमने पाया है कि चांग ई-6 द्वारा लाए गए नमूने पिछले नमूनों की तुलना में अधिक चिपचिपे थे, तथा उनमें गांठें भी थीं। ये अवलोकनीय विशेषताएं हैं। पिंग चांग ई-6 मिशन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद अनुसंधानकर्ता योजना के अनुसार चंद्रमा के नमूनों का भंडारण और प्रसंस्करण करेंगे तथा वैज्ञानिक अनुसंधान कार्य आरंभ करेंगे। सीएनएसए ने बताया कि मानव इतिहास में पहली बार नमूने चंद्रमा के सुदूरवर्ती हिस्से से एकत्र किए गए हैं। यह उपलब्धि अद्वितीय वैज्ञानिक महत्व रखती है क्योंकि ये नमूने चंद्रमा की उत्पत्ति की समझ को और बढ़ाएंगे, चंद्रमा पर उपलब्ध संसाधनों के शांतिपूर्ण अन्वेषण और उपयोग की गति को तेज करेंगे, और समस्त मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति के रूप में काम करेंगे। सीएनएसए द्वारा जारी चंद्रमा नमूना प्रबंधन नियमों और चांग ई-5 मिशन द्वारा एकत्रित चंद्रमा के नमूनों के लिए आवेदनों से निपटने के अनुभव के आधार पर, चांग ई-6 नमूनों के लिए आवेदन घरेलू अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिकों के लिए लगभग छह महीने में जारी करने की उम्मीद है। पिंग ने अंतरराष्ट्रीय आवेदनों के बारे में कहा कि चीन सभी देशों के वैज्ञानिकों का प्रासंगिक प्रक्रियाओं के तहत आवेदन प्रस्तुत करने का स्वागत करता है। चांग ई-6 यान को तीन मई को कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रमा के नमूने लेकर इसका वापसी यान 25 जून को उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के सिजिवांग बैनर में अपने निर्दिष्ट क्षेत्र में उतरा जो मिशन के सफल होने का संकेत करता है।

## जेएएक्सए ने खराब मौसम के कारण किया स्थगित प्रक्षेपण


**टोक्यो।** खराब मौसम की आशंका के बीच जापान ने अपने नए एच-3 रॉकेट के माध्यम से सप्ताहांत में एक उपग्रह का प्रस्तावित प्रक्षेपण सोमवार तक स्थगित कर दिया है।

जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने कहा कि शनिवार रात को बारिश और बिजली कड़कने की संभावना के मद्देनर उपग्रह प्रक्षेपण स्थगित किया गया है, क्योंकि रॉकेट को उसी दिन दक्षिण-पश्चिम जापानी द्वीप स्थित तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र के प्रक्षेपण स्थल तक ले जाना था। पूर्व में प्रक्षेपण रविवार को निर्धारित किया गया था। इसका मुख्य कार्य प्रेक्षण के साथ आपदा प्रतिक्रिया, मानचित्र निर्माण के लिए विवरण संग्रह करने के साथ ही इंफ्रारेड सेंसर के साथ सैन्य गतिविधियों पर नजर रखना है।

# राष्ट्रपति पद की बहस में बाइडन और ट्रंप ने एक दूसरे को सबसे खराब राष्ट्रपति बताया

### अर्थव्यवस्था, सीमा, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुई चुनाव की पहली बहस

अटलांटा, एजेंसी



- 90 मिनट की लंबी बहस के में दोनों ने एक-दूसरे पर किए निजी हमले
- बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया
- बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया

राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया।

गुरुवार रात को बाइडन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किए। बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था।

तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं। न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडन ने उन्हें अपराधी कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडन को अपराधी कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, जब वह एक दोषी अपराधी के बारे में बात करते हैं, तो उनका बेटा (हंटर बाइडन) एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बहस के दौरान बाइडन ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्हें नहीं पता कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। बाइडन ने कहा, ट्रंप बिल्कुल भी पता नहीं है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने इतनी मूर्खता कभी नहीं सुनी। यह वह व्यक्ति हैं जो नाटो से बाहर निकलना चाहते हैं।

### अधिकतर लोगों ने ट्रंप को बताया विजयी : सीएनएन

**अटलांटा।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुई पहली बहस (डीबेट) देखने वाले ज्यादातर लोगों की नजर में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के मुकाबले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रदर्शन बेहतर रहा। एसएसआरएस द्वारा आयोजित सीएनएन फ्लैश सर्वेक्षण के अनुसार, बहस देखने वाले पंजीकृत लोगों में से 67 प्रतिशत से 33 प्रतिशत ने कहा कि ट्रंप ने बेहतर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति पद की तीन बहसों में से पहली बहस अटलांटा में हुई, जिसकी मेजबानी सीएनएन ने की। बहस से पहले उन्हीं मतदाताओं (55 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाइडन के मुकाबले ट्रंप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### ट्रंप प्रशासन में सेवा देने में सम्मानित महसूस करूंगा

**अटलांटा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कभी प्रतिद्वंद्वी रहे भारतीय मूल के अमेरिकी उद्योगपति विवेक रामास्वामी ने कहा है कि वैसे तो उनसे कहा नहीं गया है लेकिन वह ट्रंप प्रशासन में दूसरे नंबर (उपराष्ट्रपति पद) पर रहकर अपनी सेवा देने में 'सम्मानित' महसूस करेंगे। आयोवा कॉकस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रामास्वामी (38) 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी की दौड़ से जनवरी में अलग हो गये थे। वहां ट्रंप के नाम पर मुहर लगी थी। पहले कुछ अमेरिकी मीडिया ने खबर दी थी कि रामास्वामी इस पद की उम्मीदवारी में आगे चलने वालों में शामिल हो सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति पद के लिए हाथ आजमाने की घोषणा करने से पहले वह अधिक चर्चित नहीं थे।

# अमेरिका की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण, वोटबैंक की सोच से प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रतता पर जारी रिपोर्ट में की गई आलोचना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और वोट बैंक की सोच से प्रेरित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में भारत के खिलाफ पूर्वाग्रहपूर्ण बयान को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को शामिल किया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, घृणा भाषण और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों और पूजा स्थलों को ध्वस्त करने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। जायसवाल ने कहा अतीत की तरह, यह रिपोर्ट भी अत्यधिक पक्षपातपूर्ण है, इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है तथा यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक की सोच और निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं।

यह प्रक्रिया अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलतबयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों को एकतरफा तरीके से पेश करने का मिश्रण है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा इसने पूर्वाग्रह आधारित विचार को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना है। कुछ मामलों में, रिपोर्ट में कानूनों और नियमों की वैधता पर ही सवाल उठाए गए हैं। जायसवाल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रिपोर्ट में भारतीय अदालतों द्वारा दिए गए कुछ फैसलों की ईमानदारी को भी चुनौती दी गई है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल।

### भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को एफएटीएफ ने स्वीकारा

**सिंगापुर।** वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने शुक्रवार को सिंगापुर में हुई अपनी पूर्ण बैठक के दौरान धन शोधन पर भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इसकी कार्रवाई की प्रशंसा की। अपने संक्षिप्त निष्कर्ष बयान में वैश्विक निकाय ने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में भारत अच्छे परिणाम प्राप्त कर रहा है। हालांकि, एफएटीएफ ने कहा कि भारत को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मुकदमों की सुनवाई पूरी करने में होने वाली देरी का समाधान करने की जरूरत है। इसने कहा कि गुणवत्ता एवं निरंतरता समीक्षा पूरी होने के बाद देश के संबंध में अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। पेरिस मुख्यालय वाला एफएटीएफ धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है। एफएटीएफ दिशानिर्देशों के अंतर्गत भारत का पारस्परिक मूल्यांकन पिछली बार 2010 में किया गया था। इस मूल्यांकन का मकसद किसी देश की वित्तीय अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कानून और नीति बनाने तथा उन्हें लागू करने की क्षमता की पड़ताल करना है। भारत के मामले में एफएटीएफ की समीक्षा इस वर्ष की शुरुआत में समाप्त हो गई थी, जब टीम ने नई दिल्ली का दौरा किया था तथा विभिन्न खुफिया और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

# टीटीपी पनाहगाहों को जल्द बनाएंगे निशाना : रक्षामंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि हाल में सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान के तहत अफगानिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन टीटीपी की पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

उन्होंने इसी के साथ प्रतिबंधित संगठन से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया क्योंकि इसके लिए कोई 'सामान आधार' नहीं है। सरकार ने पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन अज्म-ए-इश्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते खतरे से निपटना है। टीटीपी के आतंकवादियों को अफगान तालिबान द्वारा अपनी जमीन का इस्तेमाल करने के लिए कथित तौर पर दी गई मौन सहमति की वजह से पाकिस्तान पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक आसिफ ने वॉइस ऑफ अमेरिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में स्थित टीटीपी की पनाहगाहों को निशाना बनाया जा सकता है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान आतंकवाद का 'निर्यात' पाकिस्तान में कर रहा है एवं 'निर्यातकों' को वहां शरण दी जा रही है।

## अदालत ने अवमानना मामले में दो सांसदों की माफी स्वीकार की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका की आलोचना करके अवमानना मामले का सामना करने वाले दो सांसदों की माफी शुक्रवार को स्वीकार कर ली।

प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने निर्दलीय सीनेटर फैसल वावदा और कौमी मुत्तहिदा मूवमेंट के नेशनल असेंबली सदस्य मुस्तफा कमाल के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि वावदा ने 26 जून को इस मामले में अदालत में माफीनामा दाखिल किया था। कमाल के वकील बैरिस्टर फरोग नसीम ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल ने भी एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान माफी मांगते हुए खेद जताया था।

# चीन की धमकी के बाद ताइवान ने यात्रा से बचने का किया आग्रह

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है।

मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है। सरकार यात्राओं पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है, लेकिन जो लोग यात्रा करते हैं, उन्हें राजनीतिक राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए या किताबें नहीं ले जानी चाहिए या ऐसे विषयों पर ऑनलाइन पोस्ट नहीं करना चाहिए जिसको आधार बनाकर सत्तावादी कम्युनिस्ट पार्टी उन्हें हिरासत में ले या मुकदमा चलाए।

# रिफॉर्म यूके के पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुनक को पाकी कहकर किया संबोधित

लंदन, एजेंसी

- प्रधानमंत्री सुनक ने कहा- रिफॉर्म यूके के नेता निगेल फराज पुतिन के हाथ की कठपुतली



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने खिलाफ की गई नस्लीय टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह आहत और आक्रोशित हैं। आम चुनाव प्रचार अभियान के दौरान सुनक ने कहा कि उनकी दो बेटियों, कृष्णा और अनुष्का को रिफॉर्म यूके के उन कार्यकर्ताओं को देखना और सुनना पड़ा, जिन्होंने पार्टी नेता निगेल फराज के लिए प्रचार के दौरान मुझे एक पाकी कहकर संबोधित किया।

सुनक ने कहा जब आप रिफॉर्म पार्टी के उम्मीदवारों और प्रचारकों को देखते हैं, जो बिना किसी चुनौती के नस्लवादी और स्त्रीद्वेषी भाषा और विचारों का उपयोग करते हुए दिखते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपको रिफॉर्म पार्टी के भीतर की संस्कृति के बारे में कुछ दर्शाता है। सुनक ने द टेलीग्राफ से कहा रिफॉर्म यूके के नेताओं ने जो कुछ कहा वह गलत था, यह पूरी तरह से गलत था। वह पुतिन के हाथ की कठपुतली हैं।

वह उस वक्त यह टिप्पणी कर रहे थे जब धुर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके के एक प्रचारक को दक्षिण एशियाई विरासत के लोगों के प्रति नस्लवादी टिप्पणी का इस्तेमाल करते हुए फिल्माया गया था, जिससे पार्टी के नेता और आम चुनाव के उम्मीदवार निगेल फराज को इस कृत्य को भयावह बताते हुए निंदा करनी पड़ी। मौजूदा कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करने की मंशा से रिफॉर्म यूके 4 जुलाई के चुनाव में आव्रजन विरोधी रुख के साथ सैकड़ों उम्मीदवारों को मैदान में उतार रहा है। रिफॉर्म यूके आम चुनाव में काफी पीछे है।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड 190 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। ओपनिंग डे पर ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉड्र्स तोड़ डाले हैं। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, एसएस राजामौली और दुलकर सलमान, मृणाल ठाकुर और राम गोपाल वर्मा कैमियों में नजर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, नॉन हॉलीडे, मिड वीक रिलीज और इंडिया वर्सेज इंग्लैंड का टी–20 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल मैच होने के बावजूद, कल्कि 2898एडी ने फैंटास्टिक शुरूआत करते हुए 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, और जाहिर है, दक्षिण – #कल्कि2898एडी की लहर पूरे देश में छाई हुई है... सबसे अच्छी बात यह है कि फिल्म ने टायर–2 और टायर–3 केंद्रों पर बेहतरीन परफॉर्म किया है और यदि यह ट्रेंड जारी रहा, तो बड़े पैमाने पर कमाई से #कल्कि2898एडीको लंबे समय में एक मजबूत कलेक्शन हासिल करने में मदद मिलेगी। कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड ग्रास 190 करोड़ की कमाई कर ली है।



### 12 जुलाई से स्ट्रीम होगी सीरीज शोटाइम

**मुंबई।** सीरीज शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। सीरीज शोटाइम के निर्माता धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, रचनाकार एवं लेखक सुमित रॉय हैं। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशन किया है।डिज्नी हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट ने शोटाइम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज कर दिया है। शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से सिर्फ डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। इस सीरीज में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ–साथ मौनी रॉय, राजीव खण्डेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव और विजय राज की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। स्क्रीनप्ले सुमित रॉय, मिथुन गंगोपाध्याय और लारा चांदनी ने लिखा है, जबकि संवाद जेहान हांडा और करण श्रीकांत शर्मा ने लिखे हैं।

**तो होगा खतरा** एक 840 फीट व दूसरा 2 .3 किमी बढ़ा आकार, 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा

# इस सप्ताह धरती के करीब से गुजरेंगे दो बड़े क्षुद्रग्रह

अमृत विचार, नैनीताल

इस सप्ताह धरती के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने वाले दो क्षुद्रग्रह इस सप्ताह पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने जा रहे हैं। जिनमें एक 840 फीट व दूसरा 2.3 किमी आकार है। ये दोनों इतने विशाल हैं कि अगर पृथ्वी से टकरा जाय तो भयानक नुकसान पहुचा सकते हैं। यह दोनों इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटी दूरबीनों से देखा जा सकता है।

एक क्षुद्रग्रह का नाम 2011यूएल है। पिछले 21 सालों में दूरबीनों से दिखाई देने वाले सबसे बड़े पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों में से एक है, जो 2.3 किमी चौड़ा है। इसे पृथ्वी के निकट ज्ञात सभी 99 क्षुद्रग्रहो में बड़ा माना जा रहा है। ये 27 जून को पृथ्वी की सतह से 6,634,279 किमी दूर था। यह पृथ्वी से सुरक्षित दूरी के साथ आगे निकल जाएगा।

दूसरा क्षुद्रग्रह इसी वर्ष खोजा गया है। जिसका नाम 2024 एमके है। इसका आकार 840 है। दोनों क्षुद्रग्रह चट्टानी हैं। आधी रात के बाद इन्हें देख पाना आसान होगा। क्षुद्रग्रह 2011 यू एल 21 की खोज 2011 में हुई थी। निस्कि खोज अक्टूबर 2011 में टक्सन, एरिज़ोना में कैटालिना स्काई सर्वे की गई थी। यह 65 वर्ष बाद व 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा। तब इसकी दूरी आज की तुलना में बहुत कम रह जाएगी। यह क्षुद्रग्रह 25.9 किमी प्रति सेकंड की अद्भुत गति से अपने पथ में आगे जा रहा है। इसे 6 से 8 इंच की दूरबीन से देखा जा सकता है। बहरहाल दोनों क्षुद्रग्रहों पर खगोल वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं।



पृथ्वी व क्षुद्रग्रहों की तस्वीर।

### नासा का रडार करेगा निगरानी नैनीताल

कैलिफ़ोर्निया नासा का गोल्ड स्टोन रडार से 3 जुलाई तक इन दोनों क्षुद्रग्रहों की निगरानी करेगा। क्षुद्रग्रह 2011यू एल 21 बेहद खतरनाक हो सकता है, जिसके भविष्य में पृथ्वी से टकराने की आशंका से इंकार नही किया जा सकता है। जिस कारण नासा रडार द्वारा इनके पाथ की सटीक गणना कर भविष्य में इसके ऑर्बिट की सही जानकारी दे सकेगा। पृथ्वी के करीब से गुजरने वाले क्षुद्रग्रह हमारे बेहद खतरनाक दुश्मन समझे जाते हैं। जिस कारण इन पर पैनी नजर रखी जाती है।